प्राक्कथन

संस्थान का वर्ष 2004-05 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हुए मुझे बडी खुशी होती है । वर्ष 2004-05 के दौरान अनेक वैज्ञानिक, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतविधियों एवं घटनाओं से भरा रहा । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं महासागरी विकास, भारत सरकार के माननीय मंत्री, श्री कपिल सिब्बल एवं संसदीय राजभाषा समिति की भेंट, संस्थान के दो वैज्ञानिकों को वि.मौ.सं के नॉर्बट-ग्रबियर मॅम अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार, तीन वैज्ञानिकों का अंटार्कटिका में 24 वें भारतीय अनुसंधान अभियान में सहभाग, दक्षिण एशिया में जलवायु परिवर्तन अध्ययन के लिए संस्थान को क्षेत्रीय जलवायु प्रतिमानीकरण प्रणाली अनुप्रयोग के लिए क्षेत्रीय समन्वयन केन्द्र के रूप में मान्यता, दक्षिण एवं मध्य एशिया जलवायु परिवर्तन प्रबोधन एवं सूचकांक वर्धन पर GCOS/WMO अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला एवं दक्षिण एशिया क्षेत्रीय वैज्ञानिकों के लिए क्षेत्रीय जलवायु प्रतिमानीकरण एवं सहसंबंधित क्षेत्र की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन, अम्ल वर्षा एवं वायुमंडलीय प्रदूषण के लिए ENVIS सूचना केन्द्र की स्थायी स्थापना यह इस वर्ष की महत्वपूर्ण घटनाएँ हैं ।

संस्थान ने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय एजन्सी एवं शासकीय विभागों से पर्याप्त मात्रा में नई प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाएँ स्वीकार की । नए अनुसंधान कार्यों के लिए अनुसंधान सदस्य, अनुसंधान सहायक, सलाहगार, एवं परियोजना कार्मिकों की भर्ती की गयी । राष्ट्र के भिन्न विश्वविद्यालयों में चलाए जाने वाले शैक्षणिक कार्यक्रम में संस्थान ने शैक्षणिक एवं अनुसंधान कार्य में सहायता प्रदान की । भिन्न विश्वविद्यालयों के वायुमंडलीय विज्ञान, अंतरीक्ष विज्ञान, पर्यावरणीय विज्ञान एवं भूगोल में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अंतर्गत अधिक संख्या में विद्यार्थीयों को अनुसंधान मार्गदर्शन, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ, अभिकलित्र एवं आवास की सुविधा उनके शैक्षिक एवं अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान की गयी ।

बैठकें, संगोष्ठी, कार्यशालाएँ, सम्मेलन एवं विशेष अनुसंधान सहयोग में राष्ट्र तथा अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों की अधिक संख्या में आदान प्रदान वर्ष के दौरान यह महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ रहीं । राष्ट्र तथा विदेश के कई स्थानों में भिन्न पर्यावरणीय स्थितियों में संस्थान ने उनके राष्ट्रीय /अन्तर्राष्ट्रीय समन्वयन अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रेक्षण कार्यक्रम किए एवं उपयुक्त डाटा संचित किया ।

नए उपकरण / अभिकलित्र प्रणाली के संयोजन एवं मौजूद प्रणाली की वृद्धि करके संस्थान ने संरचना में सुधार किया । आवश्यक प्रतिपूर्ती एवं सुधार से संस्थान के संपूर्ण परिसर ने नया रूप एवं पर्यावरणीय संवर्धन पाया ।

संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट में अनुसंधान प्रकाशनों की सूची एवं संस्थान की विविध क्रियाकलापों के साथ अनुसंधान परिणाम का संक्षिप्त विवरण दिया है ।

मैं, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार और शासी परिषद एवं संस्थान की वित्त समिती को उनके लगातार आधार और प्रोत्साहन के लिये इस शुभ अवसर पर आभार प्रकट करता हूँ । संस्थान के सभी वैज्ञानिक एवं आधार प्रस्तुत करनेवाले सभी कर्मचारीगण को भी उनके सहयोग एवं उनके कार्य के प्रति धन्यवाद देता हूँ ।

गोविन्दबल्लभ पन्त

गो. ब. पन्त
निदेशक

विशिष्टताएँ

अनुसंधान

- जलवायु परिवर्तन की अन्तर-सरकारी खण्ड की 4 थी मुल्यांकन रिपोर्ट में 20 वी सदी के दौरान ग्रीष्म मान्सून वर्षण के परिणाम युग्मत जलवायु मॉडल अनुकरण द्वारा मूल्यांकन किया । इस मॉडल्स ने निष्कासित किया कि मानसून वर्षण के स्थूल लक्षणों को दूसरे जलवायु मॉडेल से अच्छे अनुकरण पाये गये ।
- युनायटेड नेशन्स फ्रेम वर्क कन्व्हेंशन ऑन क्लायमेट चेंज (UNFCC) को भारत के प्रथम राष्ट्रीय संचारन जो जलवायु परिवर्तन दृश्यता के आयोजन के लिये संस्थान ने प्रदान की ।
- दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए हॅडली सेंटर रिजनल क्लायमेट मॉडेल PRECIS(Providing REgional Climates for Impacts Studies) के नवीन रूपान्तरण द्वारा कई प्रयोग अनुकरण में लाए गये । क्षेत्रीय जलवायु के आधारित क्षेत्र को उत्पत्ती के लिए (1961-1990) तथा भविष्य काल (2071-2100) जो दो भिन्न सामाजिक-आर्थिक दृश्यों के लिये तैयार किए ।
- वर्ष 2004 के मानसून ऋतु के लिए दो वायुमंडलीय सामान्य परिसंचारण मॉडल्स (AGCMs) का उपयोग करके मानसून ऋतुनीय अनुमान प्रयोग को कार्यान्वयन किया । इसके लिए दो AGCMs (i) COLA T30L18 (ii) युके का पोर्टेबल युनीफाईड मोड (PUM) Ver. 4.5 GCM UKMO का उपयोग किया । भारतीय क्षेत्र पर वर्ष 2004 में त्रुटीपूर्ण मानसून वर्षण (-16% सामान्य से प्रस्थान) COLA अनुकरण के परिणामों ने दिखाये । PUM अनुकरण ने भी भारतीय क्षेत्र पर वर्ष 2004 में मानसून वर्षण में ऱ्हास (-3.0% सामान्य से प्रस्थान) दिखाए ।
- सतह एवं उपसतह परिसंचरण और उष्णकटिबंधीय हिन्द महासागर के तापमान का अनुकरण त्रिमितिय समन्वय मुक्त सतह, पूर्वग समीकरण प्रिन्सटन महासागर मॉडल (POM) के साथ स्तंभीय विघटन 1 x 1 डिग्री एवं 21 सतहों से नीतल महासागर (जिसमें 10 सतहों जो सतह से उष्मीय सतह तक) के लिए उपयोग किया ।

उपाधि और सम्मान

- डा. जी. बी. पन्त को शासकीय तकनीकी महाविद्यालय की 1ली बोर्ड ऑफ गर्वन्स की नामित सदस्यता प्रदान की (पुणे इनस्टिट्यूट ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टॅक्नोलाजी) पुणे ।
- आयपीसीसी (IPCC) के कार्यकारी समूह-I की 4थी मूल्यांकन रिपोर्ट के लिए डा. रूपकुमार को मुख्य लेखक के लिए नामित किया ।
- आयपीसीसी (IPCC) के कार्यकारी समूह-I के अध्याय 10 : ग्लोबल क्लायमेट प्रोजेक्शन के लिये पुनर्वलोकन संपादक के लिये डा. जी. बी. पन्त का चुनाव किया ।
- दिसम्बर 2003 के ' रिव्युस ऑफ जियोफिजिक्स' में प्रकाशित लेख 'रिव्यु ऑफ मेसोसिफॅयरिक् टॅम्प्रेचर ट्रेन्ड' के लिए डा. जी बेग एवं श्रीमती एस. एस. फड़णवीस सहित सत्रह लेखकों को वर्ष 2005 के नॉर्बट-ग्रबियर मॅम इन्टरनेशनल अॅवार्ड के लिए चुने गए। यह सम्मान विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा प्रदान किया जाता है।
- कुमारी रोहणी भवर, भा उ दे मौ वि सं की रिसर्च फैलो को उनके 'ग्राउण्ड बेस रेडियोमेट्रीक मेजरमेन्टस ऑफ ऐरोसोल्स एण्ड प्रीकर्सर गैसॅस ओवर पुणे एण्ड देयॅर कम्पेरिजॅन वीथ टॉम्स (TOMS) एण्ड मॉडीस (MODIS) सेटॅलाईटस डाटा' को ईएस्टा की बैठक जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपूर द्वारा आयोजित 15-17 नवम्बर 2004 की 'इन्टरनेशनल कॉन्फरन्स ऑन ऐरोसोल्स, क्लॉयडस ओवर इन्डियन मानसून' में उनको प्रज्ञापक प्रस्तुतीकरण के लिए ' बेस्ट पेपर अॅवार्ड' दिया गया।
- फोर्टलिझा, सिरा, ब्राझील में 30 अगस्त - 3 सितम्बर 2004 के दौरान 13वी ब्राझिलियन कॉंग्रेस ऑफ मिट्रिओलॉजी में ग्रिम ए. एम., **सहाय ए. के** एवं रोपलव्हिस्की सी. एफ. के पेपर 'लॉंग टर्म व्हेरिएशनस इन द् परफॉर्मन्स ऑफ क्लायमेट मॉडल्स' के लिए बेस्ट पेपर से सम्मानित किया गया ।

- श्री बी. सी. मोरवाल को उनके लेख 'सूचना संचार और सूची की प्रगति' को द्वितीय पुरस्कार, 6-8 अक्तूबर, 2004 में नैनिताल में आयोजित राजभाषा प्रबंधन नीति कार्यान्वयन, कार्यशाला संचालन सूचना प्रौद्योगिकी एवं कम्प्यूटरी करण संबंधी संगोष्ठी एवं हिन्दी कार्यशाला पर दिया गया।

- श्रीमती शांती पी अय्यर, श्री वाय. बेलगुड़े, तथा श्री एस. एम. जाधव को वर्ष 2003 के प्रशासनिक श्रेणी, तकनीकी एवं गैर-तकनीकी अनुरक्षण श्रेणी के लिए संस्थान में उत्कृष्ट महत्वपूर्ण कार्य के लिए दिया गया।

घटनाएँ

- भारत सरकार, नई दिल्ली, राज्य के विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं महासागर विकास के माननीय मंत्रीजी श्री कपिल सिब्बल ने संस्थान को 7 दिसम्बर, 2005 भेंट दी।

- संसदीय राजभाषा समिती की दुसरी उप-समिती जो पाँच सदस्यों की थी उन्होनें संस्थान में 8 जनवरी, 2005 को भेंट दी।

- संस्थान में 43 वा संस्थापन दिन 17 नवम्बर, 2004 को मनाया गया ।

- अर्न्टाटिका पर 6 दिसम्बर, 2004 से 27 मार्च, 2005 तक के लिए 24 वी भारतीय अनुसंधान अभियान में तीन वैज्ञानिकों ने सहभाग लिया। यात्रा दौरान वायुविलयों, वायुमंडलीय तड़ीत्, और कुछ प्राचालों एवं लेश वायुओं का मापन भी किया।

- संस्थान में 24 - 28 जनवरी 2005 दौरान दक्षिण एशिया क्षेत्रीय वैज्ञानिकों के हित के लिए क्षेत्रीय जलवायु मॉडलिंग एवं उससे संबंधीत विषय में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया ।

- संस्थान में 14 - 19 फरवरी 2005 में विश्व मौसम विज्ञान संगठन / विश्व जलवायु निरक्षण प्रणाली (GCOS/WMO) द्वारा दक्षिण एवं मध्य एशिया जलवायु परिवर्तन प्रबोधक और निर्देशिका के बढ़ावा का अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला का संयोजन किया।

- अध्यक्ष डा. जी. बी. पन्त, निदेशक के अधिन पवनचक्कीयों का वर्षण पर प्रभाव के अध्ययन के लिए 1 ली विशेषज्ञ समिती की बैठक संस्थान में 3 -4 जून 2004 को हुई।

- अध्यक्ष डा. पी. सी. पाण्डे के अधिन संस्थान की 1 ली अनुसंधान सलाहकारी समिती की बैठक संस्थान में 9 -10 जून 2004 को हुई।

- आयआयटीएम (IITM) के अनुसंधान सदस्य/ सहचारी/ परियोजना कार्मिक इत्यादि के लिए कम्प्युटेशनल प्रणालीयों पर संस्थान में 14 अक्तूबर - 4 नवम्बर 2004 को लघु अवधि प्रशिक्षण पाठयक्रम आयोजन किया।

- पहला प्रो. आर. अनन्तकृष्णन स्मरणीय परिचर्चा संस्थान में 18 - 19 जनवरी 2005 को वायुमंडलीय विज्ञान, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण अध्ययन पर आयोजित किया गया।

- भारतीय मौसमविज्ञानीय संस्था (पुणे विभाग) द्वारा वार्षिक मानसून कार्यशाला - 2004 का संयुक्त रूप से भारत मौसम विज्ञान विभाग के साथ 4 मार्च 2004 को किया गया।

- 1 ला डब्ल्यूपी/आरएएसएस (WP/RASS) मौसम विज्ञान एवं वायुमंडलीय विज्ञान पर प्रशिक्षण/कार्यशाला का 7-11 मार्च 2004 तक संस्थान मे संयोजन किया।

सहयोगी परियोजनाएँ

- यू. के. के हॅडली सेन्टर फॉर क्लॉइमेट प्रीडीक्शन एण्ड रिसर्च के भाग पर आधारीत संस्थान को दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय जलवायु मॉडलीन्ग प्रणाली के लिए जलवायु परिवर्तन अध्ययनों के हेतु क्षेत्रीय समन्वयन केन्द्र के रूप में स्थापित किया गया।

- दो इन्डो-यूके परियोजना अंतर्गत भारत के लिए उच्च-विभेदन जलवायु परिवर्तन दृश्यपटल, एवं भारत में जल आपूर्ति जलवायु परिवर्तन पर संघात, भारतीय ग्रीष्म मानसून का मानवोद्भवी जलवायु परिवर्तन पर संवेदनशीलता इन्डो फ्रेन्च परियोजना के अंतर्गत सफलपूर्वक पूर्ण हुई ।

- संस्थान एवं भारतीय मौसम विभाग सहयोजना अनुसंधान भाग के अंतर्गत उत्तरपूर्व मानसून एवं उत्तरपश्चिम भारतीय शीतकाल अवक्षेपण ऋतुवीय पुर्वानुमान की युक्तियोंका विकास का प्रयास किया गया ।
- राष्ट्रीय उष्मा उर्जा कार्पोरेशन (NTPC) द्वारा प्रायोजित उत्तरांचल राज्य के धौलिगंगा एवं भागीरथी जलग्रहण में तुफान आकृति अध्ययन के दो परियोजना सफलतापूर्वक पूर्ण हुई ।
- अंटार्टिका एवं महासागर अनुसंधान केन्द्र (NCAOR), गोवा में आयआयटीएम (IITM) की वायुमंडलीय परिसीमा परत क्षेत्र प्रयोगशाला का नूतनीकरण करके एनसीएओआर (NCAOR) के निदेशक डा. पी. सी. पाण्डे, के हाथों 10 सितम्बर, 2004 को उद्घाटन किया।
- संस्थान ने वर्ष 2003 में किए गए मेघ बिजीकरण (Cloud Seeding) के लिए आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को सहायता प्रदान की। आंध्र प्रदेश में 19 सितम्बर - 17 नवम्बर, 2003 में कुछ चुने स्थानों में किए गए मेघ बिजीकरण (Cloud Seeding) एक रिपोर्ट आंध्र प्रदेश सरकार को प्रदान की गई।

भू प्रेक्षण कार्यक्रम

- आयआयटीएम (IITM) एवं ट्री-रिन्ग लॅबोरटरी, लॅम्हन्ट डाहरटी अर्थ ऑब्जरवेटरी, कॉल्मबीया विश्वविद्यालय, यू.एस.ए. के साथ संयुक्त रूप से दक्षिण-एशिया वृक्षवलयविज्ञान अध्ययन के लिए संस्थान ने उत्तराचंल तथा छतीसगड़ में 24 सितम्बर - 15अक्तूबर, 2004 एवं 28 अक्तूबर - 9 नवम्बर, 2004 के दौरान वृक्ष वलय नमूनों को एकत्रित करनेका भू अभियान किया गया।
- आयआयटीएम, नई दिल्ली एवं दयाल बाग शैक्षिक संस्थान (DEI), आग्रा में वायुवलयों के भौतिकी, रसायन तथा विकिरणीय लक्षणों का व्यापक रूप से निरीक्षण किया गया। यह आयएसआरओ-जीबीपी/आयबीएस (ISRO-GBP/IRBS) के अर्न्तगत राष्ट्रीय व्यापक भू अभियान कार्यक्रम 1 दिसम्बर - 31 दिसम्बर, 2004 दौरान किया ।
- आयआयटीएम-एसएसी (IITM-SAC) सहयोगी परियोजना के अर्न्तगत सुदूर संवेदन डाटा से वायुविलय लक्षणों का मानचित्रीत करने के लिए विशेष भू अभियान पुणे-दौण्ड-पुणे में अप्रैल एवं मई 2004 को कार्यान्वित किया। साथ ही पुणे से दूर 60 किमी सुदूर स्थानों पर जनवरी -मार्च 2005 पर आयआरएस-पी 4/पी 6(IRS-P4/P6) उपग्रह के साथ लयबद्ध किया गया ।
- भीमा पाटस सहकारी शुगर फॅक्टरी लिमिटेड, पाटस, यशवंत सहकारी शुगर फॅक्टरी लिमिटेड, थेउर एवं संत तुकाराम सहकारी शुगर फॅक्टरी लिमिटेड, कासारासी में 24 जनवरी - 6 फरवरी, 2005 दौरान इन शुगर फॅक्टरीयों के समीप ओजोन सतह तथा पुरोगामी (NOx, CO, एवं NMHCS) के निरिक्षण के लिए व्यापक भू अभियान का संयोजन किया गया।
- 10 - 24 सितम्बर 2004 में संस्थान ने इंदिरा गांधी अणु अनुसंधान केन्द्र एवं भाभा अणु अनुसंधान केन्द्र के साथ संयुक्त रूप से अंटार्कटिक एवं महासागर अनुसंधान राष्ट्रीय केन्द्र, गोवा, पर तटीय वायुमंडलीय सीमा सतह पवन एवं उष्मीय संरचना के लिए संयुक्त रूप से भू अभियान किया।

पूर्वानुमान अनुसंधान



पूर्वानुमान अनुसंधान प्रभाग द्वारा समय समय पर और अंतराल पैमानों पर वर्षा की भविष्यवाणी और उष्णदेशीय मौसम को समझने के लिए अपने अनुसंधान कार्यक्रम तैयार किए गए हैं । उष्णदेशीय आँधियाँ, जैसे मेसो स्केल प्रणालियों की भविष्यवाणी करने और समझने की दिशा में भी अध्ययन कार्य हाथ में लिए गए हैं । प्रभाग द्वारा संचालित वर्तमान कार्यकलापों के बारे में जानकारी निम्नानुसार प्रस्तुत की जा रही है ।

- मेसो स्केल प्रणाली और मेसो स्केल प्रतिमान का अध्ययन
- ARMEX- 2002, ARMEX- 2003 तथा अन्य प्रायो नेमी डाटा का प्रयोग करते हुए वायु-समुन्दर अन्योन्य क्रिया-प्रक्रिया और प्लानेटरी बाऊन्ड्री परत अभिलक्षणों का अध्ययन ।
- दक्षिण और पूर्व एशिया में वर्षापात में भिन्नता का सुदूर संबंध मौसम पूर्वानुमान में सैटेलाईट डाटा की अनुप्रयुक्ति
- भारत में प्रति वर्ष और दस वर्षीय पैमाना-शुष्क काल वर्षा- भिन्नता और El Nino दक्षिणी दोलन, उत्तर एटलान्टिक दौ और भारतीय समुद्री डोयपोल / जोनल मोड़
- अन्तर ऋतवीय मैड्डन ज्यूलियन दोलन (MJO) और मानसून में खण्ड
- जलवायु प्रतिमान अनुकारों का मूल्यांकन
- लहर और लहर से अन्योन्य क्रिया के ऊर्जा विज्ञान का अध्ययन
- गौण ऊष्मा स्त्रोतों का अध्ययन

अंकीय मौसम पूर्वानुमान अनुसंधान तथा मेसो-स्केल प्रतिमानन

(एस.एस. वैद्य, ए. बंडोपाध्याय, जे. संजय, एस. महापात्रा, डी.के. त्रिवेदी, पी. मुखोपाध्याय)

नॉर्वेस्टर का प्रतिमान अनुकार

16 और 4 कि. मी. की निश्चित दूरी का द्वि-मार्ग अन्योन्य क्रियात्मक नेस्टेड ग्रिड के साथ क्षेत्रीय वायुमंडल प्रतिमानन प्रणाली (RAMS) का प्रयोग करते हुए वर्ष के मानसून पूर्व-मानसून अंतिम मौसम में 22 मई, 2003 के एक नॉर्वेस्टर का अध्ययन किया गया । इस आँधी के कारण बड़े पैमाने पर क्षति हुई और कोलकता में केवल 90 मिनिट की अवधि में 73 मि.मी. वर्षा होने की सूचना मिली । यह आँधी 1230 UTC (सायं. 6 बजे स्थानीय समय) कोलकता में आई थी । इसके ग्रिड्स को उत्तर में 22.6°, पूर्व में 88.4° तक केंद्रस्थ किया गया, जहाँ कोलकता की अलीपूर वेधशाला स्थित है । उत्तर दक्षिण दिशा में 17.78° -27.28° और पूर्व पश्चिम में 83.4° -93.42° पूर्व तक का 16 कि.मी. क्षेत्र व्याप्त है। उत्तर दक्षिण दिशा में 21.57° -23-59° उत्तर में और पूर्व पश्चिम में 87.29°, 89.49° पूर्व में 4 कि.मी. नेस्टेड क्षेत्र व्याप्त है। दोनों क्षेत्रों में अनुवर्ती स्तरों के ऊर्ध्वाधर भूभागों की संख्या 36 है । प्रतिमान कार्यक्षेत्र की चोटी की ऊँचाई 25 कि.मी.थी । दो प्रयोग संचालित किए गए जिसमें प्रयोग - 1 के अधीन प्रति 6 घटों के विश्लेषण और प्रयोग - 2 के अधीन 3 केंद्रों के रेडियो सोन्डे डाटा का समामिलन शामिल है । अर्थात एक ही समय में NCEP के ग्रिडेड विश्लेषण सहित 0,000 UTC पर राँची, पटना और कोलकता । आरंभ में RAMS को 6 घंटों के लिए नजिंग (nudging) अवस्था और तत्पश्चात 22 मई, 2003 के 1800 UTC को समाप्त होने वाले 12 घंटों के लिए पूर्वानुमान अवस्था में संचालित किया गया । नॉर्वेस्टर के कालवाचक और स्थानिक उत्क्रमण की भविष्यवाणी में प्रयोग -2 की जानकारी से महत्वपूर्ण प्रगति देखी गई। आकृति - 1 में प्रयोग -2 द्वारा 16 कि.मी. क्षेत्र में 850 hPa पर कुल बादलों का जमघट (gm/kg) भविष्यवाणी ज्ञात हुई । इसकी तुलना बादल तरल जल द्रव्य (आकृति-2) के साथ की गई जिसका कोलकता



आकृति 1 :प्रयोग 2 के दौरान 16 कि.मी. क्षेत्र में 850 hPa पर कुल बादल संकेंद्रण का RAMS प्रति घंटा अनुमान



आकृति 2 : बादल तरल जल का डॉपलर रडार द्वारा अनुमान

स्थित डॉप्लर रडार द्वारा अनुमान लगाया गया था । चित्र 1 से ज्ञात होता है कि 6 घंटे के पूर्वानुमान (1200 UTC) से प्रणाली के निर्माण का प्रतिमान द्वारा पूर्वानुमान ज्ञात हुआ जो अनुवर्ती 7 और 8 घंटों में मज़बूत हुआ देखा गया । अनुकारित प्रणाली में आगे 9 घंटों का पूर्वानुमान अवक्षेपण अवस्था में पाया गया । कोलकता में डॉपलर रडार द्वारा संबंधित घंटों में किए गए निरीक्षण के साथ यह अनुकार बहुत हद तक मेल खाता है । चित्र 3a दर्शाता है कि प्रयोग 1 द्वारा 12 घंटे संचयित अनुमानित वर्षा (मि.मी.) है ।, चित्र 3b दर्शाता है कि प्रयोग 2 द्वारा आकृति 3c जलवायु पूर्वानुमान केंद्र (सी.पी.सी.) NOAA, USA प्रतिदिन वर्षापात का अनुमान (मि.मी.) और चित्र 3d में डॉपलर रडार 12 घंटा संचयित वर्षा (मि. मी.) अनुमान दर्शाया गया है । नॉर्वेल्टर और उससे जुड़ा वर्षापात के कालवाचक और स्थानिक विकास के आकलन में महत्वपूर्ण सुधार प्रयोग 2 में दर्शाया गया है । तथापि पूर्वानुमान उत्सर्जन की मात्रा निरीक्षण किए गए उत्सर्जन से कम थी जिसका कारण है अनुकार हेतु प्रयोग में लाया गया सापेक्षी महीन निर्गत - इनपुट ।



आकृति 3 : 12 घंटों का अवक्षेपण पुर्वानुमान का संचयन a) प्रयोग - 1 b) प्रयोग - 2 , एवं c) सीपीसी द्वारा दैनिक अवक्षेपण आकलन d) बारा घंटों का डॉप्लर रडार वर्षा का अंदाज आकलन

पश्चिम बंगाल की गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में गरजते बादलों की वर्तमान प्रवृत्तियाँ :

कोलकता में गरजने वाले बादल कब-कब आते हैं, इसकी जाँच करने के लिए 23 वर्ष (1980-2003) की अवधि मान कर मार्च, अप्रैल और मई महीनों में 0300 और 1200 UTC अध्ययन किया गया । तूफ़ानी बादलों को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया । जैसे (a) स्थानीय (b) दूर-दूर तक फैला (c) भारी अवक्षेपण से संबंधी (d) कम अवक्षेपण संबंधी और (e) अवक्षेपण- शून्य । इस अध्यन के बाद 0300 और 1200 UTC रिपोर्टों को ध्यान में लेकर तूफ़ानी बादलों की घटनाओं में न्यूनतम बढोत्तरी ज्ञात हुई। तथापि 0300 UTC में भारी बदलाव नज़र नहीं आया परंतु 1200 UTC में गरजते बादलों की घटनाओं में बढोत्तरी देखी गई। 0300 UTC में गरजते बादल बहुत दूर-दूर तक फैले थे, और 1200 UTC के ऐसे बादल अधिकांश स्थानीय प्रकृति के थे। 1980-2003 की अवधि में कोलकता के आसमान में गरजते बादलों की कुल 252 घटनाऐं दर्ज हुए जिनमें से केवल 25% (0300 पर 7% और 1200 UTC पर 18%) मूसलाधार वर्षा के साथ जुड़ी, कम या हलकी वर्षा में 51%, 24% बिना किसी वर्षा का प्रतिमान अनुकार पर।

माडेल अनुकरण पर प्राचलीकरण योजनाओं की संवेदनशीलता

पश्चिम बंगाल के गंगा तटवर्ती क्षेत्रों में 18-20 सितंबर, 2000 की अवधि में एक कम दबाव क्षेत्र से जुड़े भारी अवक्षेपण के अनुकारन पर दो प्लानेटरी बाऊन्ड्री स्तर (पी.बी.एल.) प्राचलीकरण योजनाओं का प्रभाव जानने हेतु प्रयोग संचालित किए जिसमें 26-30 अक्तूबर, 1999 की अवधि में उड़ीसा का तीव्र चक्रवाती तूफ़ान भी शामिल है । दो चुनिंदा मामलों से संबंधी भारी अवक्षेपण के अनुकारन हेतु पंचम पीढ़ी पेन्सील्वानिया स्टेट युनिवर्सिटी / नेशनल सेंटर फॉर एटमोस्फोरिक मैसोस्केल मॉडल (MMS) का प्रयोग किया गया था । क्रमशः कम दबाव क्षेत्र के लिए और तीव्र चक्रवाती क्षेत्र के लिए 26 अक्तूबर, 1999 का 0000 UTC और 18 सितंबर, 2000 का 0000 UTC के आँकड़ों के साथ यह प्रतिमान प्रयोग में लाने की शुरूवात हुई । प्लानेटरी बाऊन्ड्री परत (पी. बी. एल) योजनाएँ जो प्रयोग में लाई गई, उनके नाम है (i) ऐन सी.ई.पी. मध्यम दूरी पूर्वानुमान प्रतिमान (MRF योजना) में प्रयोग में लाए वेल मिक्सड् बाऊन्ड्री लेयर में भँवर विस्तारण प्रवृत्ति प्रोफाइल और काउंटर ग्रेडिएन्ट ट्रान्सपोर्ट के Troen - Mahrt प्रदर्शन पर आधारित अ-स्थानीय योजना और (ii) विक्षोभ गतिक ऊर्जा (TKE) सूत्रिकरण (BT योजना) पर आधारित स्थानीय योजना ।

पश्चिम बंगाल के गंगा तटवर्ती क्षेत्रों में कम दबाव क्षेत्र के मामले में एकत्रित अवधि वर्षापात के प्रथम 24 घंटों की अवधि में एम.आर.एफ. योजना द्वारा अनुमानित मात्रा बी.टी. योजना की तुलना में 6-8 सें.मी. अधिक थी । एम.आर.एफ. योजना के साथ भारी अवक्षेपण की मात्रा स्थान की जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग की रिपोर्ट से मेल खाती है ।

मॉडल समकालित एम.आर.एफ योजना के अगले 24 घंटों में उपलब्ध कराया गया वर्षापात बी.टी. योजना के साथ तुलना में निरीक्षण किए गए वर्षापात के क़रीब है । 1999 में उडीसा में तीव्र चक्रवात के मामले में निष्कर्ष यह सूचित करते हैं कि, एम.आर.एफ. योजना द्वारा उपलब्ध अनुमान बी.टी. योजना की तुलना में अधिक गहन प्रणाली है । भूस्खलन के समय एम.आर.एफ योजना तीव्रता में कमी दर्शाती है जो किए गए निरीक्षणों में बहुत मेल खाते हैं । तथापि इस अवधि में बी.टी. योजना ने गहन प्रणाली उपलब्ध कराई है । यद्यपि दोनों योजनाओं द्वारा संचरण अभिलक्षण सही-सही अनुमानित किए गए थे । केन्द्र स्थान के दाहिने भाग में केन्द्र बिन्दू और मज़बूत अवनत-गुणांक जैसी अभिलक्षणिक वायु संरचना एम.आर.एफ. योजना द्वारा तीसरे दिन सही सही दिखाई गई । 4 थे दिन बी.टी योजना ने 3 रे दिन की अपेक्षा अधिक मज़बूत वायु बल दर्शाया । निरीक्षणों के मुकाबले 30 अक्तूबर को प्रणाली की तीव्रता में कमी आई । एम.आर.एफ योजना ने बरसाती क्षेत्र की हूक जैसी संरचना उपलब्ध कराई जो उष्णदेशीय चक्रवात की ख़ास विशिष्टता थी । 30 अक्तूबर को उडीसा के तटवर्ती केंद्रों पर इस चक्रवात से जुडी बहुत भारी वर्षा देखी गई । 4 थे दिन दोनों योजनाओं ने वर्षापात का अनुमान अनदेखा किया, तथापि एम.आर.एफ. ने बरसाती क्षेत्र का बेहतर अंतर्देशीय स्थानांतरण सूचित किया।

उन्नत क्षेत्रीय पूर्वानुमान प्रणाली (ARPS) प्रतिमान का इस्तेमाल करते हुए दो क्युमुलस प्राचलीकरण योजनाओं, यथा केन-फ्रिश्च योजना और बेट्स-मीलर-जांजिक योजना की संवेदनशीलता का अध्ययन किया गया था । कम दबाव क्षेत्र, वर्षा अवसादन और भारतीय भूभाग में 1998 के दौरान दो उष्णदेशीय चक्रवातों, का इन पुट डाटा इस्तेमाल करते हुए पूर्वानुमान क्षेत्रों के दो सैट प्राप्त किए गए थे । प्रतिमान द्वारा एम.एल.पी. वायु, वर्षापात, तापमान, नमी आदि के क्षेत्र उपलब्ध कराए गए जिनकी जाँच की गई । दोनों योजनाओं ने व्यवधान स्थान पर और उसके आसपास निश्चित वर्षापात प्रदान किया और व्यवधान स्थान पर और उसके आसपास और व्यवधान स्थल से दूर भी उष्मा संवहन वर्षापात प्रधान किया । दोनों योजनाओं ने बरसाती क्षेत्र का अंतर्देशीय स्थानांतरण अच्छी तरह से किया परंतु बेट्स-मीलर-जांजिक योजना द्वारा स्थान और मात्रा बेहतर थी । बंगाल की खाड़ी में मई में आए चक्रवात के मामले में केन-फ्रिस्च योजना ने बेट्स-मीलर-जांजिक योजना की तुलना में संतुष्टि तक बेहतर वर्षा संरचना उपलब्ध कराई। यह पाया गया कि दोनों योजनाओं द्वारा दिया गया समतुल्य क्षमता तापमान (θ_e) और बादल जल मिश्रण अनुपात (q_c) मान का तीन स्थानों पर कालवाचक बदलाव, बरसात निर्माण की अवधि में इन प्राचलों के ज्ञात तापीय गतिक के साथ पर्याप्त थे।

विस्तारित दूरी मौसम पूर्वानुमान अनुसंधान

(आर.एच. कृपलानी, एस.एस. दुगम, एस.डी. बनसोड, अश्विनी कुलकर्णी, एन.वी. पंचवाघ, एस.बी. काकडे, एस.एस. साबडे, एस.आर. इनामदार)

IPCC, AR4 के अधीन कपल्ड क्लाइमेट मॉडल्स अनुकार का मूल्यांकन

विश्वव्यापी स्तर पर जलवायु प्रतिमानन समूह चतुर्थ निर्धारण रिपोर्ट (IPCC AR4) के तहत जलवायु बदलाव पर अंतर-सरकारी नामिका के अधीन अभिकाल्पित समन्वित 20वीं सदी से लेकर 22वीं सदी के जलवायु बदलाव प्रयोग का अभूतपूर्व सैट निष्णादित कर रहे है । 20वीं सदी के जलवायु के अनुकार में विश्वव्यापी प्रतिमानों की सामर्थ्य निर्धारित करने हेतु वार्षिक चक्र, स्थानिय बरसात प्रकार अंतर-वार्षिक विभिन्नता के सम्मुख भारत भर में शुष्क काल मानसून वर्षा अनुकार

में कपल्ड-युग्मक प्रतिमान आउटपुट (निर्गत) की जाँच की गई थी । निरीक्षणों के आधार पर अनुकारों को मूल्यांकित किया गया । 20 प्रतिमानों के विश्लेषणों से ज्ञात हुआ कि मानसून वर्षा की सकल विशिष्टियां जलवायु प्रतिमानों द्वारा अच्छी तरह से कब्जे में ली गई है ।

एम.जे.ओ. और मानसून अंतराल खण्ड (ब्रेक) के बीच संबंध

मासिक MJO सूची और जुलाई और अगस्त में विश्राम दिनों की अवधि के बीच का संबंध 22 वर्ष (1979-1997) अध्ययनाधीन अवधि मानकर संचालित किया गया । विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि अगस्त के महीने में MJO की क्रियाशीलता और विश्राम अवधि के काल में अतंर्गामी संबंध है । काल में अंतर्गामी संबंध होने की घटना 1% स्तर पर महत्वपूर्ण है अर्थात जब MJO का कार्यकलाप सामान्य से कम है तो 'खण्ड (ब्रेक)' की कालावधि लंबी है और तत्पश्चात् भारत के मध्यवर्ती इलाकों में उस अवधि के दौरान भारतीय उष्णकाल मानसून वर्षा कम है । खण्ड वर्षाकाल अवस्था समझने के लिए और मानसून वर्षा के आन्तर ऋतुवीय पूर्वानुमान हेतु यह अध्ययन लाभदायी पाया गया ।

पेन्टाड NAO सूचकांक और जुलाई और अगस्त में विश्राम दिनों की संख्या (क्योंकि यह अवधि खण्ड मानसून अवस्था से प्रभावित है ।) 48 वर्षों (1950-1997) (आकृति 4) ध्यान में रखते हुए सह-संबंध विश्लेषण संचालित किया गया था ।



आकृति 4 : वर्ष 1950-1997 की अवधि के लिए जुलाई में खण्ड (ब्रेक) दिनों की संख्या के साथ NAO पेन्टाड का संबंध

39 वी पेन्टाड NAO (10 जुलाई से 14 जुलाई) ने जुलाई में खण्ड (ब्रेक) दिनों में संख्या के साथ महत्वपूर्ण सीधा संबंध दर्शाया । इससे यह सुझाव मिला कि NAO की सकारात्मक अवस्था के दौरान विश्राम दिनों की संख्या अधिक है और इसके विपरीत (विलोमतः)। उत्तर में 20-40° और पूर्व में 60-90° क्षेत्र में प्रत्येक ग्रिड बिंदु पर 500hPa पेन्टाड ऊँचाई विसंगति के साथ NAO सूचकांक का पेन्टाड मान परस्पर संबंध रखता था । आकृति 5 में सूखाग्रस्त वर्ष (1987) और बाढ़ वर्ष (1988) के सूखे का विश्लेषण दर्शाया गया है ।



आकृति 5 : वर्ष 1987 और 1988 के लिए 73 पेन्टाड्स हेतु 500- hPa भू- विभव ऊँचाई विसंगती और NAO का सह-संबंध गुणांक

यह देखा गया कि सूखाग्रस्त वर्ष (1987) की अवधि में उनके बीच महत्वपूर्ण अंतर्गत सन्निकटता थी और यह संबंध उत्तर में 20° तक विस्तारित था कभी-कभी उस अक्षांश से परे भी था। इस कारण भारतीय उप महाद्वीप में मौजूदा खण्ड मानसून अवस्था में अतिरिक्त उष्ण मौसमी पश्चिमी हवा की दबाव क्षेत्र उत्पन्न हुआ । आधिक्य मानसून वर्ष (1988) में कोई भी निश्चित संबंध नहीं देखा गया।

शुष्ककाल मानसून वर्षापात के पूर्वानुमान में OLR का प्रयोग

25 वर्षों (1974-2001) के डाटा का प्रयोग करते हुए भारतीय शुष्ककाल मानसून वर्षापात के संबंध में उष्णदेशीय प्रशांत एवं एटलान्टिक क्षेत्रों में सैटेलाइट (उपग्रह) से प्राप्त बहिर्गामी लंबी तरंग रेडियेशन (OLR) कि अंतर-वार्षिक बदलाव प्रवृत्ति की जाँच की गई थी । जनवरी में उत्तर-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के आसमान में दक्षिणी चीन के सागर के ऊपर अति महत्वपूर्ण नकारात्मक (सकारात्मक) सह-संबंध के साथ पश्चिमी प्रशांत महासागर क्षेत्र में OLR क्षेत्र और भारतीय शुष्ककाल मानसून वर्षापात (ISMR) के बीच सह-संबंध पैटर्न में एक मजबूत और महत्वपूर्ण उत्तर दक्षिण द्वि-ध्रुव संरचना

पाई गई थी । मई माह के दौरान मध्यवर्ती एटलान्टिक सागर में OLR ने ISMR के साथ एक महत्वपूर्ण सकारात्मक संबंध दर्शाया । विश्लेषण अवधि के दौरान यह संबंध पर्याप्त और दृढ पाए गए और इसी कारण ISMR के पूर्वानुमान प्रयोग में लाए जा सकते है । इन निष्कर्षों का प्रयोग करते हुए ISMR के पूर्वानुमान हेतु एक बहुअंगी पश्चवर्ती समीकरण विकासित किया गया और एक अलग डाटा सैट का प्रयोग करते हुए निरीक्षण और प्रयोग पर आधारित निश्चित संबंध सत्यापित किया गया । ये निष्कर्ष उत्साहवर्धक थे । भारतीय उप महाद्वीप में चरम ISMR अवधि में पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में OLR का समिश्र वार्षिक चक्र चरम शुष्ककाल मानसून वर्षापात अवस्थाओं के पूर्वानुमान में लाभदायी पाया गया ।

अप्रैल में दक्षिण हिन्द महासागर में स्थित एक पुर्वानुमान और मई माह में शीर्ष खाड़ी में दूसरा इस प्रकार दो OLR पुर्वानुमानों का प्रयोग करते हुए वर्ष 2004 के लिए ISMR के पूर्वानुमान हेतु 1974-1994 की प्रशिक्षण अवधि और 1995-2004 की जाँच अवधि के साथ एक बहुअंगी पश्चगामी प्रतिमान विकसित किया गया था । इस प्रतिमान का प्रयोग करते हुए वर्ष 2004 के लिए भारत का मानसून वर्षापात का पूर्वानुमान 832.40 कि.मी. (लगभग सामान्य से नीचे 2.3 प्रतिशत) था ।

मानसून दौरान निम्न दबाव प्रणालियाँ

कम दबाव क्षेत्रों जैसे अस्थायी व्यवधान, मानसून अवसाद और तूफ़ानी चक्रवातों जो भारत में मानसून क्षेत्र में आगे बंगाल की खाड़ी में पैदा हुई और आगे बढ़ी उनका 1997 से 2002 के छह दक्षिण पश्चिम मौसमों के लिए अध्ययन किया गया। बंगाल की खाड़ी में निर्मित कुल 52 कम दबाव वाले क्षेत्रों में से 18 अवदाब या चक्रवातों में भीषण रूप धारण किया । इनमें से बहुत लंबी अवधि और बहुत लंबी ट्रैक पाने के लिए छह अवदाब और दो तूफ़ान देखे गए । इनमें से पाँच अवदाब उत्तर पश्चिमी भारत के विभिन्न उप-प्रभागों में मानसून व्याप्त द्रोणी (trough) के साथ विलय हुए । 21जून, 2002 को उत्पन्न एक महत्वपूर्ण निम्न दबाव क्षेत्र भी चिरस्थाई और ट्रैक वाला था । इन प्रणालियों के कारण, उत्तर-पश्चिम भारत के विभिन्न उप-प्रभागों में भारी बारिश हुई । ऐसी बारिश के कारण संक्षिप्त (synoptic) पैमाना व्यवधानों के कारण संग्रहित कपासी मेघ उष्मा संवहन के साथ मिल कर गुप्त उष्मा विमोचन के कारण तीव्र गौण ताप-उष्मा निर्माण हो सकता है। इसीलिए उत्तर पश्चिम भारत के उप-प्रभागों में साप्ताहिक आधिक्य वर्षापात के कारण उत्पन्न संक्षिप्त (synoptic) पैमाना व्यवधानों के संबंध में भारत में क्षेत्रीय संचरण का अध्ययन करने हेतु चुनिन्दा प्रणालियों के लिए 850, 500 और 200 hPa स्तरों पर दैनिक NCEP डाटा का प्रयोग करते हुए वायु क्षेत्र का विश्लेषण कार्य संचालित किया गया था । प्राप्त हुए निष्कर्ष दर्शाते है कि उत्तर पश्चिमी भारत में विसंगति प्रवण भारी वर्षापात की घटनाओं के पश्चात भारत में क्षेत्रीय पैमाना मानसून संचरण क्षुब्ध था । प्रणालियाँ जो व्याप्त क्षेत्र में बंगाल की खाड़ी से आगे बढ़ी, दक्षिण की ओर अधिक उन्मुखी ट्रैक के साथ ऐसी विसंगति भारी वर्षापात की घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार है।

मानसून और उष्णदेशीय मौसम प्रणालियों का अध्ययन

(यू. वी. भिडे, एम.वाई.टोटगी, ए.ए. कुलकर्णी , वी.आर. मुजुमदार, पी.वी. पुराणिक, एस.एम. बाविस्कर, एस.पी. घाणेकर, एम.डी. चिपाडे)

दक्षिण-पश्चिम मानसून की आन्तर-मौसमी विभिन्नता

चार दक्षिण-पश्चिम मानसून मौसमों अर्थात 1997, 1998, 1999 और 2002 के लिए भारतीय क्षेत्र में दैनिक सुस्पष्ट उष्मा स्त्रोत तथा सुस्पष्ट नमी जोखिम निमग्न का आकलन पूरा किया गया था । भारत में संक्षिप्त अवस्थाओं तथा वर्षापात वितरण के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि इन चार मौसमों में परिसंचरण की अंतर मौसमी और अंतर वार्षिकी विभिन्नताएँ है । सक्रिय मानसून की अवस्थाओं में संक्षिप्त प्रणालियों द्वारा संगठित कपासी मेघों के साथ मिलकर छोडी गई गुप्त उष्मा के कारण इन मौसमों में उत्तर पश्चिम भारत में गौण डाइबेटिक उष्मा स्त्रोतों के होने की घटनाएं देखी गई । इसके कारण मानसून द्रोणी (trough) पर पूर्व उष्मा अनुपात का प्रत्यावर्तन हुआ । बढ़ती हुई क्षीणता (subsidence) के कारण उसके समीपवर्ती इलाक़ों में उत्पन्न डाईबेटिक उष्मा स्त्रोत और एडाइबीटिक इन दोनों के साथ मानसून द्रोणी क्षेत्र में 500 hPa पर प्रतिचक्रवात की अवस्था पैदा हुई । इन घटनाओं के परिणाम स्वरूप भारत में मानसून कमजोर हुआ या कुछ समय तक टल गया।

तीन सामान्य मानसून मौसम अर्थात 1997, 1998, 1999 और 2002 का अपर्याप्त मानसून मौसम की अवधि में भारत में क्षेत्रीय पैमाना परिसंचरणों का अध्ययन किया गया । इससे यह ज्ञात हुआ कि इन वर्षो में पाश्चिमी भारत का मध्य क्षोभ मंडल सापेक्षी शुष्क था और सबसिडेन्स की गहरी परते थी केवल उसी समय बंगाल की खाड़ी में वायुमंडल की गहरी नम परतों की मज़बूत निम्न स्तर चक्रवाती-तूफान भंवर-प्रवणता के रहते निम्न दबाव प्रणालियाँ अवदाब में परिणत हुई । सन 1997 में इस तरह के

इन-फेज संबंध रखने वाले पाँच अवसाद काल (अवदाब) और एक तूफ़ानी आँधी बंगाल की खाड़ी में पैदा हुई जबकि 2002 के मानसून में ऐसे परिसंचरण अभिक्षणों की गैर मौजूदगी में कोई भी निम्न दबाव प्रणाली अवसादकाल में परिणत नहीं हुई । यह भी ध्यान में आया कि देश के उत्तरी अक्षांश भागों में एक्स्ट्रा-ट्रोपिकल पूर्वाभिमुखी संचरण प्रणालियों की बारंबारता के कारण 1999 के मानसून में अवसादों की लाइनें अवरुद्ध हुईं और यह प्रणालियाँ अधिकांशतः 80° पूर्व भाग तक सीमित रहीं । तथापि 2002 के मानसून में पश्चिमी हिमालय तिब्बत क्षेत्रों में ऐसी कई बडी अपसामान्य प्रणालियाँ पार हुई जिसके फलस्वरूप बंगाल की खाड़ी में पैदा हुई मानसून निम्न दबाव प्रणालियाँ बंगाल की खाड़ी में अधिक तीव्र न होते हुए दक्षिणी भागों में चली गई।

जुलाई और अगस्त के दौरान मध्यवर्ती भारत में निर्मित संचारण का उत्तर की ओर उन्मुख घटक और दो अवसाद कालों के अभिलक्षणिक गुणों, जो पश्चिम की ओर उन्मुख थे, उनके वायु क्षेत्र का विश्लेषण, अनुषंगी वर्षापात और गतिक प्राचलों के माध्यम से तुलना की गई जैसे 850 hPa NCEP/NCAR पुनःविश्लेषित डाटा पर आधारित नमी प्रवाह और स्थानांतरण, सापेक्षी भवंर निर्माण प्रवृत्ति । विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि आधिकतम वर्षापात का क्षेत्र और सकारात्मक वर्षापात का रुख जुलाई प्रणाली के दक्षिण पश्चिम चौथाई हिस्से के अनुपात में है जबकि अगस्त प्रणाली में यह क्षेत्र उत्तर पश्चिम में चौथाई अनुपात में पाए जाते हैं । यह भी देखा गया कि इन दो प्रणालियों में प्रमुखतः उनकी वायु क्षेत्र की शक्ति, संचरण की लाइन (ट्रैक) और नमी आपुर्ति के बारे में आचरण में भारी बदलाव आया है।

BOBMEX- 1999 के डाटा का विश्लेषण

उत्तर में 17.5° पर ORV सागर कन्या पोत के स्थिर अवधि (चरण I और II) के दौरान लिए ऊर्ध्वाधर तापमान रूपरेखाओं के टाईम-सिरीज़ वैसाला मिनी रेडियो सोन्डे निरीक्षणों और BOBMEX- 99 के दौरान पूर्व में 89.0°, विश्लेषित किए गए । निष्कर्षों से ज्ञात हुआ कि सक्रिय अवस्था (चरण I) के दौरान निम्न और मध्यम-क्षोभमंडल उष्ण और आर्द्र थी जबकि प्रयोग की कमज़ोर मानसून प्रावस्था (अवस्था II) के दौरान वह सापेक्षी शीत और शुष्क थी । इन दो प्रावस्थाओं के दौरान 850 और 500 hPa स्तरों पर ऊर्ध्वाधर संवेग शीलता (ω) का परिकलन करने के लिए बंगाल की खाड़ी में दैनिक ग्रिड पाइंट NCEP डाटा प्रयोग में लाया गया । सागरकन्या के स्थिर स्थान की लंबाई-रेखांश पर ऊर्ध्वाधर संवेग शीलता (ω) के y-t खंडों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ है कि पश्चिम की ओर उन्मुख हवाओं में मध्य-अक्षांश रेखा द्रोणी (trough) के कारण प्रेरित पूर्व की ओर प्रवाही चक्रवाती सदृश्य परिसंचरण निम्न अवस्था से जुड़ा और दूसरा बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित उपखंड TCZ में पश्चिमी भागों में संचरण करनेवाली मानसून प्रणालियों से संबंध ऊपर की ओर गतिशील बहाव के दो प्रमुख क्षेत्र बन गए है । यह दो भाग, अवरोही (descending) गति या सबसिडेन्स के एक क्षेत्र द्वारा, पृथक है । यह ध्यान में आया कि सामान्यता BOBMEX -1999 की सक्रिय अवधि (चरण I) के दौरान 500 hPa पर उपखंडीय TCZ में मजबूत ऊपरी गति का इलाक़ा सागरकन्या अक्षांश पर स्थित है। नेपाल और समीवर्ती हिमालय क्षेत्र में पूर्वाभिमुखी संचरण प्रणालियों की चरम ऊपरी गति की अनुक्रिया में द्रोणी क्षेत्र में बढी हुई अवरोही गति के कारण क्षीण मानसून अवस्था (चरण II) में यह क्षेत्र दक्षिण की ओर खिसकता नजर आया।

आर्द्रता मापन के अनुपस्थिति में गुप्त उष्मा गालक (Q_E) के आकलन के लिए वैकल्पिक प्रणाली विकसित की जो अस्थिर वायुमंडलीय अनुकूलित है । ORV सागर कन्या जहाज में बॉबमेक्स-99 स्थैतिक काल के दौरान सतह सागरीय मौसम वैज्ञानिक प्रेक्षण के आधार था । बौवेन अनुपात (B) जो आधिन चर तथा सागर-वायु तापमान भिन्नता (डेल्टा T) जो स्वतंत्र चर का समाश्रयण सहसंबंधों में विकसित किया । बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में 0.1% सतह पर महत्वपूर्ण सहसंबंध देखे गए । Q_H मूल्यों का गुप्त उष्मा गालक Q_E के साथ आकलन किया एवं समाश्रयण समीकरण से B के मूल्यों का आकलन इस सहसंबंध से किया गया । सागर कन्या पर प्रेक्षित एवं Q_E के आकलित गालकों के अच्छे सहसंबंध देखे गए । उत्तर बंगाल की खाड़ी पर जब आर्द्रता प्रेक्षण नहीं था उस अवधि दौरान राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई द्वारा छोडे गए मूर पल्व स्वतंत्र डाटा का उपयोग करके अभिवाह का अभिकलन से समाश्रयण समीकरण विकसित किया । सागर कन्या में पिछले सारांशी मौसम संस्थिति में पल्व के आकलित अभिवाह के साथ प्रेक्षित अभिवाह का अच्छा सहसंबंध था । आर्द्रता मापन के अनुपस्थिति मे Q_E के आकलन के लिए यह विधि अच्छी पायी गयी जो कि वायु-समुद्र अन्योन्यक्रिया अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण प्राचल है।

विश्वव्यापी परिसंचरण की ऊर्जिकियाँ

NCEP/ NCAR पुनः विश्लेषित डाटा, गतिक ऊर्जा और 850 hPa स्तर पर 0 से 10 तरंगों का संवेग परिवहन (Momentum transport) मासिक माध्य क्षेत्रीय (u) और उत्तर में 90° तक विषुवत् रेखा से हवा के मध्याह्न (v) दाक्षिणत्य (मेरिडोनियल) घटक परिकलित किए गए । यह विश्लेषण 1958 से 1997 (40 वर्षों) और जनवरी तथा फ़रवरी में शीत काल के लिए संचालित किए गए । तरगों के वर्णपट (स्पेक्ट्रम) में वायु क्षेत्र संकलित करने के लिए फोरिअर तकनीक उपयोग में लाई गई । आखिल भारतीय मानसून वर्षापात

(AISMR) तथा तरंगों की ऊर्जिकियाँ ने दर्शाया कि AISMR के साथ फ़रवरी में उत्तर में 40° के आसपास तरंग 1,3 और 4 की प्रभावी गतिक ऊर्जा में महत्वपूर्ण परस्पर संबंध (.1%) है । इन तीनों तरंगों की प्रभावी गतिक ऊर्जा और AISMR के बीच एक साधारण रेखीय (पश्चगामी रिग्रेशन) समीकरण विकसित किया गया और आगामी सात वर्षों (1998-2004) के स्वतंत्र डाटा पर परखा गया । अनुमानित AISMR प्रेक्षित के बहुत AISMR के बहुत सान्नीकट मेल खाता पाया गया । चरम वर्ष 2002 का अनुमान बिल्कुल सही निकाला गया । भूमंडलीय तरंगों की गतिकी पर आधारित पश्चगामी (रिग्रेशन) समीकरण इस तरह से AISMR के लंबी दूरी पूर्वानुमान (LRF) के लिए उपयोगी पाया गया ।

चित्र 6 में उत्तम मानसून वर्षों (1961, 1975, 1983 और 1988) के साम्मिश्र (कंपोजिट) हेतु धारा क्रिया चार्ट और फ़रवरी माह के लिए सूखाग्रस्त वर्षा 1972, 1979, 1982 और 1987 का साम्मिश्र (कंपोजिट) दर्शाया गया है । उत्तम मानसून वर्षा के कंपोजिट हेतु पूर्व में 40-120° रेखांश और उत्तर में 65-70° अक्षांश रेखा के बीच वाले क्षेत्रो में पाश्चिमी मुख्य हिस्सों (एनकोअर्ड) में एक क्षीण द्रोणी (trough) दर्शाई गई है । इसके विपरीत सूखाग्रस्त वर्षो के साम्मिश्र हेतु इसी क्षेत्र में पश्चिम में एक गहरी द्रोणी देखी जा सकती है । चरम द्रोणी के कारण भारतीय क्षेत्र में शीत हवा का दक्षिण की ओर बहाव होता है । इसके परिणामस्वरुप शीत काल में हिमालय पर्वत में बर्फ़ का विशाल संचय होता है । जिससे आगामी मानसून की सक्रियता प्रभावित होती है ।



आकृति 6 : (a) उत्तम मानसून और (b) सूखाग्रस्त वर्ष हेतु 850 hPa (फ़रवरी) पर धारा क्रिया (फलन) क्षेत्र

गौण उपग्रह डाटा उपयोगिता केंद्र

गौण डाटा उपयोगिता केंद्र (SDUC) में रोज़ाना प्राप्त उपग्रह बादल प्रतिबिंब प्रदर्शित किए गए और मौसम अप-डेट हेतु संग्रहित किए गए । अवस्था का आरंभ, आगे बढ़ोत्तरी और स्थापित प्रावस्था के साथ मानसून 2004 का रुकना इन पहलुओं पर निगरानी रखी गई । यह छायाचित्र मानसून 2004 के इन-हाऊस 'प्रवर्तमान मौसम चर्चासत्र' के लिए उपयोग में लाए गए । मानसून-पश्चात, प्रणालियाँ, यथा - उत्तर अरबी सागर (1-3 अक्तूबर, 2004) में निर्मित एक चक्रवात तूफ़ान और बंगाल की खाड़ी (2 अक्तूबर, 2004) में निर्मित एक अवसादन (डिप्रेशन) पर निगरानी रखी गई । उपग्रह से प्राप्त प्रतिबिंबों का उपयोग करते हुए जिस के कारण भारतीय क्षेत्र में वर्षा और शीत मौसमी अवस्थाएँ पैदा हुई ऐसे पश्चिमी भागों कि द्रोणी गहरे दक्षिणी दिशा में घुसने की अवस्था में पश्चिमी हिमालय और तिब्बत क्षेत्रों में स्थानांतरित पश्चिमी व्यवधानों को प्रेक्षित किया गया।

मौसम पूर्वानुमान में उपग्रह से प्राप्त आँकड़ों का उपग्रह मौसम विज्ञान और अनुप्रयोग

(पी.एन. महाजन, पी.एल. कुलकर्णी, डी.आर. तलवलकर, एस.के. सिन्हा, आर.एम. खलदकर, एस. नायर, एस.जी. नारखेडकर, एम. महाकुर)

उपग्रह से प्राप्त आँकडों का प्रयोग करते हुए मानसून अध्ययन

दक्षिण-पश्चिम मानसून 2004 उसकी आरम्भिक अवस्था 1 जून से 7 जुलाई, 2004 की अवधि में अनोखा और अनियमित प्रकृति का था । यह देखा गया कि अरबी सागर तथा बंगाल की खाड़ी (आकृति 7) में निम्न, वेल मार्क निम्न, अवदाब और गहरा अवदाब एकसाथ घटित हुए हैं । मानसून की आरम्भिक प्रावस्था में भारत के पश्चिम और पूर्वी तटों पर उसके कारण लगातार उष्मा संवहन की गतिविधि को

आकृति 7 : 01-18 जून, 2004 कि अवधि में हॉम्लर आरेख का उपग्रह प्रतिबिंब

बढावा मिला । इसके कारण प्रायद्वीपीय भारत के अधिकतर मध्यवर्ती भागों में हवा का संवेग क्षीण हुआ और स्वॅथ (swath) निर्मिति हुई जो वर्षापात की क्रिया में सहायक नहीं था । इसी तरह उत्तर पूर्व भारत में अर्ध-स्थिर प्रमुख उष्मा संवहन क्रिया घटित होना और उत्तर पश्चिम भारत में ऊँचाई वाले इलाक़ों में बढोत्तरी के कारण मध्यवर्ती और उत्तरी भारत में वर्षा न्यूनता का स्वॅथ (Swath) निर्माण हुआ । इसके समर्थन में NOAA-CIRES का प्रयोग करते हुए प्रमुख ऊष्मा संवहन क्रिया माध्य ऊर्ध्वाधर संवेग परिकलित किया गया ।

1 जून से 7 जुलाई, 2004 की अवधि के लिए 60° - 100° पूर्व और 5° दक्षिण -35° उत्तर के क्षेत्र में जलवायु निदान केंद्र आँकड़ों से ज्ञात हुआ कि पश्चिम तट से दूर और मध्यवर्ती खाड़ी में 0.08 पास्कल अनुपात का अधिकतम मान ओमेगा मूल्य है। इसी पद्धति द्वारा उत्तर पूर्व भारत में ऊर्ध्वाधर संवेग - 0.12 पास्कल के साथ गहरा उष्मा संवहन बना रहा। वॉकर परिसंचलन द्वारा स्वॅथ (Swath) के क्षेत्र में कमी के कारण उष्मा संवहन क्षेत्र में अधिकतम ऊर्ध्वाधर संवेग के परिणामस्वरुप न्यूनतम ऊर्ध्वाधर संवेग की उत्पत्ति हुई और पूर्व में 80° और उत्तर में 10° -25° न्यूनतम आर्द्रता द्वारा देश के आसपास के इलाक़ों की तुलना में इस क्षेत्र में (आकृति 8) सापेक्षी आर्द्रता तक न्यूनतम थी । 1 जून से 7 जुलाई, 2004 की अवधि में भारतीय क्षेत्र में अपर्याप्त वर्षा के स्वॅथ (Swath) के साथ यह सही मेल खाता था ।



आकृति 8 : 01 से 7 जुलाई, 2004 की अवधि माध्य सापेक्ष आर्द्रता

तट दूर द्रोणि विकास के साथ जुडे भारत के पूर्वी तट और पश्चिम के सुदूर इलाकों में सु-संगठित बादलों के जमघट एकसाथ पैदा हुए और निम्न दबाव प्रणालियों के कारण अपर्याप्त वर्षापात का प्रमुख स्वॅथ (Swath) निर्माण हुआ और आगे उसकी परिणति मानसून 2004 की आरंभिक प्रगति की अवधि में भारत में बादलों का अनुदैर्ध्य द्विशाखन में हुई । जून, 2004 के लिए (5° दक्षिण, 60° -100° पूर्व) क्षेत्र में NOAA- CIRES जलवायु निदान केंद्र के डाटा पर आधारित ऊर्ध्वाधर संवेग परिकलित किया गया था जिससे भारत में पूर्व के सुदूर और पश्चिमी तट तटवर्ती प्रमुख उष्मा संवहन सक्रियता वाले क्षेत्र में -0.08 पास्कल अधिकतम ऊर्ध्वाधर संवेग पूरे जोश में उभर कर आया । इसकी अनुक्रिया में वॉकर परिसंचरण द्वारा स्वॅथ (Swath) के क्षेत्र में क्षीणन (subsidence) के कारण अधिकतम ऊर्ध्वाधर संवेग पैदा हुआ और यह पाया गया कि वह अपर्याप्त वर्षापात के बिल्कुल समान है।

मानसून आरंभ अवस्था का गतिविज्ञान

200 और 850 hPa और 200 hPa पर तापमान पर भी u-, v- क्षेत्रों के लिए NOAA OLR डाटा तथा NCEP/NCAR पूनःविश्लेषण डाटा का उपयोग करते हुए (अन्दमान सागर में 16 मई, 1997 और 14 मई, 2004 और केरल में 8 जून, 1997 और 18 मई, 2004 की अवधि में) वर्ष 1997 और 2004 के समय पूर्व मानसून आगमन के गतिविज्ञान का अध्ययन किया गया । निष्कर्षों से पता चलता है कि मई के आरम्भिक दिनों में भारत में हुए वर्षापात (गुप्त उष्मा का मोचन) की वजह से KE में बढोत्तरी दर्शाते हुए दोनों निम्न और उच्च क्षोभमंडल (topospheres) परिभ्रमण में मज़बूती आई । इसी अवधि में 25° से 30° उत्तर, 80° से 100° पूर्व के बीच एक गहरी उष्मा संवहन के कारण तिब्बत में ऊपरी क्षोभमंडलीय तापमान पैदा हुआ और परिणामस्वरुप दोनों मामलों में अगस्त पैटर्न के समान मई में 200 hPa पर तापमान पैटर्न हुआ । इसके कारण विषुवतरेखीय उष्मा संवहन उत्तर की ओर बढ़ने में पोषक स्थिति मिली। आरंभ के तीन से चार दिनों में तीव्र विषुवतरेखीय उष्मासंवहन ऊर्जा का प्रमुख स्त्रोत बना और परिणामस्वरुप देशान्तर रेखा संबंधी दबाव प्रवणता का पुनःसमयोजन और खाड़ी में भूपृष्ठ पर एक निम्न दबाव पद्धति पैदा हुई और परिणामी अन्दमान सागर में मानसून का आगमन हुआ । 1997 में चरम उष्म बीज़ कोश (core) का स्थानांतरण और मानसून आगमन के बाद 100° पूर्व के पूर्वी दिशा में उष्मासंवहन के कारण केरल में मानसून के आगे बढ़ने में विलंब हुआ जबकि 60° पूर्व में उष्मा बीज़ कोश (core) स्थानांतरित हो जाने के कारण 18 मई को केरल में मानसून आगमन होकर वह आगे बढ़ता गया ।

वर्षापात हेतु वस्तुनिष्ट विश्लेषण योजना

मेसो स्केल ग्रिड पर अंतर भार मापन प्रणाली द्वारा महाराष्ट्र में दैनिक वर्षापात की एक उद्देश्य विश्लेषण योजना विकसित की गई थी । नियमित ग्रिड पर अनियमित रूप से वितरित दैनिक वर्षापात डाटा आन्तरर्वेषण करने में बार्नेश योजना प्रयुक्त की गई थी। आन्तरर्वेषण किए गए शृंखला स्थान संबंधी रिजोल्यूशन 0.25° अक्षांश x0.25° रेखांश है । इस अध्यन के लिए 1994 के मानसून काल के दौरान पश्चिम की ओर बढ़ने

वाला एक विशिष्ट मामला चुना गया। अध्ययन कार्य में तीन प्रयोजनमूलक निर्धारित मानदण्ड प्रयुक्त किए गए जैसे (i) डाटा स्पोसिंग की एक क्रिया के रूप में भार का निर्धारण किया गया (ii) विश्लेषित मुल्यानिरूपण का एकत्रीकरण हासिल करने के लिए डाटा के माध्यम से पास की संख्या निश्चित की गई और (iii) डाटा स्पेसिंग से ग्रिड स्पेसिंग ध्येय सामने रख कर निर्धारित की गई। वर्गमूल माध्य द्विघात त्रुटियां और मध्यमान परिकलित किया गया और पर्याप्त कम पाया गया।

एक द्वि-विमितीय आंकिक विभिन्नता विश्लेषण योजना तथा त्रि-विमितीय आंकिक विभिन्नता विश्लेषण योजना द्वारा निर्मित वायु और ऊँचाई क्षेत्र की जाँच की गई जिससे मानसून अवदाब की गतिकी का अध्ययन करने में सुलभता हो जो जुलाई 1991 की अवधि में बंगाल की प्रमुख खाड़ी पर निर्माण हुआ था। विभिन्न ऊर्जा और रूपांतरण मानदंड परिकलित किए गए थे। इन मानदंडों के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि वे भारतीय क्षेत्र में संक्षिप्त (synoptic) अवस्था के बहुत अनुकूल है। गतिक ऊर्जा की उत्पत्ति और परिभ्रमण पैटर्न बनाए रखने के लिए ऊर्ज मानदंडों पर विश्लेषित उच्च तर और निम्न तल क्षोभमंडल (स्थलविशिष्ट क्षेत्र) तापमान प्रदेशों के प्रभाव का आलोचनात्मक ढंग से अध्ययन किया गया। यह ध्यान में आया कि अवदाब (डिप्रेशन) की अवधि में ऊँचाई वाले प्रदेशों में उत्तर दक्षिण तापमान प्रवणता चरम अवस्था में थी। OLR डाटा की सहायता से इन ऊर्जा मानदंडों का उष्मा संवहन की तीव्रता के साथ संबंध की जाँच की गई। निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि पध्दति की तीव्रता के संदर्भ में उपलब्ध भँवर सशक्त ऊर्जा में भँवर गतिक ऊर्जा से रूपांतरण की प्रक्रिया उपलब्ध है।

उष्णदेशीय मानसून में वायु-सागर अन्योन्य क्रियाएँ

(पी. सीतारामय्या, टी वेणुगोपाल, एस.जी. नागर, ए.एच. मुल्ला, जी.आर. चिन्थालु, यू. अय्यर, ए.आर. ढ़काते)

मानसून MONEX तथा ARMEX-2003 की आरंभिक अवस्थाओं में पूर्वी मध्य अरब सागर क्षेत्र में वायु-सागर आन्तरपृष्ठीय प्रक्रियाओं की तुलना

वर्ष 1979 और 2003 परस्पर विरोधी मानसून वर्षों की अवधि में पूर्वी मध्य अरब सागर क्षेत्र में विशेष क्षेत्रीय प्रयोग संचालित किए गए थे। अखिल भारतीय ग्रीष्म मानसून वर्षापात (AISMR) की निर्गमन प्रतिशतता वर्ष 2003 में + 2 प्रतिशत और 1979 में -13 प्रतिशत थी। इन दो वर्षों की अवधि में केरल में मानसून की शुरूवात उसकी सामान्य तिथि अर्थात 1 जून से वर्ष 1979 में 13 दिनों के और वर्ष 2003 में 8 दिनों के विलंब से हुई। आगे, 14 जून, 1979 को आगमन भँवर का निर्माण हुआ जब कि वर्ष 2003 में वह निर्मित नहीं हुआ था। यह देखा गया कि, 10-12° उत्तर, 68-72° पूर्व भाग में एक लघु उष्म कुण्ड (MWP >SST≥ 30.5 सेल्सियस) और क्रमशः वर्ष 1979 और 2003 में ECAS में 12-14 डिग्री उत्तर 68-72° पूर्वी भाग में एक लघु उष्म संचय (MWP >SST 30.5°C) और क्रमशः वर्ष 1979 और 2003 में ECAS में 12-14° उत्तर, 62-66° पूर्व (आकृति 9 (a) और 9(b)) की उत्पत्ति हुई थी। वर्ष 2003 में (SST ≥ 31.5° सेल्सियस) यह MWP अधिक सशक्त था परंतु वर्ष 1979 (SST≥ - 30.8° सेल्सीयस) की तुलना में पश्चिमी तट बहुत दुर था जो भारत के पश्चिम तट से



आकृति 9 : मानसून MONEX -79 और ARMEX - 2003 की आरम्भिक अवस्थाओं पूर्व मध्य अरबी सागर क्षेत्र में वायु-सागर आन्तरपृष्ठीय प्रक्रियाओं की तुलना।

बहुत सान्निकट था । निम्न स्तर (850 hPa) परिभ्रमण और पोत वाहीं मौसम वैज्ञानिक प्रेक्षणों से ज्ञात होता है कि दोनों वर्षों की अवधि में जून के प्रथम सप्ताह में ECAS क्षेत्र में एक प्रबल और स्थिर प्रवाह विद्यमान है जो उत्तरी दिशा में उन्मुख है । इस प्रवाह द्वारा कई दिनों तक दक्षिण उन्मुखी और दक्षिण-पश्चिम हवाओं और मानसून आगमन की प्रक्रिया घटित होनो में रूकावट पैदा की गई । इसी लिए इन वर्षों में मानसून का आगमन होने मे विलंब हुआ । मानसून आगमन की संबंधित तारीख़ों पर निम्न स्तर प्रधर (LLJ), 1979 (18m/s) की तुलना में वर्ष 2003 (20 m/s) में अधिक शक्तिशाली था । दोनों ही वर्षों में निम्न स्तर प्रधर (LLJ) के उत्तरी पार्श्व भाग में MWP के साथ सम्बद्ध परंतु आगमण भ्रमिल के विकास हेतु पूरक वर्ष 1979 की अवधि में 65° और 70° पूर्व के बीच स्थान में एक पूर्व-पशिम तूफान कर्तन रेखा देखी गई थी । यह पूर्व-पश्चिम तूफान कर्तन रेखा वर्ष 2003 में 15° उत्तर में और 45° पूर्व तथा 60° पूर्व के बीच देखी गई जो MWP (चित्र 9c और 9d) की मौजूदगी के बावजूद आरंभिक भ्रमिल के विकास हेतु पोषक नहीं थी । पोत द्वारा किए प्रेक्षणों से परिकालित उष्मा और नमी के प्रचुर प्रवाहों से ज्ञात हुआ कि उपयुक्त अवधि में सागर से वायुमंडल में उष्मा ऊर्जा का स्थानांतर वर्ष 2003 में बहुत ही कम और स्थिर प्रकृति का था जिसके कारण उष्म कुंड क्षेत्र में स्थानीय उष्मा संवहन के विकास में रूकावट आई ।

ARMEX - 2003 के दौरान दक्षिण पूर्व अरब सागर क्षेत्र में समुद्री वातावरण के अभिलक्षण

समुद्री वातावरण में अर्थात केरल में मानसून के आगमन के समय परिसीमा परत में ARMEX-2003 (चरण II) और 1-10 जून, 2003 की अवधि में ORV सागर कन्या पोत की सहायता से संग्रहित अति उच्च रिजोल्युशन रेडियोसोन्डे डाटा का उत्क्रान्ती परिवर्तनों के अध्यन में उपयोग किया गया था । अध्ययन की समुची अवधि मे SST (सागर तल तापमान) 30° सेल्सियस पर लगभग स्थिर था । मानसून आगमण के समय यद्यपि सागर तल तापमान में महत्वपूर्ण बदलाव नजर नही आए थे, अन्य पृष्ठ मौसम वैज्ञानिक प्राचलों में वायुमंडलीय अनुक्रिया देखी गई थी जैसे वायु तापमान मे 3° सेल्सियस से कमी, सापेक्षी आर्द्रता (RH) 20 प्रतिशत से बढी मानसून आगमन के पश्चात, पश्चिमी उन्मुखी उत्तरपश्चिमी से दक्षिण पाश्चिमी हवाओं की बैकिंग के साथ माध्यमान हवा गति में 6 m/s से 12 m/s तक बढ़ोतरी हुई । मानसून आगमन के समय ऊपरी वायुमंडलीय अवस्थाओं में महत्वपूर्ण बदलाव भी देखे गए । 7 जून तक बहुसंख्या में बादलों की परते देखी गई और 8 जून को निचले स्तरों पर बढती नमी के साथ वायुमंडल की विलयन प्रक्रिया उत्कृष्ट दर्जे की पाई गई । अन्तर्गम द्वारा घने बादलों की अन्तर्वेधन के कारण उपरी स्तरों पर नमी में बढ़ोत्तरी हुई। LCL (आरोही द्रवण स्तर) की ऊँचाई 7 जून को 443 मी. से 8 जून को 176 मी तक कम हुई । मानसून आगमन के पश्चात CAPE (उष्मा संवहनक्षम उपलब्ध सम्भाव्य ऊर्जा) में उष्मा संवहन के कारण नमी कम हुई। 8 जून से आगे CINE (उष्मासंवाही रोक ऊर्जा) के शून्य मुल्यमान से संकेत मिलता है कि LCL (आरोही द्रवण स्तर) पर सकारात्मक प्लवता के साथ भु-तल के समीप सुपर एडियाबेटिक (Superadiabatic) परत की मौजूदगी है।

DS4, DS5, SW7 (बंगाल की खाड़ी में छोडे गए) प्लवों से उपलब्ध प्रति 3 घंटे के समुद्री मौसम वैज्ञानिक आँकडों, 19 सितम्बर से 30 सितंबर की अवधि में सतह सारांशी मौसम वैज्ञानिक चार्टस और उपग्रह से प्राप्त प्रतिबिम्बों का उपयोग करते हुए 19-30 सितम्बर, 1997 की अवधि में बंगाल की खाड़ी में पैदा हुए गतिशील उष्णदेशीय चक्रवात से संबंध प्रचालित समुद्री मौसमवैज्ञानिक अवस्थाओं के एक विशिष्ट मामले का अध्ययन किया गया था । इस तूफानी चक्रवात का रास्ता बहूत अनोखा पाया गया और वह उत्तर पूर्व की ओर भारत के पूर्वी तट के समान्तर (तट रेखा से 1° के अन्दर) आगे बढ गया । इस अध्ययन के फलस्वरूप दोनों ही वायुमंडलीय और समुद्रीवैज्ञानिक प्राचलों में बदलाव ज्ञात हुए । जब यह प्रणाली अपने निर्धारित स्थानों तक पहुँची तब सभी तीनों प्लवक अध्ययन कार्य के नतीजे देने में सक्रिय हुए । प्लवक स्थानों पर नजर आई मुख्य विशिष्टताएँ इस प्रकार है- जैसे (i) DS4, DS5, और SW7 स्थानों पर तीव्रतागामी अवस्था के दौरान क्रमशः 31° सेल्सियस, 30.5° सेल्सियस और 31° सेल्सियस, के अपने आरंभिक मूल्यमान से SST में 1.5° सेल्सियस, 1° सेल्सियस और 2° सेल्सियस के अनुपात में घटौति हुई, (ii) उष्मासंवहन गतिविधि के परिणामस्वरूप वायु तापमान में क्रमशः 3.5° सेल्सियस, 3° सेल्सियस और 4.4° सेल्सियस तक कमी आई; (iii) मध्यमान समुद्री स्तर दबाव 995 hPa के निम्नतम मूल्यमान तक पहुँच गया; (iv) आरंभिक अवस्थाओं में हवा की गति 6 m/s थी जो आगे 10m/s तक बढ़ गई और प्रणाली की तीव्रतम अवस्थाओं में 19m/s तक खड़ी ऊँचाई देखी गई , (v) OLR ने आरंभिक अवस्थाओं (240-280 w/m 2) में उच्च मूल्यमान दर्शाया, बादलों से धीरे आसमान में 120 w/m 2 की न्यूनतम सीमा तक भारी गिरावट और सिस्टेमैटिक फ़ॉल (140- 180 w/m 2) दर्शाया, (vi) क्रमशः 23, 24 और 25 सितंबर को 850 और 700 hPa पर RH 80 % (< 60%) के अनुपात में था, (vii) 500-200 hPa पर स्टियारिंग करेंट ने दो ऊँची लहरों के बीच धँसा हुआ भाग अर्थात द्रोणी और ढालुआँ टीला (ridges) के निर्माण के साथ पूर्व की ओर गतिशीलता बनाए रखी और आन्ध्र तट के समान्तर रास्ता बनाया और मछलीपट्टनम् और परादिप के बीच किसी भी स्थान पर आंध्र-उड़ीसा तट को पार नहीं किया।

जलवायुविज्ञान और जलमौसमविज्ञान



जलवायुविज्ञान और जलमौसमविज्ञान विभाग के अनुसंधान कार्यक्रमों में निम्नलिखित लक्षित उद्देश्य है :

- प्रेक्षित मौसम विज्ञानिकीय आँकड़ों से क्षेत्रीय जलवायु विशेष तत्वों की दीर्घ स्वेदशी समय शृंखला का निर्माण करना और विभिन्न अवकाश पैमानों पर उनकी अंतरवार्षिक और दसवर्षीय विभिन्नता का अध्ययन ।
- ऐतिहासिक दस्तावेज, वृक्षविलय आदि जैसे हाई-रिजोल्युशन प्राक्जी साधनों का उपयोग करते हुए प्रेक्षित जलवायु संबंधी अभिलेख वापस पूर्व-साधन काल में उपलब्ध कराया और 100 वर्षीय पैमानों पर क्षेत्रीय जलवायु विषमता का अध्ययन।
- मौसमी/ वार्षिक माध्यमान जलवायु संबंधी पैटर्न और तीव्रगामी जलवायु और मौसमी घटनाओं के संबंध में विश्वव्यापी जलवायु संबंधी बदलाव के क्षेत्रीय पहलुओं पर रौशनी डालना ।
- मॉडल आऊटपुट के साधन द्वारा भारतीय ग्रीष्म मानसून के प्रातिरूपण के विशिष्ट सन्दर्भ में जागतिक जलवायु के आंकिक प्रतिरूपों का निर्धारण और भारतीय क्षेत्र के लिए हाई-रिजोल्यूशन भविष्यकालीन जलवायु परिदृश्य विकसित करने के लिए निर्दिष्ट प्रयोगसिध्द गतिकी संबंधी डाउन स्केल तकनीक प्रयुक्त करना ।
- समूचे भारत क्षेत्र में मौसमी / मासिक जलवायु संबंधी अनियमितता के पूर्वानुमान हेतु प्रयोगसिद्ध तकनीक का विकास और देश के देश में निर्मित उपप्रभागों का क्षेत्रीय / विश्वव्यापी टेले कनेक्शनों का अध्ययन करना ।
- कृषि, जल संसाधन, मानव स्वास्थ्य आदि जैसे विभिन्न सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में जलवायु में विषमता का प्रभाव निर्धारित करना ।
- जल संशोधन प्रबंधन में प्रयुक्ति हेतु देश के विभिन्न नदी बेसिन (जल कुंड) क्षेत्रों में अल्पावधि वर्षापात आँकड़ों का जलमौसमवैज्ञानिक विश्लेषण संचालित करना ।
- तीव्र वर्षा- तूफ़ानों के गहराई- क्षेत्र विस्तार अवधि के संभाव्य अधिकतम अवक्षेपण (PRECIPITATION) का आकलन संचालित करना और जलवैज्ञानिक परियोजनाओं के अभिकल्प प्राचलों के आकलन हेतु इनपुट उपलब्ध कराना ।
- वर्षापात पैटर्न और जलवैज्ञानिक अवस्थाओं में बदलाव और जागतिक गर्मी के साथ उसका सम्भाव्य संबंध समझना ।

विश्वव्यापी जलवायु में बदलाव और विषमता के क्षेत्रीय पहलू

(के. रूपकुमार, एल.एस. हिंगणे, एच.पी. बोरगाँवकर, ए.बी. सिकदर, एस.के. जाधव, डी.आर. कोठावले, जे.व्ही. रेवडेकर, एस.राम , के.कमला, के. जगदीश)

PRECIS की अनुपयुक्ति द्वारा हाई रिजोल्यूशन क्षेत्रीय जलवायु बदलाव की दृश्य घटनाओं का विकास

आधाररेखा (1961-1990), भविष्य अवधि (2071-2100) जो दो विभिन्न सामाजिक-आर्थिक दृश्य पटलों के लिए क्षेत्रीय जलवायु का विकास के लिए दक्षिण एशियन प्रान्त के लिए हॅडले केन्द्र (प्रान्तीय जलवायु माडल PRECIS) (Providing REgional Climates for Impacts Studies) की आधुनिक आवृत्ति से कई अनुकरण प्रयोग किए गए । कुल दस माडल अनुकरणों के साथ 50 x 50 km विभेदन तीन समुच्च आधाररेखा अनुकरणों के साथ किया गया । जलवायु परिवर्तन में सल्फेट वायुविलय के क्षेत्रीय प्रतिरुप की भूमिका समझने के लिए माडल को क्षेत्रीय सल्फर और बिना क्षेत्रीय सल्फर के साथ चलाया गया । उच्च संकल्प क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन दृश्यपटल को विविध सतह तथा उर्ध्व वायु प्रतिरूप का विवेचनात्मक महत्व से निर्धारण प्रभाव तक मासिक तथा दैनिक काल माप के साथ प्रतिरूप मापन से मध्यवर्ती काल अंश के लिए छोटा प्रांतीय युनिट विकसित किया गया । इस क्रियाकलाप से विशेष क्षेत्रीय जलवायु माडलिंग को विकसित करने में संस्थान को मदद मिली और राष्ट्रीय एवं दक्षिण एशिया स्त्रोत आधारित क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन दृश्यपटल निर्गमन किया दक्षिण एशिया में PRECIS के अनुप्रयोगों के लिए संस्थान को क्षेत्रिय समन्वयन केन्द्र के रुप में पहचान मिली । दृश्यमान डाटा उत्पादों को देश के अनेक सम घात (impact) समूहों में वितरित किया गया ।



आकृति 10 : PRECIS द्वारा प्रति रूपण के अनुसार भारत के विभिन्न राज्यों के लिए तलछट के माध्यम वार्षिक चक्रों की आधार रेखा और प्रदर्शन(प्रोजेक्शन) (2071-2100)

मानवोद्भावी (Anthropogenic) जलवायु परिवर्तन के लिए भारतीय ग्रीष्म मानसून की संवेदनशीलता

अवसद में सुधार के लिए विविध वर्षा तीव्रता की जरुरत हैं। संपूर्ण संघटन कार्यक्षमता और गिरते वर्षा की बून्द तथा सूक्ष्मकरण चुने हुए रासायनिक घटकों के बीच अभिकलित किया। ब्रौनियन विसरन, दिशा अपरोधन, अन्तर्गत संघात, जडत्वीय संघात और फोरटिक परिणाम जो उष्मीय और सांद्रता गुणांक के कारण वर्षा का गर्जन के साथ तथा बिना गर्जन के साथा गिरना संबंधित है। संघट गुणांक क्षमता 0.02-0.2μm (0.02μm श्रेणी) के मात्रा के व्यास में बून्द 200 - 5800 μm (200μm श्रेणी) देखे गए । वर्षा बून्द गर्जन के साथ और गर्जन बिना होनेवाली आँधी का बरसात संबंधी परिणाम बिंदूकण $CaCO_3$, KNO_3, $(NH_4)_2\ SO_4$ वायुगतिकीय आकार 0.02-0.2 μm, 0.2-2 μm और 2-10μm, मध्यम मास अपमार्जक को कार्यक्षम अधिकतम अपमार्जक विभव ऐसे दिखायी दिये कि $CaCO_3$ को KNO_3 की तुलना में और $(NH_4)_2\ SO_4$ की तुलना में वायुगतिकीय आकार के साथ की गयी।

इन्डो स्विडिश सहयोगी परियोजना - एशियन संयोजन निषेपण (CAD)

सिंहगड में (पुणे से 15km दूरी पर) 2002 के दौरान वायुविलय, पूर्वगामी गैसेस और अवक्षेपण रसायन विज्ञान का प्रबोधन, उच्च रेखांश वाले देहाती स्थानों पर यह प्रयोग किया गया। इस अभ्यास से पता चलता हैं कि (i) सिंहगड पर सूक्ष्म वायुविलय का आम्ल जो SO_4 के कारण जब कि स्थूल क्षारीय जो कि मृदा उदगम Ca के कारण प्रभावशाली है, (ii) शीतकाल में आम्लीय और गर्मीके दिनों में क्षारीय वायुविलय हैं (iii) गेसिअस प्रदूषक SO_2 और HNO3 शीतकाल में उच्चतर, तो गरमी में होते हैं जब कि NH_3 में उसके विपरित परिस्थिती होती है (iv) दोनों की तुलना से आम्लीय तथा वायुविलय के तटस्थ विभव में पुणे और सिंहगड के लक्षणीय परिवर्तन जान पड़ते है। दोनों जगहों पर Ca तो मुख्य वायुविलय का तटस्थ घटक का जान पडता है। यह स्थिती दो दशकों के बाद भी वैसी की वैसी है।

भारत के शहरी और अर्ध शहरी वातावरण में वायुविलय की भौतिक एवं रासायनिक गुणधर्म

टी. एस. पी. (TSP) के क्षेत्रीय निरीक्षणों से प्राप्त वायुविलय के विभाजन के बृहद आकार में प्राप्त डाटा का विश्लेषण ॲटकीन न्यूक्लीआय, सतह ओझोन और अवक्षेपण रसायन दिल्ली में (न्यू राजेंद्र नगर आवासीय और ओखला औद्योगिक, दार्जिलिंग) ऊँचे प्रदेश में और पुणे (शहर) में सन् 2001 के जाड़े के मौसम में किया गया और पाया गया कि, (i) वायुविलय ने बायमाडल आबंटन महिन श्रेणी में (0.43-0.65μm) दिखाया और अन्य प्रत्यक्ष क्षेत्रीय कार्य के लिए स्वीकृत क्षेत्र के सभी स्थानों में स्थूल श्रेणी में पाया गया। (4.7- 5.4μm) जो क्षेत्रो में प्रयोग द्वारा पाया गया । (ii) दार्जिलिंग में वह स्थूल श्रेणी में पाया गया जब कि अन्य स्थानों पर महिन प्रणाली में पाया गया। (iii) अध्ययन के दौरान अलग अलग स्थानों पर SO_4 और NO_3 का संपृक्त रूप स्थानीय वायुमण्डलीय, के साथ, खास कर तापमान के साथ बहुत घने संबंधों में पाया गया। (iv) न्यू राजेंद्र नगर, ओखला और पुणे में वायुविलय महिन प्रणली में आम्ल युक्त पाए गए, जब कि दार्जिलिंग में स्थूल श्रेणी के वायुविलय आम्ल प्रकार में दीखे। पाए गए धातु का आकार विभाजन निरीक्षण के लिए नियत क्षेत्र पर अवलंबित पाया गया।

पुणे और सिंहगड में अवक्षेपणीय रसायन

2002-2003 में सिंहगड (देहाती) के भागों में तथा पुणे (नागरी) के भागों में जमा किया गया वर्षा जल के रासायनिक संमिश्रण के अध्ययन से पता चलता है कि, (i) दोनों स्थानों पर वर्षा जल क्षारीय है। (ii) प्रमुख उदासीन घटक Ca के साथ जुड़ा हुआ था। (iii) प्रमुख ऋणायन् Cl और SO_4 और प्रमुख धनायन् Ca और Na थे। (iv) सिंहगड के नमूनों पर स्थानीय मूलों का गणनीय प्रभाव नहीं था। पिछले विश्लेषणों से पता चलता है कि Ca और SO_4 के प्रमुख उच्च सांद्रणता सिंहगड में आखाती देशों का प्रदूषण दीर्घ परीसर परीवहन के कारण थे। यह ग्रामीण साथ नहीं देखा गया। जब की अधिकतम आँकड़े जाड़े के मौसम में पाए गए, पर ओझोन के लिए इसके विपरीत था। निरीक्षण और प्रतिकृति में देखे गए बदलावों ने भी काफ़ी हद तक समानताएँ दिखाई दी, सिर्फ़ जब कभी प्राचल में अचानक बदलाव आने से कुछ फ़र्क़ होते थे जो प्रतिकृति में नहीं देखे जाते।

दिल्ली के NCR में निक्षिप्त रसायन का अध्ययन

दिल्ली के राष्ट्र की राजधानी के क्षेत्र (NCR) में आठ स्थानों का गीले तथा सूखे निक्षेप नमुनों के रासायनिक घटक जमा किये गये थे। तब पता चला कि (सरदाना) एक स्थान छोड़ कर बाकी सभी स्थानोंका वर्षा का पानी क्षारीय है। सरदाना में pH मृदा घटक के व्युत्पत्ति सांद्रण के कारण था लेकिन उच्च सांद्रण अम्लिय घटक के कारण नहीं।

आगरा में विशेष भू अभियान प्रेक्षण (लँड कँम्पेन- II)

दयालबाग एज्युकेशनल इन्स्टिट्यूट (DIE) आगरा में 1-31 दिसम्बर, 2004 दरमियान वायुविलय के भौतिकी, रसायन और प्रकाशिय मायक्रोटॉप - II, अंडर्सन् सँपलर, हाय व्हाल्यूम् सँपलर, अथैलोमीटर $PM_{2.5}$ सँपलर, सूखा और गीला निक्षेप और धुंद जल ग्रहण का उपयोग किया गया। यह राष्ट्रीय भू अभियान का एक अंग था। ISRO-GBP/ARBS ने इसका आयोजन किया था। TSP निरिक्षण के विश्लेषणों के प्राथमिक नतीजे, द्रवमान आकार आबंटन, ब्लॅक कार्बन (BC) और धुंद जल से जान पडता है कि (i) TSP के स्तर 261 और 685 μg/m3 361μg/m^3 के औसत में परिवर्तित होते हैं। दिन भर के औसत TSP रात के TSP से 1.7 दफा उच्च है। (ii) वायुविलय के द्वि माडल का द्रव्यमान आकार आबंटन दिखायी दिये। (ii) महिन आकार कणों का 45-55% TSP का कुल योगदान रहा (iii) धुंद जल का pH 6.25 और 6.63 के बीच क्षारीय प्रवृत्ति का सूचक रहा। (iv) BC सांद्रण 7.1μg/m3 एवं 48.0 μg/m^3 के 18.6 μg/m^3 के औसत में परिवर्तित होते हैं। दिन भर के औसत TSP से 1.7 दफा उच्च है। (v) BC की दैनिक विषमता जो दो- एक शिखर प्रातकाल में एवं रात्र काल के समय देखे गए (vi) दोपहर में निम्न मुल्य पाए गए ।

एरोसोल सँप्ल्स फॉग वॉटर अँड माक्रोटोप्स II ऑपरेटेड बाय् IITM ॲट आगरा ड्युरिंग द नेशन- वाईड् लँड कँपेन II

वायुमण्डलीय रसायन विज्ञान प्रकृति व गतिशीलता

(जी. बेग, आई. जोशी, एस.एस फडणवीस, सोमप्रीति राय, एस. सी. सरिता, एस. सी. गुँठे, विकास सिंह)

सतह ओझोन के समकालिक एवं ऋतुवीय प्रतिमान एवं पूर्वगामी

एक क्रांतिवृत्तीय अर्ध शहरी स्थान आई.आई.टी.एम., पुणे (18°N,73°E) में चुना गया और सतह का ओझोन O_3 और इसके पहले आने वाले याने कि, NO_X, CO और हायड्रोकार्बन (HC) के भू रेखा डाटा का विश्लेषण कर इन अनुज्ञापक का क्षेत्रिय वितरण और उनके दैनिक एवं मौसम के हिसाब से बदलाव का अध्ययन किया गया। एक एक घंटे के अंतराल के बाद निरीक्षण लगातार किए गए। ओझोन का इसके पहले वाले घटकों से संबंध हर घंटे, हर दिन, निकाल कर, महीने के लिए औसत निकाला गया। प्रयोग से मिले परिणामों की तुलना 3-D रासायनिक परिवहन से मिले परिणामों का साथ की गई। ओझोन के पहले आने वाले वायुओं के उत्सर्जन की संशोधित भारतीय सूची का प्रयोग संचयित पवनों के लिए करते हुए, सदृश्य नमूने बनाए गए। मॉडेल ने ओझोन की दैनिक और मौसमी रचनाएँ काफ़ी हद तक ठीक दिखाई, सिर्फ़ मानसून के मौसम को छोड़कर जब स्थानीय मुद्दे अहम बने थे।

पुणे में नापी गई ओझोन की मात्रा ज़्यादा पाई गई, जो कभी कभी 90 ppb के पार थी। ओझोन की अधिकतम मात्रा दोपहर में पाई गई इसका मुख्य कारण फ़ोटो केमिकल का निर्माण होना था। स्थानीय उत्सर्जन के परिणाम, परिसीमा की सतह की प्रक्रिया, स्थानीय हवाओं की रचना और उनके रसायन के मिले जुले परिणामों की वजह से NO_X और CO में दैनिक बदलाव देखे गए। यह बदलाव सुबह के समय (सूर्योदय के बाद) और शाम के वक्त ज़्यादा मात्रा में नज़र आए। फिर भी अधिकतम मात्रा गर्मी में देखी गई, फिर भी मासिक तौर पर वह अधिकतम फ़रवरी (जाड़े के मौसम में) में ही पाई गई। वह मौसमी तीर्वता NO_X, CO और $NHMC_S$ के सदृश्य बदलाव के साथ नहीं देखा गया। जब की अधिकतम आँकड़े जाड़े के मौसम में पाए गए, पर ओझोन के लिए इसके विपरीत था। निरीक्षण और प्रतिकृति में देखे गए बदलावों ने भी काफ़ी हद तक समानताएँ दिखाई दी, सिर्फ़ जब कभी प्राचल में अचानक बदलाव आने से कुछ फ़र्क होते थे जो प्रतिकृति में नहीं देखे जाते।

सप्ताहन्त ओझोन परिणाम

पिछले एक साल से ओझोन और इसके पहले वाले घटक इन पर चौबीसों घंटे ध्यान रखा गया है। आई. आई.टी.एम.में ओझोन और इसके पूर्वगामी घटकों के पिछले एक साल से किए गए निरीक्षण से एक दिलचस्प दृश्य उभर कर साल से किए 'ओझोन सप्ताहन्त परिणाम' करते हैं। आम तौर पर ओझोन की मात्रा हफ़्ते के आख़िर कम होगी ऐसा माना जाता है, क्यों कि, रास्ते पर यातायात में काफ़ी कमी आ जाती है, और यातायात ओझोन के पूर्व घटकों के उत्सर्जन का एक मुख्य स्त्रोत है। परंतु यह देखा गया है कि, ओझोन के पूर्वगामी घटकों में कमी आने के बावजूद, जिसमें NOx और NMHCs, प्रमुख है, और उनकी मात्रा अनुक्रम से 10 से 2.5% है,फिर भी, मई महीने से, ओझोन की मात्रा में ~9% हफ़्ते के आख़िर में वृद्धि हुई है। NOx की मात्रा में कमी। क्योंकि, NOx ओझोन बनने की प्रक्रिया में एक मददगार का काम,VOCs और सूर्य प्रकाश के मौजूदगी में करता है। कुछ रासायनिक स्थितियों में जो VOC/NOx का गुणोत्तर तय करता है, तब NOx ओझोन के निर्माण के लिए मदद कर सकता है। यह प्रणाली, जिसमें NOx कम होता है पर ओझोन की मात्रा बढ़ती है, इसे VOC सीमित प्रणाली (यहाँ पर NMHC) कहा जाता है, जिसमें बड़े पैमाने पर बदलाव और आपस में गैर रेखात्मक रिश्ते होते हैं।

तापमान में बदलाव एवं आकस्मिक आयनमंडल में विक्षोभ संबंध (SIDs)

भारत में स्थित 20 स्थानों से 17 सालों के लिए (1986-2002), तापमान का 500 hPa के लिए डाटा और आकस्मिक आयनमंडल विक्षोभ (एस.आय.डी.) का हर दिन का डाटा उपलब्ध प्रकाशनों के कार्यालयों से इकट्ठा किया गया था। डाटा उपलब्ध प्रकाशनों के लिए, क्षोभमंडल तापमानों की मासिक औसत के आँकड़े और आयनमंडल के तापमान और अचानक आयनमंडल विक्षोभ की मासिक एवं कुल बारंबारता निकाली गई। इस के आधार पर SIDs और 500 hPa तापमानों की कालश्रेणी बना कर उसकी परीक्षण किया गया (आकृति 37)। इस अध्ययन से इस आयनमंडल विक्षोभ का, इन अवस्था में संबंध बहुत ऊँचे स्थानों पर होता है। और अचानक आयनमंडल विक्षोभ की बारंबारता के साथ क्षोभमंडल तापमान में वृद्धि होना ज़रूरी है, जो एक महीने के लिए लागू है।



आकृति 37 : सडन आयनमंडल विक्षोभ की मासिक औसत और मुम्बई का मासिक औसत तापमान, जो कि 1986-2002 में 500hPa पर लिए गए थे।

पुणे पर ओझोन की दैनिक रचना में मौसमी बदलाव

पिछले एक साल से अधिक काल का, संस्थान में दर्ज किया हुआ सतह की ओझोन के डाटा का विश्लेषण मौसमी रचना के अनुसार दैनिक पैमाने पर किया गया है। यह देखा गया कि, दैनिक आधार पर, सारे मौसमों के लिए ओझोन के न्यूनतम आँकड़े पाए गए। परंतु नियुक्त समय और अवधि जिसके लिए ओझोन अधिकतम मात्रा में पाया गया । इसमें मौसम कि हिसाब से बड़े फ़र्क़ देखे गए, क्योंकि, सूर्योदय, सूर्यास्त और दिनमान ने ओझोन तीव्रता के केवल स्तर को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुणे में अधिकतम ओझोन स्तर मानसून में पाया गया जो कि ~22.56ppb था और इसके बढ़ने की न्यूनतम गति प्रतिबंध ~1.49ppb प्रतिघंटा थी।

उष्णकटिबंधीय समतापमंडल पर ओझोन और तापमान का सौर चक्र नियंत्रण

सौर क्रिया का ओझोन और तापमान के उर्ध्व रचना पर होने वाले परिणाम का अध्ययन करने हेतु, 1991-2004 के अंतराल में ऊपरी वायुमंडल अनुसंधान उपग्रह (UARS) पर लगे हुए हेलोजन ओकल्टेशन एक्सपरिमेंट (HALOE) से उष्णकंटिबंधीय पट्टी 0-30°N तक के क्षेत्र का डाटा, विभागानुसार मासिक तापमानों की औसत और ओझोन मात्रा मिश्रण होने का गुणोत्तर प्राप्त किया गया। एक बहु कार्यात्मक समाश्रयण माडल का प्रयोग कर तापमान एवं ओझोन में आने वाले बदलावों के प्रति सौर चक्र का प्रतिसाद क्या होता है, इसका अध्ययन किया गया। साथ ही इन्हें

अन्य प्राकृतिक संकेतों से अलग किया गया। इस तरह से तापमान और ओझोन के लिए बने वार्षिक सौर प्रतिसाद की औसतों के गालकों का, जो सूर्योदय और सूर्यास्त के समय पाए गए, का परीक्षण किया गया। इन के परिणामों से यह पता चला कि समतापमंडल तापमान और ओझोन का 11 सालों के सौर चक्र से वास्तविक संबंध है। परिणामों से यह दर्शाया गया कि तापमान के लिए सकारात्मक ओस प्रतिसाद निचले समतापमंडल में ~0.5-1.0K/100sfu और ऊपरी समतापमंडल में ~0.5K/100 sfu या, और ओझोन के लिए प्रतिसाद क्रमशः 2-4% प्रति दस साल निचले और ~0.5-2% / 100 sfu ऊपरी समतापमंडल में मिला।

मानवोदभवी उत्सर्जन का क्षोभमंडलीय ओझोन और उस के पूर्वगामी घटकों का भारतीय उष्णदेशीय क्षेत्र में पाने वाले त्रि-मितीय माडेल का प्रतिरूपण

सन 1991 और 2001 के ओझोन पूर्वगामी घटकों की उत्सर्जन सूची का इस्तेमाल त्रिमिति रसायन परिवहन माडल (MOZART) में पवन के साथ स्वांगिकरण किया गया। इससे भारतीय भौगोलिक क्षेत्र में ओझोन के क्षोभमंडल के विधि कालीन और इसके पूर्वगामी घटकों का (NOx और CO) अध्ययन संभव हुआ। MOZARTमॉडल का प्रयोग स्वांगिकरण वायुमण्डलीय डाटा के साथ किया गया जो युरोप के मध्यम दूरी के मौसम पूर्वानुमान (ECMWF) से लिया गया था। इस प्रतिकृति ने कई रासायनिक संयुगों का (N_2O, CH_4, NMHCs, CO,NOx, CH_2O और ऐसीटोन) सतह से होने वाली उत्सर्जनों के लिए विचार किया। भारतीय राष्ट्रीय अनुसंधान से जीवाश्म ईंधन का ज्वलन, कृषिय में जलाए पदार्थ, जैविक ईंधन आदी से होने वाले उत्सर्जन के आँकड़े, भारतीय क्षेत्र के लिए लिए गए। मॉडेल के परिणामों से तब पता चला कि, ओझोन में आने वाले बदलाव, सतह के पास 6-10%प्रति 10 वर्षों में होते है और ऊँचाई बढ़ने पर घटते है, यह निचले क्षोभमंडल में 5-7% और 3-5% ऊपरी क्षोभमंडल में पाए जाते हैं। अक्षांश 20-30°N के परिसीमा सतह पर, प्रति 10 वर्षों में 60 और NOx में अनुक्रम से अधिकतम वृद्धि क़रीब 10-18% और 20-30% होती हैं। परंतु तक़रीबन पूरे ही क्षोभमंडल में वृद्धि की मात्रा में ऊँचाई के साथ कमी पाई गई और 10 km के ऊपर यह 5%से भी कम रह गई। कुछ ऐसे उष्ण स्थल पाए गए जहाँ प्रतिशत बदलाव में कई गुना उछाल पाई गई जो तीव्र उत्सर्जन विभाग दर्शाती है। यह बदलाव बड़े पैमाने पर मौसमों पर निर्भर करता है और संवहन एवं लंबी दूरी परिवहन की भूमिका को सूचित करता है।

भारतीय क्षेत्र पर कार्बन मोनाक्साईड के जी.आई.एस. (GIS) पर आधारित जालक उत्सर्जन सूची

वायुमण्डलीय रासायनिक प्रक्रिया के प्रतिकृति के रासायनिक अनुकरण के लिए, सतह के उत्सर्जन किसी विशेष रूपमें (ग्रिडेड) रखने होते हैं, जो आम तौर पर नहीं होते। सिर्फ़ मोटे तौर पर उत्सर्जन के आँकड़ों का इस विशेष ग्रिडेड डाटा में रूपांतर करने से ग़लत परिणाम मिल सकते हैं। भारतीय क्षेत्र में CO के उत्सर्जन के महत्व ओझोन के प्रदूषण रसायन में मद्देनज़र रखते हुए, भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) जो कि, CO उत्सर्जन की बड़े राष्ट्रीय स्तर की सूची से सूक्ष्म उत्सर्जन आँकड़ों को तक वितरित करना, सूक्ष्म स्तर की जानकारी व बारीकियों और सक्रियता डाटा से जुडे हैं, उसे विकसित करने का प्रयास किया गया। सन 2001 के भारतीय क्षेत्र के समूचे CO उत्सर्जन जो क़रीब 69.0 Tg/Year था, उसे 1°x1° के छोटे हिस्सों में बाटा गया। इसके अंतिम परिणामों में संपूर्ण जानकारी दी जिसमें 'हॉट स्पाट' और भारत के विभिन्न भागों का विभेदन अलग अलग दर्शाया गया।

आकृति 38 में सन 2001 में भारतीय भौगोलिक क्षेत्र के ग्रिडेड CO उत्सर्जन दिखाए गए हैं, जिसके दो मुख्य स्त्रोत हैं, जैविक ईंधन और वाहनों की यातायात (द्रव जीवाश्म ईंधन). जैविक ईंधन स्त्रोतों की वजह से CO उत्सर्जन क़रीब



आकृति 38 : सन 2001 के CO उत्सर्जन के ग्रीडिंग के बाद दिखने वाला मार्ग (a)शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए जैविक ईंधन स्त्रोत की वजह से (b) वाहनों की यातायात (तरल जीवाश्म ईंधन) स्त्रोत के लिए

34, 282, Gg था जो कि समूचे उज उत्सर्जन का 50% हिस्सा है। इससे इस महत्वपूर्ण बात का पता चलता हैं कि, भारतीय क्षेत्र में मुख्य योगदान करता है। सबसे ज़्यादा योगदान दक्षिण भारत के राज्यों से पाया गया जहाँ कई तीव्र उत्सर्जन करने वाले इलाक़े पाए गए। जीवाश्म ईंधन क्षेत्र की तरफ़ से CO उत्सर्जन के लिए कुल योगदान 6,285Gg था जो जैविक ईंधन की तुलना में कम था।

वायुमंडल के सूक्ष्म घटकों का मापन व नियंत्रण

(डी.बी. जाधव, ए.एस. लोंढे, सी.एस. भोसले, जी.एस. मीण, एस.बी. पद्माकुमारी, एच.के. त्र्यंबके, एस. कुलकर्णी)

अन्तर ऋतुवीय परिवर्तिता में कुल ओझोन स्तंभीय प्रसरण

भारत स्थित 13 स्थानों पर कुल दैनिक ओझोन स्तंभ (TCO)में मौसम के सात होने वाले अन्तर ऋतुवीय बदलावों का अध्ययन किया गया । 1979 से तक 1992 और 1997 से 2000 तक के जून से सितंबर के दौरान पाया गया TOMS(कुल ओझोन प्रति चित्रण स्पैट्रोमिटर) का दैनिक डाटा इस अध्ययन के लिए इस्तेमाल किया गया। दैनिक जानकारी का इस्तेमाल कर TCO की मासिक काल श्रेणी बनाई गई। सिंगुलर स्पैक्ट्रम विश्लेषण (SSA) की तकनीक का इस्तेमाल कर, भारतीय क्षेत्र के मौसम के हिसाब से TCO बदलाव में 1.67% से 7.86% फ़र्क़ आ सकता है। निस्यन्दक मासिक TCO और मासिक वर्षा जो अति चरम सीमा मानसून वर्षों में हो (अतिवृष्टि या न्यूनतम वृष्टि) इनके संबंध का भी अध्ययन किया गया। इन दोनों में जो संबंध देखा गया वह सांख्यिकी शास्त्र से महत्वपूर्ण मालूम हुआ। यह देखा गया कि, जिन सालों में अतिवृष्टि का मानसून हुआ, उन सालों में ओझोन की मात्रा कम हुई। और जिन सालों में कम वर्षा हुई उन सालों में इसके विपरीत परिणाम पाए गए। दैनिक TCO डाटा के पॉवर स्पैक्ट्रम विश्लेषण ने यह दिखाया कि, तीन प्रकार के प्रभाव करने वाले आवर्त्तक याने कि, 3-7 दिन (संश्लेशी), 15-20 दिन (अर्ध द्वि-सप्ताह, qbw) और 30-60 दिन (मॅडन ज्युलियन ओसिलेशन, MJO), भारतीय गर्मी के मानसून की वर्षा (ISMR) से मिलती जुलती थी। संश्लेशी पद्धति का मध्य और उत्तरी भारत में, qbw उत्तर पश्चिम और उत्तरी भारत में और MJO तरीक़ा दक्षिण और पूर्वी भारत में महत्वपूर्ण पाया गया।

द्वाभा फ़ोटो मीटर निरीक्षण

हस्तचलित और स्वयंचालित द्वाभा फ़ोटो मीटर इकठ्ठे चलाए गए और डाटा का विश्लेषण किया गया कि, हस्तचलित उपकरण से आकृति काफ़ी सरल निकल आया पर स्वयंचालित फ़ोटो मीटर में उच्च विभेदन की वजह से सूक्ष्म लक्षण नज़र आए।

पुणे में सन 2001-2003 के दौरान द्वाभा फ़ोटो मीटर की मदद से मिली उर्ध्व आकृतियाँ का उपयोग कर, समतापमंडलीय वायुविलय सतह में आने वाले बदलाव का अध्ययन किया गया। क्षोभमंडल से ~30km तक तीव्रता के आकृति का लोगोरिथामिक गुणांक का संकलन कर समतापमंडल वायुविलय भारित के मासिक औसत में आने वाले काल विचरण ने यह दिखाया कि, जाड़े के महीनों में वार्षिक चक्र अधिकतम होता है। पृष्ठभूमि वायुविलय में कोई ख़ास उपनति नहीं दिखाई दी।

द्वाभा फ़ोटोमीटर में एप्रिल, 2004 में और पुनः नवम्बर, 2004 से मार्च, 2005 तक हस्तचलित वाले उपकरण से निरीक्षण किए गए। जमिर्निड उल्का फुहार के परिणामों का निरीक्षण करने के लिए, 14 और 15 दिसंबर, 2004 को सुबह की द्वाभा (सुबह 5.30 से शुरू होने वाला) समय निरीक्षण किए गए।

मानसून और ओझोन परिवर्तिता के साथ मध्य वायुमंडल में ऊर्जा का संबंध

1987 और 1988 इन दो विपरीत गुणधर्मी मानसून वर्षों के लिए जून से सितंबर तक, तापमान के लिए वैश्विक ग्रिड पाइंट, मासिक डाटा (2.5° X 2.5°) और विभागीय एवं ध्रुववत्तीय हवाएँ जो 200,100,50,30, और 10 hPa स्तर की थी, इनका विश्लेषण किया गया। क्षोभमंडल स्तर (200-100 hPa) के लिए और समतापमंडल स्तर (100-10 hPa) पर औसत गतिक ऊर्जा, मानसून के महीने (जून-सितम्बर) ढूँढ़ निकाली गई। 1988 में क्षोभमंडल स्तर (200-100hPa) पर, विषुववृत्तीय पट्टी (0-30° N) पर कुल गतिक ऊर्जा, 1987 के मुक़ाबले ज़्यादा थी। उत्तरीगोलार्ध के मध्य अक्षांश में 1987 और 1988 के गर्मी के मौसम में यह क़रीब सम समान ही थी। दक्षिण गोलार्ध में 15° S और 75° S के बीच, गर्मी के दिनों में (जून-दिसम्बर) के दौरान औसत गतिक ऊर्जा 1987 में 1988 के मुकाबले में ज़्यादा थी।

1988 समतापमंडल स्तर पर 100- 10 hPa तक औसत मासिक ऊर्जा 15 डिग्री S से बढ़ती जा रही थी और 5 डिग्री N में अधिकतर हुई , उसके उपरांत वह 60 डिग्री N तक कम होती नज़र आई। 1988 के गर्मी में दक्षिण गोलार्ध के समतापमंडल में वह 15 डिग्री S से बढ़ रही थी और 55 डिग्री S पर अधिकतम हुई। उसके उपरांत कम होती नज़र आई। 1987 के गर्मी के महीनों में 15 डिग्री S - 60 डिग्री N उस क्षेत्र में 1987 के मुक़ाबले औसत गतिक ऊर्जा पाई गई। जब कि, दक्षिणी गोलार्ध में वह 15-75डिग्री S क्षेत्र में 1987के मुक़ाबले 1988 में वह कम पाई गई।

NO_2 और O_3 का उर्ध्व परिच्छेदिका

सन 2002-2003 के दौरान चाहिने पारस्परिक क्रिया पद्धति से O_3 और NO_2 की उर्ध्व आकृति उनके स्लेंट कालम घनता से पाए गए, जो 87° - 91.5° SZA की पहुँच में मापे गए थे। इन गालकों से O_3 और NO_2 की समतापमंडल और क्षोभमंडल स्तंभीय घनत्व निकाली गई, जो गर्मी में अधिकतम और सर्दी में न्यूनतम पाई गई।

भारतीय क्षेत्र पर एल नीनो व ला नीना घटना के दौरान ओझोन में बदलाव

एल नीनो और ला नीना वर्षों के दौरान, भारतीय क्षेत्र में सन 1982,1983,1987,1988और 1997 में मासिक औसत कुल ओझोन स्तंभ (TCO) कुल 13 भारतीय स्थानों पर इस्तेमाल कर(TCO) वितरण का अध्ययन किया गया। एल नीनो और ला नीना वर्षों में (TCO) वितरण की तुलना करने पर ओझोन मात्र एल नीनो वर्षों से ज़्यादा होने के संकेत मिले, जो निग्रह संवहनी कि वजह से है ऐसा माना जाता है। डमडम स्थान कों छोड़ कर (TCO) के आँकड़ों में एल नीनो व ला नीना वर्षों के मानसून में फ़र्क़ होना सांख्यिकी दृष्टि से महत्वपूर्ण था और वह विश्वस्थ सतह के 50% स्तर पर था। मासिक बाहर जाने वाली लंबी तरंगों कि किरणोत्सर्जन (TCO) का डाटा, संवहनीय का मापदंड माना गया। और मौसमी औसत OLR और मौसमी औसत TCO इनके बीच जो संबंध है, उसका परीक्षण किया गया। यह देखा गया कि, यह समीकरण सिर्फ़ भारतीय गर्मी के मानसून के लिए लागू है क्यों कि, इन्हीं महीनों में सालों के मुक़ाबले संवहनीय ज़्यादा तेज होते हैं।

NO_3, O_3,H_2O और O_4 दैनिक तथा मौसमी बदलाव का अध्ययन

वायुमण्डलीय गौण वर्गों के अध्ययन के लिए यु.वी. विसिबल स्पेट्रामीटर की मदद से दैनिक द्वाभा के उच्चतम स्थान से प्रकीर्ण प्रकाश के निरीक्षण किए गए। सन 2000-2004 तक के काल के लिए डाटा का विश्लेषण अवकलनात्मक प्रकाशिय अवशोषित स्पेक्ट्रोमेट्री (DOAS) की पद्धति से किया गया। इस पद्धति के अनुसार NO_2, O_3,H_2O और O_4 की उर्ध्व स्तंभ घनत्व (VCD) साथ साथ ही निकाली गई। NO_2 और O_3 के दैनिक एवं मौसमी बदलावों का अध्ययन किया गया। O_3 के तुलनात्मक निरीक्षण के लिए, डॉबसन स्पेक्ट्रोमीटर निरीक्षण और उपग्रह, से मिले कुल ओझोन प्रति चित्रण स्पेक्ट्रोमीटर (TOMS) के निरीक्षणों की तुलना स्पेक्ट्रोस्कोप से किए गए निरीक्षणों से की गई और उनमें अच्छा तालमेल पाया गया। NO_2 के VCD में मौसम और दैनिक स्तर पर बड़े पैमाने पर फ़र्क़ नज़र आए, जिसमें सूर्योदय के समय गर्मी में (मई और जून में) अधिकतम और सर्दी में (दिसम्बर और जनवरी में) न्यूनतम आँकड़े मिले।

NO_2 का घनत्व सुबह की अपेक्षा शाम को ज़्यादा देखी गई। यह भी देखा गया कि, अक्तूबर में NO_2 के आँकड़े शाम के समय सुबह के NO_2 के आँकड़ों से दुगुन थे। शाम के समय NO_2 के आँकड़ों में यह वृद्धि NO-NO_2 परिवर्तन की वजह से पाई गई जो कि शाम के द्वाभा के समय में होते है। NO_2 घनत्व में वृद्धि, दिन के दौरान होने वाले प्रदूषण से भी होने की संभावना है, जो शाम के धुंद के समय प्रतिबिंबित होता है। गर्मी के दिनों में, दिनमान के समय की वजह से N_2O_5 के प्रकाशांश होता है, जो NO_2 घनत्व बढ़ता है, और यह सर्दी के मौसम के आँकड़ों से ज़्यादा होती है।

उपकरण और निरीक्षण तकनीक

Ion Counter

Plate antenna for Air-Earth current


Aerodynamic Particle Sizer and Scanning Mobility Particle Sizer

उपकरण और निरीक्षण तकनीक विभाग, उपकरणों की और निरीक्षणों की तकनीक की रचना करता है। साथ ही साथ प्रयोगशालाओं में एवं बाहरी क्षेत्रों में प्रयोगों का आयोजन करता है। यह विभाग निम्नलिखित उद्देश्य से अनुसंधान करता है ।

- वैचारिक विद्युत मंडल के अध्ययन हेतु, वातावरण के विद्युत और मौसम के प्राचल नापना तथा ज़मीन, महासागर और साफ़ वातावरण वायुविलयों का प्रभाव नापना।
- ध्वनि संदेशों द्वारा आसमान की बिजली के मार्गों की पुनर्रचना।
- अंटार्क्टिका के वातावरण के विद्युत प्राचलों को नापने के लिए उपकरणों का विकास करना।
- उर्ध्वपवन सुरंगों में मि. मि. के आकारों के पानी की बूँदों पर सूक्ष्म भौतिकी प्रक्रिया द्वारा जैसे कि उर्ध्वपतम, विरूपता, दोलन, टकराव, संयोग के पराणांमों का खड़े या और पड़े विद्युत क्षेत्र की मौजूदगी और गैर मौजूदगी में अध्ययन करना।
- भारवाहक और भार रहित पानी की बूंदों के द्वारा वायुविलय के कणों को हटाने के अध्ययन करना।

बादलोंका भौतिक अध्ययन करने हेतु तद्सदृश तकनीक

(ए.के. कामरा, आर.व्ही. भालवणकर, एम.एन.कुलकर्णी और वी.बी.सैलजा)

उर्ध्व पवन सुरंगों में तैरते हुए, पानी की बूँदों पर विद्युत शक्ति के असर का अध्ययन करने के लिए प्रयोग किए गए। तैरते बुए बूंदों के छायाचित्र मूवी कैमेरे से खींचे गए। पानी के विभिन्न आकार के बूँदों पर खड़े या पड़े विद्युत क्षेत्र की मौजूदगी या ग़ैरमौजूदगी में जो परिणाम मिले उनका विश्लेषण किया गया और उनकी तुलना पहले किए गए प्रयोग, सिद्धांतिक प्रतिकृतियाँ और अनुमानोंसे की गई। इसके परिणाम स्वरूप यह निष्कर्ष निकला कि, जैसे जैसे बूंदों का व्यास बढ़ता है, उस हिसाबसे आसपास की सभी विद्युत क्षेत्रों में दोलते हुए बूंदों की सबसे आख़िरी स्थानों को मूवी छायाचित्रों की मदतसे निश्चित किया गया और इनके आधार पर क्षेत्र की दिशा का बिंदु के दोलनपर होते परिणाम का अध्ययन किया गया।

वर्षा जल में होने वाली रासायनिक अशुद्धता के परिणाम अलग अलग सूक्ष्म भौतिक प्रक्रियाओं पर, जैसे- बिखरना, विरूपण (distortion) बनना ऊर्ध्वपातन और आड़े तेज विद्युत क्षेत्र में पानी की बूँदों से प्रकाश वलय का निकलना आदी देखने के लिए पवन सुरंग में प्रयोग किया गया। दूसरा एक प्रयोग जो सीमा गति से गिरने वाले पानी की बूंदों के गुणधर्मों के खण्ड पर प्रक्षोबद्धता (Turbulance) के परीणाम का अध्ययन करने के लिए प्रयोगशाला में किया गया।

वातावरण के विद्युत सतह का निरीक्षण और बादलों के विद्युत गुणधर्म

(ए.के. कामरा, एस.डी. पवार, व्ही. गोपालकृष्णन, आर.लता, आर.मरुगवेल, दीन मणी लाल, देवेंद्र सिंग, के.पी.जोहारे, व्ही.पंत और नरेश कुमार)

अंटार्टीक अभियान में सहभाग

6 दिसंबर, 2004 से 27 मार्च, 2005 तक किए गए, भारत की 24 वीं भारतीय ग्रीष्मकाल अभियान में, वहाँ पर वितरित वायुविलय के 5-20,000 पाके बीच के आकार वाले और कई तरह के वातावरण विद्युत के प्राचल जैसे कि, अलग गुटों में भारवाहक कणों की तीव्रता, हवा - पृथ्वी प्रवाह, वातावरण विद्युत क्षेत्र और मैक्सवेल धारा को नापा गया। भारवाहक कणों का नापन करने हेतु, संस्थान में आयन काउंटर की रचना की एवं उसका निर्माण किया। दो स्टेट-ऑफ़-आर्ट उपकरण जैसे, एरोसोल पार्टीकल अनेलाईजर और स्कॅनिंग मोबिलिटी पार्टिकल साईजर का इस्तेमाल वातावरण के संपूर्ण आकारों के वायुमण्डलीय वायुविलय को नापने में किया गया। अंटार्टिक से दक्षिणी आफ्रिका के केपटाउन तक के वापसी सागरी अभियान से दस दिनों तक 'एम.व्ही.एमराल्ड' (MVEmrald) समुद्री जहाज पर, हिम शेल्फ के पास के वायुविलय का भी मापन किया गया।

ARMEX DATA का विश्लेषण

अ) पोत पर किए गए नापन

सन 2002-2003 के दौरान 'अरेबियन सी मानसून एक्सपरिमेंट' ARMEX, जो अरब सागर में, ओ.आर.व्ही. सागर कन्या पोत से नापन किए गए, इस के अंतर्गत चार अलग स्थानों पर वातावरण की विद्युत वाहकता तथा छोटे, मध्यम और बड़े भारीत कणों के गुटों की मात्रा नापने का और उसके विश्लेषण का कार्य किया गया। इनमें यह देखा गया कि, दक्षिण पश्चिमी मानसून शुरू होने के क़रीब दस दिन (~10) पहले दिन की चालकता के औसत ने तीन गुना वृद्धि हो जाती है (आकृति 40)। इस वृद्धि के साथ साथ बड़े भारीत कणों की मात्रा भी बढ़ी हुई पाई गई (आकृति 41)। हालांकी, सभी वर्ग के भारीत कणों की मात्रा में उतार चढ़ाव देखे गए, मानसून के दरम्यान छोटे भारीत कणों में कमी और बड़े भारीत कणों की मात्रा में वृद्धि पाई गई। मानसून की शुरूवात में ऐसी वृद्धि अति भारीत बड़े कणों की वजह से हो सकती है, जिनका निर्माण समुंदर और हवा के अन्तरापृष्ठीय पर बुलबुलों के टूटने से होता है, जो अरब सागर के तेज हवा के समय हो सकता है। बड़े भारीत कण और हवा की गति इनका सहसंबंध गुणांक जब सागर कन्या पोत से नापा गया, तब यह देखा गया कि, इसमें वृद्धि होकर वह मानसून की शुरुआत में 0.56 तक गया जब की, मानसून के पहले वह 0.41, 0.16 और 0.23 था और पहले दो मानसून काल में वह क्रमानुसार था। इस वृद्धि को तथा बड़े भारीत कणों की मात्रा में बदलाव को जो मानसून के दौरान दिखाई दिए, इनका संबंध अवकाश और समय की विविधता से है, जो सिर्फ़ निर्माण तक ही सीमित नहीं बल्की उनके बिखरने से भी संबंधित है। यह अरब सागर पर पाये गए बादलों की अपमार्जक प्रक्रिया की वजह से होता है।



आकृति 39 : मानसून पूर्व काल में, बारिश स्थिर होने पर और दो वर्षा के काल में ध्रुवीय और संपूर्ण वातावरण विद्युत वाहकता की रोज़ाना औसत, जिसका निरीक्षण ARMEX में हुआ।



आकृति 40 - छोटे, मध्यम और बड़े भारीत कणों की मात्राएँ जो, मानसून-पूर्व, मानसून-आगमन द्वारा देखी गई।

मानसून पूर्व मौसम में, सभी वर्गों में भारीत कणों की मात्रा एक जैसे ही थी लेकिन जैसे जैसे मानसून स्थिर होकर आगे बढता गया वैसे वैसे अलग वर्गों के भारीत कणों की मात्रा में फ़र्क़ बढ़ता हुआ नजर आया। मानसून के दौरान बड़े भारीत कणों की मात्रा, छोटे भारित कणों की मात्रा से दुगुनी तक भी हो सकती है। इसके अलावा वर्षा के मौसम के दौरान चालकता एवं भारित कणों की मात्रा में बड़े उतार-चढ़ाव पाये जाते हैं। बड़े भारित कणों के निर्माण स्त्रोत, जो सागर की सतह पर टूटते लहरों की वजह से होते है, उन में वृद्धि हो जाती है। भारीत कणों का और वायुविलय का विनाश बादलों के अपमार्जक प्रक्रिया से वर्षा के मौसम में होता है। वह अलग अलग वर्गों में भारित कणों की मात्रा में बड़े उतार-चढाव लाने का कारण हो सकता है।

भारत के पश्चिमी तट पर ARMEX के दौरान सागरकन्या पोत से प्राप्त किए भारीत कण और वातावरण विद्युत वाहकता के सर्वेक्षण के निरीक्षणों का विश्लेषण किया गया। बरसात के मौसम के काल में पाई गई संपूर्ण तथा ध्रुवीय वाहकता के आँकडों का औसत मौसम के पूर्व काल से बहुत ज़्यादा पाया गया। आश्चर्य की बात यह है कि, मौसम पूर्व काल से बरसात के मौसम में छोटे भारीत कणों की मात्रा कम थी और मध्यम भारीत कणों की मात्रा कई ज्यादा थी । मौसम पूर्व निरीक्षण के तड़त दैनिक बदलाव में, रात के समय के बनिस्बत दिन में, छोटे भारीत कणों की मात्रा कई ज़्यादा थी। इस के विपरीत, मध्यम व बडे भारीत कणों की मात्रा दिन के समय, रात के समय से कई ज्यादा थी। बरसात के मौसम के दौरान इस किस्म के दैनिक बदलाव नजर नहीं आए। मौसम पूर्व काल में किये गए वायुविलय संलग्न प्रक्रिया के निरीक्षणों की तुलना, समुद्री तट से अलग अलग दूरियों पर दिखाई देनेवाले भारीत कणों की विभिन्न वर्गों की मात्रा से, जो विश्लेषण किया गया। परंतु ऐसे मध्यम और बड़े भारीत कणों की मात्रा में आनेवाली तब्दिलियों को विवरण इस पूर्वग्रह पर आधारित था कि, बारिश के मौसम के दौरान ज़ोरदार दक्षिण पश्चिमी सतह हवाओं दौरान टूटती लहरों की वजह से बुलबुले टूट जाते है और अतिभारित कणों की मात्राओं में विभिन्न बदलाव आते है। जब अलग अलग किस्म की बारिश होती है, जैसे कि, बारिश की रिमझिम वृष्टि और लगातार बारिश। अगर भारीत कणों का या और बूँदों को इकट्ठे करने की क्षमता में असमानता होना या बूँदों का सागर की सतब पर टकराने से भारीत कणों में रूपांतर होना मद्दे नज़र रखा जाए तो, इन बदलावों का स्पष्टीकरण दिया जा सकता है।

ब) हवा में किए गए नापन

बादलों की प्रक्रियाओं को वायुविलय के आकार के विकास की गतिविधियों पर असर जानने के लिए ARMEX के दौरान एक अभ्राच्छादित दिन को सबमाइक्रान आकार के वायुविलय कणों के आकारों का

वर्गीकरण नापा गया। 240 से 750 nm की आकार श्रेणी में वायुविलय के कणों की मात्रा तब बहुत ज्यादा पाई गई जब वायुयान मेघों सममिलन या अवक्षेपण से गुज़रा 240 nm व्यास के कणों की मात्रा उतनी ही थी जो साफ़ मौसम के दिनों से पाई ज़ाई थी।

दक्षिण महासागर पर डाटा के मुख्य अभियान विश्लेषण (PESO)

दक्षिण हिन्द महासागर के क्षेत्र 20°S, 57° E से 56°S आवस्था - II दौरान एवं 20 °S, 57° E से 11°N, 73°E आवस्था - III जो की PESO से 23 जनवरी, 2004 से 31 मार्च, 2004 पर ओआरवी सागर कन्या के अभियान दौरान एरोसोल पार्टीकल साइजर एवं स्केन्गि मोबिलिटी पार्टीकल साइजर प्रणालीओं का उपयोग करके वायुविलय आकार बंटन का मापन किया गया। डाटा का विश्लेषण पवन के अभिभावी स्थिति में किया गया।

गर्जन तूफान विद्युतीकरण का अध्ययन

मानसून पश्च और मानसून आगमन ऋतुओं में मौसम के विद्युत् क्षेत्र, मैक्सवेल और पाइंट डिस्चार्ज करंट के आँकड़े गर्जनतूफ़ान के दौरान दर्ज किए गए जिनका उपयोग बिजली विकास करने के लिए किया गया।

संस्थान के वायुमण्डलीय तड़ित वेधशाला में तड़ित विप्रभार अध्ययन के लिए दो द्रुतगामी-क्षेत्र antenna का निर्माण किया।

भंवर विसरण गुणांक निर्धारण की पद्धति

भरित कण एरोसोल समीकरणों के आधार पर भंवर विसरण गुणांक निर्धारण कि सैद्धांतिक पद्धति विकसित की गई। उर्ध्व गालकों का भिन्न मुल्यों से कणों के इकट्ठा होने के परिणाम को भी शामिल करने के लिए इस पद्धति में सुधार लाया गया।

भारत सरकार के विज्ञान और प्रायोगिकी के माननीय मंत्री जी की अंटार्कटिक स्थित 'मैत्री' भेट।

मैत्री' की भेंट के दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मंत्री आय.आय.टी.एम के उपकरणों के साथ और (बाएँ से दायें- श्री. आर.के. सेठ संयुक्त सचिव डि.ओ.डी, डॉ.पी.सी.पांडे. संचालक एन.सी.ए.ओ.आर. गोवा, डॉ.हर्ष गुप्ता-सचीव डी.ओ.डी, श्री.कपिल सिब्बल विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मंत्री, श्री.गजेश अस्थना मुहिम के नेता, श्री.सुनील एम.सोनबावणे, डॉ.देवेंद्र सिंग और श्री.विमलेश पंत)

मैत्री, अंटार्कटिक पर उपकरणोंका उपयोग

आयनन गणित्र

वायु भू धारा के लिए प्लेट ऐन्टेना

वायुगतिकीय अंश परिमाण एवं क्रमवीक्षण चर अंश परिमाण

सीमा परत
तथा
भूमि सतह प्रक्रियाओं के अध्ययन

Micrometeorological Tower

Sonic Anemometer and CO_2 / H_2O analysers

The Micrometeorology Laboratory at the IITM Field Laboratory at NCAOR, Goa

सीमा परत और जमीन की सतह प्रक्रिया अध्ययन विभाग, वातावरण की सीमापरत और ज़मीन की सतह की प्रक्रिया से संबंधित प्रयोगशालाओं में तथा बाहर प्रयोग करती है । इस विभाग द्वारा स्वीकृत अनुसंधान कार्य इस प्रकार है,

- वातावरण की सीमा परत और उससे जुडे अध्ययन के लिए दस्तावेज़ और निरीक्षण तकनीक जुटाना।
- विभिन्न वनस्पति तथा ज़मीन की स्थिति के ऊर्जा संतुलन को समझने और अनुसरण करने के लिए जमीन की सतह प्रक्रिया का अध्ययन।
- जमीन और समुद्री सतह के ऊपर के वातावरण की सीमा परत का गतिविषयक अध्ययन।

सीमा परत और जमीन की सतह प्रक्रिया- अध्ययन वातावरण की सीमा परत में जमीन की सतह प्रक्रिया का खोज कार्य और प्रतिकृति बनाना

(एस.सिन्हा, एम.एन.पाटील, एस.पी.निकम)

LASPEX का अध्ययन

आणंद में (22° 35'N, 72° 55'E) LASPEX के दौरान इकट्ठा किए गए हवा और तापमान के निरीक्षणों का उपयोग प्रक्षोभ प्राचल जैसे कि, कर्षण गुणांक (C_D), संवेदन उष्म गालक (H), और वायुगतिक रूक्षांश विस्तार (Z_O) का अध्ययन करने के लिए किया गया। ग्रीष्मकाल, वर्षाकाल और शीतकाल के दौरान लिए गए डाटा से जानकारी का विश्लेषण किया गया। हवा की रूपरेखा के मापन से लिए गए ने से यह पता चला कि, दिसम्बर 1997 में यह ज़्यादा था जब हवा की रफ़्तार कम थी (आकृति 41)। संवहनी के दौरान ने तेजी से कम हुआ। परिणामों के मूल्य Z_O और C_D मानसून काल के भारतीय प्रायद्वीप कल्प के एक संघ के मूल्यों के साथ रिपोर्ट की गई साहित्य मूल्यों के की गई। जो की एक समान घास की सतहों का लिए किए जाते है तथा उनसे मेल खाते है। जब हवा की रफ़्तार दो मीटर प्रति सैकंड (2m/s) से कम होती है Zo ने स्थिर हो जाता है और उसकी मात्रा कुछ ही मिली मीटर रह जाती है। गर्मी और जाड़े के दिनों में Zo का बर्ताव अच्छी तरह से पता चलता है। मानसून की स्थिति में Zo के आँकड़े, गर्मी और जाड़ों की स्थिति के बनिस्तव कम थे और मिलीमीटर में ही रहे।

आकृति 42 दर्शता है, घर्षण गति (u_*) और तापमान स्केल (T_*) बदलाव और स्थिरता u. उदासीन (न्यूट्रल) स्थिति में (z/L=0) ज्यादा होता नजर आया परंतु स्थैतिक स्थायित्व में वृद्धि होने पर वह कम होता गया। आस्थिर स्थितियों से (z/L=-ve) T के आँकड़े उच्च थे। उच्च स्थिरता की स्थिति में हवा की रफ्तार कम हो जाती है। इस की सब से ज़्यादा मात्रा तब थी जब (z/L=-0.25) था। T_* का आँकड़ा लगभग शून्य पर था जब स्थिरता की, स्थिति पाई गई। यह इस बात की पुष्टि करता है कि, स्थिर स्थिति में गर्मी और संवेग के स्थानंतरण पर सतह पवन प्रतिबलित का प्रभाव होता है। और जो u_* के बदलाव से साबित होता है। गर्मी के दिनों में संवेदन उष्ण गालक उच्च था जो दोपहर में $150W/m^2$ था जब की मानसून तथा जाड़े के दिनों में यह $100W/m^2$ तक नीचे उतरा।



आकृति 41 : विभिन्न महीनों के पवन गति की सतह विषम विस्तार (Zo) के अधीन (a) 14-15 मई (b) 14-15 जुलाई एवं (c) 13-14 दिसम्बर, 1997



आकृति 42 : काल के साथ घर्षण गति का आचरण (a) 14-15 मई (b) 14-15 जुलाई एवं (c) 13-14 दिसम्बर, 1997

महाद्वीपीय एवं सागरी में वायुमण्डलीय परिसीमा परत पर होनेवाले विनिमय प्रक्रिया का प्रायोगिक अध्ययन

(एस.शिवरामकृष्णन, टी. धर्मराज, बी.एस. मूर्ति, एस.बी. देबाजे. सिनी सुकुमारन)

गोवा के पश्चिमी तट के स्थानक परिसीमा परत की विशेषताएँ

कल्पाक्कम के इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र (IGCAR) के सागरी एवं अंटार्क्टिका अनुसंधान केंद्र में इस्तेमाल किया गया और पवन के तीनों ही भाग 500m AGL की ऊँचाई पर नापे गए जिसमें 10 m जितना उच्च विभेदन पाया गया। 10-24 सितम्बर, 2004 के शुरू के निरीक्षण के अनुसार 2-3 मीटर प्रति सैकंड के निचले ड्राफ्ट, संवहनी सीमा परत से देखे गए जो 200-500m AGL की ऊँचाई पर थे (आकृति 43)। इसी दौरान सोनिक एनिमोमीटर जो 5m AGL पर स्थित था, इस ने भी 0.3 मीटर प्रति सैकेंड के उर्ध्वमुखी दिखाए, जब कि संवेदन उष्म गालक करीब 200W/m2 था। संवहनी और साफ आसमान होने के कारण यह अनपेक्षित था। ऐसे ही कुछ निरीक्षण SHAR में पाए गए थे जहाँ सोनिक एनिमोमीटर से 10m AGL की ऊँचाई पर नापे गया थे। इसी तरह IGCAR में सोडार से नापी गई उर्ध्व गती (व्हर्टिकल व्हलोसिटी) ने 2-3 मीटर प्रति सैकेंड का उर्ध्वमुखी AGL पर साफ मौसम और संवहनी दिन के दौरान अधोमुखी दिखाए। ज़ाहिर है, क्यों कि गर्म सतह से उष्मीय पिच्छक उभर रहे थे। इन निरीक्षणों से यह अनुमान निकाला जा सकता है कि, कुछ तटवर्ती जगहों पर स्थानिक परिसंचरण है (NCADR, Goa, SHAR, IGCAR, कल्पक्कम) जो कभी कभी जोरों से उर्ध्वमुखी देते है जो कि अंदरूनी प्रदेशों में नहीं पाए जाते। (जैसे कि, आणंद में)



आकृति 43 : 3 - 14 सितंबर 2004 के दिन NCAOR गोवा के वायुमण्डलीय परिसीमा परत (ABL) में देखे गए सोडर पवन सद्दिश के गालक

बंबई के भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) और पाथ औसत संवेदनशील उष्म और संवेगबल गालक नापे गए। संवेगबल के सतह गालकों पर नापे गए थे, उन की तुलना सोनिक एनिमोमीटर सिंटिलोमीटर (5m AGL पर) से नापे गए एवं (1.5m AGL,पाथ लेंथ=50m) आँकड़ों से की गई।

गोवा के NCAOR में सतह की परतपर पाई गई क्षुब्धता (टर्ब्युलन्स) की संरचना.

संवेदनशील उष्मा और संवेगबल गालक की मात्रा में चढ़ाव-प्रावण्य जो औसत समय का फल है, इस की जाँच सांख्यिकी स्थिरता का गालक एवं उर्ध्व गति के लिए आवश्यक सही औसत काल का पता करने के लिए की गई। पवन के भागों की वर्णावलियों को (स्पेक्ट्रा) आकार जो, वातावरण के सतह की परत में पाए जाते है और जिन का संबंध चलन प्रक्रिया से सांख्यिकी स्थिरता के फल के रूप में होता है उन की भी जाँच की गई। वर्णावलि 'S(f) Vs fऔर पवन घटक (u-घटक) के आलेख में पठार (-1प्रावण्य) का विस्तार, आस्थिरता से वृद्धिंगत होता नजर आया।

पवन की बारंबारता भारित वर्णावलि (u, v एवं w) जो अस्थिर, समिप तटस्थ और स्थिर स्थितियों में, 24 जुलाई 2002 में थी, उसने - 2/3 प्रावण्य जड़त्वीय उप-श्रेणी में, शून्य प्रावण्य निम्न बारंबरता श्रेणी में दिखाए (आकृति 44)। u वर्णावली में शून्य प्रावण्य की बारंबरता श्रेणी स्थिर से तटस्थ के करीब/अस्थिर स्थिति में बढ़ती नजर आई।



आकृति 44 : दिनांक 24 जुलाई 2002 को गोवा में पाए गए पवन की वर्णावली (a) आस्थिर (b) तटस्थ करीब (c) स्थिर स्थिति के लिए. जड़त्वीय प्रावण्य (-2/3 प्रावण्य), मध्यवर्ती श्रेणी (0 प्रावण्य) और निम्न बारंबरता श्रेणी (+प्रावण्य) दिखाए गए है। उर्ध्व रेखाएं मध्यवर्ती बारंबरता श्रेणी की निम्न और ऊपरी सीमाएँ दर्शाती है.

LASPEX डाटा का विश्लेषण

LASPEX द्वारा आणंद मे (22° 35'N,72 °55' E)जो मध्य पवन का शक्ति वर्णावली और खहन्दा(22° 02'उ, 73°11'पू) में जो सापेक्ष आर्द्रता नापी गयी, उसने स्पष्ट किया कि सतह की परत मे (SL) जो 1-2 मीटर AGL ऊंचाई पर है, परिसीमा मापन (40दिन काल) मैडन ज्युलियन दोलन है। दोलन के समय काल, 21,6-9 दिन, दैनिक (24घंटे) और अर्ध दैनिक (12 घंटे), सभी परिवर्तिता की वर्णावली में मुख्य थे। निम्न बारंबरता चरमसीमा (15 और 21 दिन) ने दिखा दिया कि पवन की वर्णावली उर्जा आणंद के मुकाबले में खहन्दा में 2-3 गुना ज्यादा थी। जब कि, यहां तापमान का सवाल है, 21 दिन प्रणाली ने यह दिखाया कि, आणंद में वर्णावली उर्जा दैनिक अधिकतम आँकड़े इन दो स्थलों के लिए करीबी थे क्यूं कि, सतह की परत पर अधिक मात्रा में उष्मा विनिमय हो रहा था। खहन्दा में आर्द्रता वर्णावली (1m) ने 43 दिन काल के स्पष्ट उच्चतम आँकड़े दिखाए। यह इस बात की पुष्टि करता है कि, बडे पैमाने पर सागरी हवा की आर्द्रता, अरब सागर से इन स्थलों की ओर बहती है।

गोवा में CO_2 एवं जलवाष्प का अध्ययन

गोवा में सतह की परत में (5 मी AGL) भारतीय गर्मी के मानसून में कार्बनडायोक्साईड और जल वाष्प में बदलाव के अध्ययन ने यह दिखा दिया कि, कार्बनडायोक्साईड में दैनिक घटाव और जल वाष्प का बढ़ना इनमें विपरीत संबंध है, और यह अगस्त, सितम्बर और अक्तूबर, 2002 के सागरी/भू पर हवा चलने की वजह से पाए गए है। कार्बनडायोक्साइड और जल वाष्प के रोज़ के औसत आँकडो में आनेवाले इन बदलावों में क्या रिश्ता है यह स्पष्ट नहीं था। कार्बनडायोक्साईड के लिए 5, 8 दिन और पानी की भाप के लिए 5,11 दिन बड़े/ सारांशी मापन दोलन देखे गए जब कि, एक दिन का काल वर्णावली ऊर्जा मात्रा में उतना ही महत्त्वपूर्ण साबित हुआ । 1-2 गोल चक्कर प्रति घंटा के बारंबरता पट्टी में वर्णावली अन्तराल का अस्तित्व पाया गया जब कि, कार्बनडायोक्साईड और जल वाष्प के लिए शक्ति वर्णावली ऊर्जा में घटाव देखा गया। जड़त्वीय उप श्रेणी में कार्बनडायोक्साईड और जल वाष्प के कम स्तर के अति सूक्ष्म मौसम संबंधी स्पेक्ट्रा पर कोलमोगोरोव के -5/3 शक्ति सिद्धान्त का प्रभाव होता है।

सतह पर स्थित ओज़ोन का अध्ययन

पुणे की संस्थान में ओज़ोन, सूरज से आनेवाले उत्सर्जन और सापेक्ष आर्द्रता के नापन लगातार किए गए । इस अध्ययन से इस बात का पता चला कि, ओज़ोन की मात्रा में सूरज के उत्सर्जन से संबंध है, वैसा सापेक्ष आर्द्रता से नहीं है। ओज़ोन में मौसमी दैनिक बदलाव का निरीक्षण, जो IITM के प्रांगण में किया गया, आकृति 45 में दिखाया है। यह प्रकाश रासायनिक उत्पादन और ओज़ोन का विनाश दर्शाता है।



आकृति 45 : पुणे के IITM के आवास में, सतह पर अधिकतम ओज़ोन मात्रा में दैनिक चढ़ाव उतार, जो प्रकाश रासायनिक उत्पत्ती और ओज़ोन का विनाश दिखाता है।

भारत में दिसम्बर (2000 और 2002) अप्रैल (2001 और 2003) में उष्णकटिबंधीय के तीन अलग अलग ग्रामीण स्थल (पूमबुहार, ट्रान्कीबार और टी.आर. पटनम्) में तमिलनाडू के कोरोमंडल तटीय के पास और अंदरुनी भागों में जमीन की सतह पर ओज़ोन (O_3) का नापान किया गया (आकृति 46)।



आकृति 46 : पूमबुहार, ट्रान्कीबार और टी.आर. पट्टीनम् मे पायी गयी ओज़ोन सांद्रण का औसत मात्रा अप्रैल (घन रेखा) एवं दिसम्बर (चिन्हांकित रेख) में देखे गये । 1 सिग्मा परिवर्तिता उर्ध्व रेखीका दिखाते है।

इस विश्लेषण ने यह दर्शाया कि, ओज़ोन की अधिकतम औसत मात्रा 40.3 +- 1.13 ppbv (पार्टस पर बिलियन बॉय व्हाल्यूम) है तो, (34.8+0.90 ppbv) दोपहर के समय एवं न्युनतम 15.8+- 0.63 ppbv (12.7+- 0.47 ppbv) जिस में 1 सिग्मा की परिवर्तिता तटीय क्षेत्रों में सुबह के समय अप्रैल (दिसम्बर) में देखे गए। इसके मुकाबले में इन्हीं काल में अंदरुनी भागों मे 20 कि.मी. अंतर्देशीय की तरफ ओज़ोन के अधिकतम और न्यूनतम आँकडे 33.9+- 0.49 ((29 +- 1.04 ppbv) और 12.3 +- 1.31 ppbv (8.7 +- 0.74 ppbv.) है, जिससे पता चलता है कि, ओज़ोन की मात्रा अंदरुनी इलाकों से तटवर्ती भागों मे 6 ppbv से ज़्यादा या 19% ज़्यादा है। आगे देखे तो, ओज़ोन की मात्रा अप्रैल के गर्मी के दिनों मे दिसम्बर (मानसून) की अपेक्षा 5 ppbvμज्यादा या 16% होती है उष्मीय वायु तापमान एवं निम्न बादलों का आच्छादन कम होता है। अप्रैल में ओज़ोन की मात्रा में वृद्धि का एक और कारण है, बेहद अधिक मात्रा में पूर्वगामी गैसों से (NOx, VOC, CO, CH_4) जो, कई सारे स्त्रोतों से निकलती है (जैसे कि जैविक ज्वलन) और फ़रवरी से अप्रैल के दौरान तटवर्ती ग्रामीण इलाकों से ज़्यादा निकलती है। दैनिक ओज़ोन की औसत (उच्च) 26.3 +- 0.41 ppbv और 22.7 +- 0.16 ppbv में रहती है, जब कि ओज़ोन (निम्न) 20.9+- 0.15 ppbv और 18.3+- 0.23 ppbv के बीच में क्रमशः तटवर्ती इलाकों में और 20 कि.मी. अंदरुनी इलाको में रहती है जिसमे 1 सिग्मा परिवतिर्ता में रहती है । ओज़ोन नापने से यह पता चला कि पूर्व से पश्चिम गुणांकीय औसत 0.7 ppbv प्रति किलोमीटर थी जो, तट से 2 कि.मी. अंन्तर्देशिय तक अधिकतम थी और उस के बाद 20 कि.मी. तक कम होती पाई गई। ओज़ोन के, उत्तर से दक्षिण गुणांक, जो तटवर्ती क्षेत्र के साथ साथ चलता है, उसमे यह करीब शून्य ही पाया गया।

गोवा का अंटार्टिक एवं महासागर अनुसंधान राष्ट्रीय केन्द्र (NCAOR) मे, संस्थान द्वारा लगाई गई, वायुमण्डलीय परिसीमा परत क्षेत्र प्रयोगशाला

बायेसे दाये - इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान प्रयोगशाला मिनी सोडर एवं IITM के मौसम विज्ञान संवंदन टावर

गोवा के NCAOR में संस्थान की सूक्ष्म मौसमविज्ञानीय प्रयोगशाला

सैद्धांतिक अध्ययन



वातावरण और समुद्री प्रवाह समझने के लिए, निशेष रुप से दक्षिणपश्चिम मानसून समझने के लिए, सैद्धान्तिक अध्ययन विभागद्वारा सैद्धान्तिक अध्ययन का आयोजन किया जाता है। इस विभाग ने निम्नलिखित अनुसंधान कार्यक्रम चुने है :

- विषयों के अध्ययन के लिए निदानसूचक प्रतिकृतियाँ विकसित करना - i) जाल बिन्दु क्षेत्र में स्थानीय ऊर्जिकियाँ ii) लहरोंकी संख्या तथा बारंबारता क्षेत्र में उष्णकटिबंधीय क्षेत्र ऊर्जा और iii) वर्णावली (स्पेक्ट्रल) क्षेत्र में जैविक ऊर्जिकियाँ ।
- सांख्यिकी प्रतिकृतियां विकसित करना, जो मानसून के बहाव के व्याप्ति संबंधी और समयदर्शक नापों की रेखात्मक तथा गैररेखात्मक आपसी संबंधों की चिकित्सा करना।
- हिन्द महासागर के प्रवाह के भौतिक, चलन विज्ञान और एस. एस.टी. परिवर्तिता को समझने हेतु औष्णिक चलन-सागरी प्रवाह तथा आसान घटे हुए गुरूत्वाकर्षण की प्रतिकृतियों का विकास करना।
- वैश्विक परिसंचलन समझने के लिए सरल सागरी वातावरण की प्रतिकृतियों का विकास करना।
- हिन्द महासागर के प्रवाह और सतहोंपर तथा सतहों के नीचे का तापमान समझने हेतु क्षेत्रीय त्रिमिती बहुस्तरीय सागरी प्रतिकृतियों का विकास करना।
- भारतीय उष्णकटिबंधीय हिन्द महासागर में चलनेवाले तूफानों का अध्ययन करने लिए सांख्यिक सागरी प्रतिकृती का अनुप्रयोग करना।
- वातावरण विज्ञान के स्नातकोत्तर कार्यक्रमों को बढ़ावा देना।

गतिशील महासागरी प्रतिकृति बनाने का अध्ययन

(पी.एस. सालवेकर, सी. ज्ञानसीलन, प्रेम सिंह, ए.ए. देव, डी.डब्ल्यू. गणेर, पी.आर.सी. रेड्डी, बी. थॉम्पसन, जे.एस. चौधरी, बी.एच् वेद, मेधा देशपाण्डे)

त्रिमिती बहुस्तरीय सागरी प्रतिकृति अध्ययन

सिग्मा (σ) समन्वयन सागरी प्रतिकृति (POM)

त्रिमिती सिग्मा समन्वयन खुली सतह - मुलरूप समीकरण प्रिंस्टन सागरी प्रतिकृति (प्रिन्स्टन ओशन मोडल, पी.ओ.एम) जिसका क्षैतिज वियोजन 1° X 1° हो और 21 स्तरपर जो सतह से सागर की गहराई में (जिसमें 10 स्तर सतह से लेकर तापप्रवणता स्तर तक थी) किया गया। इसमे सतह के और उस के नीचेवाले हिस्सों का बहाव और तापमान जो उष्णकटिबंधीय के हिंद महासागर (25°S- 25°N, 35°-115°E) के इलाके के लिए प्रतिकृति में बनाया गया।

औष्णिक गतिशील मुद्दों की बनावट के लिए प्रतिकृति की शक्ति QuikSCAT की सतह की हवा से और ओ. एल आर से मिली उष्म गालक के प्रभाव से जरूरी था, जो 1999 से 2004 तक अरब सागर की उष्मकुण्ड को समझने के लिए जरूरी था। यह देखा गया कि, सागर के उष्मकुण्ड क्षेत्र की सतहपर का पानी कम नमकीन है इसलिए उपरी मिश्रित सतह में गर्माहट जमा होनो के लिए मदद करता है। इस गरम और कम नमकीन पानी की एक स्थिर, परतोंसे बनी पतलीसी सतह, ज्यादा गहरे, ठंडे और ज्यादा नमकीन पानी के साथ मिलने से रोकती है। इन परतों के बनने से सतह के नीचले हिस्से में स्थिर रूकावट जैसी परत की वजह से तापमान उलट-पुलट हो जाता है। यह प्रतिकृति दक्षिण-पूर्व अरब सागर में पाये जानेवाले तापमान के उलटपुलट हो जाने का नमुना अच्छी तरह से पेश कर सकती है । (आकृति 47) इस प्रतिकृति के जरिये पश्चिम दिशा में अग्रेसर होनोवाली यह उलट-पुलट प्रक्रिया जो रॉसबी तरंगों के साथ चलती है, अच्छी तरह से दर्शायी गयी। अप्रैल महिने छोडकर उत्तरी हिंद महासागर में यह तापमान के पलटेस्थायी रूपसे पाये गये है। यह पलटे समुद्रों मे हेड बे और पूर्वी विषुववृत्तीय हिंद महासागर में रॉसबी और तटीय केल्विन तरंगों के साथ बढ़ते है।



आकृति 47 : सन (2000-2001) में, 100°N, 75°, E पर काल गहन का आलेख, जो तापमान प्रतिलोमन दर्शाता है।

मौसम के साथ बदलनेवाले बहाव को दर्शाने के लिए इस प्रतिकृति को बीस साल के लिए स्पन अप कर - ECMWF मौसम वैज्ञानिक सतहके जोर का मासिक औसत और लेविटस अंतस्थ जोर के हवामान विज्ञान का प्रयोग करके अंशतः स्थिर किया गया। इस प्रतिकृति में सतह के तरंग बारह महिनों के लिए वैसेही बनाए जैसे स्पिन अप में थे । इसे आकृति 48 मे दर्शाया गया है। इस प्रतिकृति ने सतह के स्तरपर हुए बहाव को सभी महिनों में दर्शाने में कामयाबी हासिल की। 10°S और 20°S के बीच पश्चिम दिशा में बहनेवाले दक्षिणी विषुवृत्तीय तरंग (SEC) करीब पूरे सालभर देखे गये। बोरीअल जाड़े के दिनों में उत्तरी हिंद महासागर में में हवा उत्तर-पूर्व दिशा में बहती थी। परंतु सोमाली के तटीय क्षेत्र में सोमाली धारा दक्षिण की ओर बहती थी, जैसा कि जनवरी के बहाव में बनाया गया। दक्षिणी गोलार्ध के 20°S और 8°S के बीच पूर्वी विषुवृत्तीय प्रतिधारा मौजूद थी। जाड़े के महीनों में (नवंबर, दिसंबर और जनवरी) दक्षिण की तरफ बहनेवाली सोमाली धारा मार्च में दिखाई नहीं दी। वसंत के ऋतु में (दक्षिणी-पश्चिमी मानसून पूर्व) सतहकी धारा जो सोमाली तटीय क्षेत्र में बहती थी, उत्तर की तरफ मुड़ गई। इस प्रतिकृति के परिणाम से पता चला कि, मार्च महिने में उत्तरी बहाव 5°N उत्तरकी तरफ था और अप्रैल में तटीय क्षेत्र के साथ उत्तरी दिशा की तरफ था। इस के अलावा अप्रैल में जोर से पूर्वी दिशा में बहनेवाले जेट जो विषुववृत्त के कुछ ही अंशसे अंदर होते है। हिंद महासागर के मध्य व पूर्वी भागों में पाये गये। सोमाली प्रवाह की तरह ही पूर्वी भारत तटीय प्रवाह (EICC) ने बहाव की दिशा दो बार बदल डाली। फरवरी से सितम्बर तक उत्तर पूर्वी दिशा में, जिस में मार्च, अप्रैल में अत्युच्च मात्रा थी और अक्तूबर से जनवरी तक, दक्षिण-पश्चिम दिशा में, जिस में नवम्बर में सबसे तीव्र बहाव था। दिसम्बर से अप्रैल तक उपसागर मे 'विस्तृत द्रोणी प्रतिचक्रवात गायर' जाड़े में और बसंत के दौरान पाए गए जो उपलब्ध लेखोंके साथ मेल खाते है।

चित्र क्र. 48 : बीस साल स्पनअप के बाद सभी महिनों के सतही बहावों की प्रतिकृति

Z -समन्वयन महासागरीय सामान्य परिसंचलन प्रतिकृति (MOM4)

सागरी प्रतिकृति का नमुना (MOM4) जिस का क्षैतिज विभेदन 1° x 1° था और 25 उर्ध्व स्तरों का था। इसका गठन हिंद महासागर के 40°S के उत्तरी क्षेत्र में, अचल की स्थिती से बीस साल तक किया गया। इस प्रतिकृति को अन्तवेर्शन देने के लिए राष्ट्रीय वायुमण्डलीय अनुसंधान केंद्र (एन.सी.ए.आर) से मासिक हवामान के अवक्षेपण, अधोमुखी तरंग और लंबी तरंग उत्सर्जन के दैनिक जलवायुविय विकिरणीय गालक 10 मी. के विभाग में हर छह घंटों के बाद हवामान संबंधी मध्यान्ह के हवा के झोंके, हवा का तापमान, आर्द्रता, और समुद्री स्तर के दबाव इन की जानकारी ली गयी। स्पिनअप के बाद यह प्रतिकृति 1958 से 2000 तक 43 सालों के काल मे इकठ्ठा की गई जिस में उपर निर्दिष्ट बातें सालोसाल, एन.सी.आर. से ली गयी। इस समुद्र सतह तापमान असंगत (SSTA) प्रतिकृति स्वांगीकरण, ने देखे गए (HADISST) स्वांगीकरण के साथ द्विध्रुव प्रणाली वर्षों (अक्तूबर, 1994, अक्तूबर, 1996 एवं नवम्बर, 1997) अच्छी सहमति देखी गयी। इस प्रतिकृति ने अधिकतम 2°C का शीतलन नवम्बर 1997 मे पूर्वी बाजू पर दिखाया जो कि, निरीक्षणों से मेल खाता था। प्रतिकृति ने जो सतह के निचे का तापमान दर्शाया वह भी द्विध्रुवीय सालों के दौरान पाये जानेवाले, SODA के सतह के निचले भागों के तापमान से तुलनात्मक था। अक्तूबर, 1994 और नवंबर, 1997 मे प्रतिकृति में देखा गया कि, हिन्द महासागर के पूर्वी विषुववृत्तीय भागों में 80 मी. की गहराईपर उपसतह पर शीतलन करीब 5°C था। हिंद महासागर में बहनेवाली धारा के स्वांगीकरण प्रतिकृति अच्छी तरह से दिखा दिया। ऋण द्विध्रुवीय प्रणाली वर्ष के अत्युच्च स्थिती के साथ जुडी हुई तीव्र धारा और धन द्विध्रुवीय वर्ष में Wyrtki प्रधार की गैर मौजूदगी का इस प्रतिकृति ने अच्छा विवरण किया। नवम्बर 1997 मे पूर्वी दिशा मे बहनेवाले विषुववृत्तीय प्रधारों को पश्चिमी दिशा में बहनेवालों से बदली किया गया। सतह की धारा के पलटने के साथ साथ सतह के नीचे भी पूर्वी दिशा में तीव्र बहाव दिखाया (आकृति 49) । सतह के स्तर पर पश्चिम दिशा में और सतह के नीचे पूर्वी दिशा में बहनेवाले बहावों के परिणामस्वरूप क्षेत्रीय परिसंचलन नमुने बन सकते है। उर्ध्व गती के विश्लेषण ने यह दिखाया कि, पश्चिमी विषुववृत्तीय हिंद महासागर में तीव्र अधोमुखी एवं तीव्र उर्ध्वमुखी गुणधर्म है यह बारिकियाँ प्रतिकृति के स्वांगीकरण ने अच्छी तरह से प्रमाणित किये। बंगाल का उपसागर विशेष रूप से द्विधुवीय प्रणाली वर्षों में बहाव में होनेवाले तीव्र उतार चढाव भी प्रतिकृति में नजर आए।



आकृति 49 : क्षेत्रीय- उर्ध्व प्रवाह सदिश 1996 (बाएँ) तथा 1997 (दायें)

द्रोणी मापन समानयन गुरूत्व माडल अध्ययन

1½ सतह IRG का प्रतिकृति का गतिमान उष्णकटिबंधीय चक्रवात में महासागर की प्रतिक्रिया

अरब सागर (TC O1A) और बंगाल का उपसागर (TC O2B) ऐसे दो स्थानों पर मई, 2004 में चक्रवात में महासागर की प्रतिक्रिया का निरीक्षण करने के लिए आय.आर.जी. (आय.आय.टी.एम. गतिमान गुरूत्वाकर्ष) सागर प्रतिकृति में बदलाव देखे गए। TC O1A और TC O 2B मार्गों के निरीक्षण के लिए नियंत्रण प्रयोग ½° x ½° स्वांगीकरण माडल के साथ किए गए। TC O1A के लिए प्रतिकृति ने उर्ध्वमुख व शीतलन ने असाधारण बाँयी तरफ झुकाव दर्शाया क्यूंकि, शूरू की स्थिति में अनियमित चलन था। TC O2B के बारे में प्रतिकृति ने दाहिनी तरफ झुकाव दिखाया । TC O1A और TC O2B के दौरान प्रतिकृति का शीतलन 3°C से 3.5°C पाया गया। संवेदना अध्ययन ने जो सूक्ष्म प्रतिकृति स्वांगीकरण (9 कि.मी. x 9 कि.मी. तक) के साथ किया गया, दोनो चक्रवात के लिए अधिक तीव्र निर्गत दिखाया। इसके अलावा, सांख्यिकी प्रयोगों में जो संमिश्र सतह में, बदलते उर्ध्व तापमानो में चढाव किये गये, इससे मॉडल शीतलन जो महीन स्वांगीकरण के लिए थे, निरीक्षण किए गए 2.5°C TC O1A के बाएँ और 3.5°C TC O2B के दाएँ के शीतलन से मेल खाते थे। (आकृति 50)



आकृति50 : TC O1A के तीसरे दिन अलग अलग स्वांगीकरण के लिए तापमानों में फर्क (°C) जिसकी तुलना निरीक्षण किए गए फर्कों के साथ में धन मुल्यों को छायित किया गया है।

2 ½ सतह की तापगतिकीय महासागर प्रतिकृति के साथ अध्ययन

2½ सतह की तापगतिकीय महासागर प्रतिकृति का इस्तेमाल, उष्णकटिबंधीय हिन्द महासागर के आंतर वार्षिक प्रवाह के बदलाव और (SST) एस.एस.टी. अपवादों में (SSTA) एस.एस.टी.ए. में उतार चढाव की बनावटी के करने के लिए दैनिक (NCEP) एन.सी.ई.पी. सतह के सन 1992-2000 मे प्रबलता का प्रयोग किया गया। उष्ण (SSTA) एस.एस.टी.ए. जो पश्चिमी विषुववृत्तीय हिन्द महासागर में है और शीतल (SSTA) एस.एस.टी.ए. जो पूर्वी विषुवृत वृत्तीय हिन्द महासागर में सन 1994 और 1997 (घन द्विध्रुवीय वर्ष) और विरुध्द SSTA जो 1992 और 1996 में (ऋण द्विध्रुवीय वर्ष) में प्रतिकृति द्वारा अच्छी तरह से दर्शाये गये सतह के नीचले हिस्से के तापमानों ने भी घन और ऋण दोनो ही रचनाएँ प्रतिकृति में दिखायी। प्रतिकृति में प्रवाह द्वारा यह देखा गया कि, विषुववृत्तीय प्रधर 1994 में नहीं था, और सन 1997 में कमजोर था। जब की ऋण द्विध्रुवीय वर्षों में याने की 1992 और 1996 में प्रधर विषुववृत्तीय जेट की धन द्विध्रुवीय वर्षो में न होने से विषुवृत्तीय क्षेत्र में कमजोर पश्चिमी हवा का बहाव हो सकता है। घन और ऋण दोनों ही द्विध्रुवीय-वर्षों में ही प्रतिकृति में नीचले सतह के बहाव की दिशा में प्रतिलोम और बहाव की तीव्रता आधी पाई गई।

In-situ एवं उपग्रह निरीक्षण द्वारा निदानसूचक अध्ययन

अनुकूलन गर्जन तुफानों की बारंबारता में आंतर-ऋतुवीय दोलन की भूमिका

सन 1981 से 1995 का डाटा इस्तेमाल करते हुए, दक्षिणी उष्णकटिबंधीय हिन्द महासागर के विषुववृत्तीय गर्जन तुफानों की बारंबारता का नियंत्रण का आंतर-ऋतुवीय निम्न बारंबारता दोलन से अनुसंधान नवम्बर से अप्रैल तक के महिनों मे किया गया, क्यूंकि, इन्हीं महिनों में तुफानों की बारंबारता ज्यादा होती है। निम्न बारंबारता के दोलनों की तीव्रता का (55° - 105°E , 5°-10°S) इस क्षेत्र में अनुमान पांच दिवसीय ओ.एल. आर. डाटा का उपयोग करते हुए लगाया गया। इस ओ.एल.आर शृंखला को बैंड पास निस्यंदन लगाया गया। और निम्न बारंबारता बैंड (10-20, 20-30, 20-40) के उतार चढावों की गणना की गयी। प्राथमिक परीणामों से यह पता चला कि, इन निम्न बारंबारता प्रणालियों की तीव्रता का उष्णकटिबंधीय तुफानों से व्यस्त संबंध है।

अरबी सागर मे पवन परिवहन

सन 2000 से 2003 इस काल के लिए क्वीकस्कॅट (QuikSCAT) हवाओं का इस्तेमाल कर, अरब सागर से 8.5°N के क्षेत्र में इकमन (Ekman) और स्व्हेरड्रप (Sverdrup) परिवहन का माध्य मासिक ध्रुववत्तीय औसत आकलन गया। यह तीव्र परिवहन गरमी के मानसून मे दक्षिण की तरफ और जाड़ेवाले मानसून के दौरान उत्तर की तरफ था। मौसम के लिहाज प्रतिलोम हवाओं का, प्रतिलोम धाराओं और परीणामस्वरूप बने माध्य परिवहन का भी योगदान था। सन 2000 से 2003 के जून और सितम्बर महिनों में, अरब सागर के 8.5°N के ध्रुववत्तीय इकमन परिवहन के साथ की अनुक्रम से -17.4 Sv और -6.1 Sv थी। जनवरी 2000 से दिसम्बर 2003 इन चार सालों के लिए ध्रुववृत्तीय इकमान परिवहन और स्व्हेरड्रप परिवहन के AS के दक्षिणीय परिसीमा पर 8.5°N आँकडे अनुक्रम से -3.4 Sv और -4.0 Sv थे। जब की गरमी में मानसून काल (जून से सितंबर) के लिए औसत ध्रुववत्तीय इकमन परिवहन के चार साल के लिए आँकडे अनुक्रम से -13 Sv और स्व्हेरड्रप परिवहन के -16.3Sv थे। अधिकतम ध्रुववत्तीय इकमान परिवहन जून महिने में जुन, जुलाई, अगस्त और सितम्बर से अधिक थे और वार्षिक औसत (तीन से चार साल) से बहुत ज्यादा था और अधिकतम स्व्हेरड्रप परिवहन जुलाई में था ।

हिन्द महासागर में अर्ध-वार्षिक रोसबी तरंग

असंगत उर्ध्वमुखी अर्ध-वार्षिक रोसबी तरंग (जो TOPEX/ POSEIDON SSHA से निस्यंदन) की थी। पूर्वी परिसीमा से पश्चिमी दिशा मे 1993 और 1996 के जुलाई / अगस्ट महिनों मे प्रेषण होने लगी। जो हिन्द महासागर द्विध्रुवीय (IOD) के 1994 और 1997 की घटनाओं के गठन के पहले एक साल से भी ज्यादा समय की बात थी (आकृति 51) । जुलाई 1995 1998 और 2001 के दौरान पूर्व दिशा में जो उर्ध्वमुखी अर्ध-वार्षिक रोसबी तरंग के संकेत देखे गये उस में पश्चिम की तरफ प्रेषण नजर नहीं आया। यह तीव्र उर्ध्वमुखी संकेत हिन्द महासागर के पश्चिमी



आकृति 51 : 1.5°N से 3.5°S के क्षेत्र में अर्धवार्षिक रॉसबी तरंगों का प्रेषण

उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में अत्युच्च द्विध्रुवीय के समय पहुँचता है। उर्ध्वामुखी संकेतों के पश्चात अधोमुखी अर्ध-वार्षिकी रॉसबी तरंग, जुलाई 1994 और 1997 में पूर्व में बनाए गए जिस ने विषुववृत्तीय हिन्द महासागर के तापप्रवणता को सी-सॉ गुणांक बताया गया। इन अर्धवार्षिक रॉसबी तरंगों के संकेतों को, पूर्वो सीमा के हवा के दबाव तरंगित की वजह से उत्तेजना मिली, परन्तु अर्धवार्षिक केल्वीन तरंग के आगमन से यह पुख्ता हो जाती है। इस तुलनात्मक छोटे से रिकार्ड की आधार पर पश्चिमी दिशा की तरफ चलनेवाले उर्ध्वमुखी अर्धवार्षिक रॉसबी तरंग संकेत हिन्द महासागर के द्विध्रुवीय का अनुमान लगा सकता है। ऐसा माना गया है। यह अर्धवार्षिक रॉसबी तरंगों को SODA (सिम्पल ओशन डाटा एसीमिलेशन) के तापप्रवणता की गहराई में भी देखा गया है।

हिन्द महासागर में ट्राईमस्ट्राल केल्वीन तरंग

असंगति उर्ध्वामुखी ट्राईमस्ट्राल केल्वीन तरंग का अक्तूबर, 1994 से लेकर नवम्बर/दिसम्बर, 1994 के दौरान हुआ विस्तार कि वजह से द्रोणी-विस्तार जोड़ प्रक्रिया का पूर्वी हिन्द महासागर की उष्मा से अंत हुआ। इस के अलावा, ऐसे उर्ध्वामुखी ट्राईमस्ट्राल केल्वीन तरंग एल नीनो के साथ के आयओडी (IOD) घटनाओं के दौरान नहीं पाए गए। (उदा. के लिए 1997)। आयओडी घटनाओं को समाप्त करनेमे सतह की उष्म गालकों का कार्य इसकी वजह से पुख्ता हुआ । आयओडी को समाप्त करनेमे सतह की उष्म गालकों की भूमिका का अध्ययन करने हेतु पूर्वी आयओडी बक्से में अप्रकट उष्मा और एसएसटी के बदलाव की रफ्तार का विश्लेषण किया गया । यह देखा गया कि, अप्रकट उष्मा के नाश में कमी की वजह से पूर्वी तटीय क्षेत्र के एसएसटी अपवादों को समाप्त किया जो कि, आयओडी घटनाएं समाप्त होने का कारण पाया गया जो खास करके एलनीनो के साथ साथ आयओडी वर्षों में पाया गया ।

आनुभाविक लंबकोणीय फलन विश्लेषण

उष्णकटिबंधीय हिन्द महासागर मे टीआयओ (TIO) सन 1993 से 2002 तक टोपेक्स (TOPEX)/ पोसीडॉन (Posoidon) (टी/पी) का विश्लेषण समुद्री सतह से गहराई में अपवाद (SSHA)

तथा उष्मा भंडारण अपवादों (HSA) के जरिये किया गया । टी/पी एसएचए. और एचएसए के पहले सीइओ एफ प्रणालि पर बदलाव की अनुक्रम से 30.13% और 43.12% की कुल असंगति पुष्टी की। इसके अलावा, द्विध्रुवीय जैसी रचना का अस्तित्व भी दर्शाया । टी/पी एसएसएचए और एचएसए के समुद्री सतह मे आनेवाले बदलाव मे अनुक्रम से 21.66% और 22.48% की पुष्टी की। इनमे से अंतराल/अवधी पद्धती ने स्पष्ट रुप से द्विध्रुवीय रचना को दिखाया । इसके अलावा, टीआयओ के संकेतों का पश्चिम दिशा में अग्रेसर होना भी दिखाया । इस अध्ययन ने यह भी साबित किया कि, आंतरवार्षिर्क विषमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, 15° S के उत्तर भाग मे ही होता।

वायूमंडलीय उर्जकियों में तरंग संख्या एवं बारंबारता क्षेत्र पर अध्ययन

(पी.एस. सालवेकर , डी.आर. चक्रवती, एस.एस. देसाई, एन.के. अगरवाल, एस्. डे. एस.एस. नाईक, आर.एस.के. सिंह)

मध्यम श्रेणी उष्णकटिबंधीय मौसम पुर्वानुमान मे पूर्वानुमान प्रतिकृति का अनरेखीय त्रुटियों का उर्जा बजट।

एनसीइपी (NCEP) (MRF) प्रतिकृति के रचनात्मक तथा स्वैर का 850 hPa पवन पूर्वानुमान का ज़ाड़े के (DJF, 2000-021) और गर्मी के (JJA, 2001) मौसम का, ऐसी जगहों पर जहां अधिकतम प्रत्यक्ष हवा के विरोध के संबंधों का परीक्षण किया गया । पद्धति से संबंधित और स्वैर त्रुटियों के फर्क के विश्लेषण से सामान्य कर दिया गया। करीब करीब ऐसे ही गुणात्मक तत्व जो फर्क की त्रुटियां और इनके सामान्य रुप, विश्लेषित बहाव के पद्धती से जुड़े और स्वैर त्रुटियों के बीच अरेखात्मक संबंध दिखाते है। इस का अर्थ यह हुआ कि, भौगोलिक वितरण में देखे गये अधिकतम दोषों के / त्रुटियों के स्थानों के बदलावों के पीछे हवा के भारी फर्क के अलावा, कुछ भौतिकी या गतीशीलता के कारण हो सकते है।

हवा के पुर्वानुमान (फोरकास्ट) के सांख्यिकी मुद्दे का अध्ययन करने के लिए पुर्वानुमान प्राप्तांक, (हर एक जाल क्षेत्र के मानक) विचतरण के गुणोत्तर का अध्ययन किया गया। इसकी मदद से उष्णकटिबंधीय क्षेत्र (30°S- 30°N) के कुछ भौगोलिक विभाग की ओर वैश्विक कटिबंध की पूर्वानुमान परिसीमा का अंदाजा लगाया जा सकता है। मूल औसत वर्ग फर्क उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों आच्छादित करता है जो दक्षिणी, गोलार्ध मे उत्तरीय जाड़े में बनने के बाद जब की, जब उत्तरी गोलार्ध में पैदा होता है तब उत्तरीय गरमी में वैश्विक कटिबंधीय में फैलाता है। यह तत्व, विभागीय (आकृति 52) और ध्रुववित्तिय हवाएं (आकृति 53) दोनों के लिए एक दिन ही रही । समूचे उष्णकटिबंधीय क्षेत्र का विचार किया जाए तो विभागीय (आकृति 52) और विषुवृत्तीय (आकृति 53) पूर्वातनुमान परिसीमा दोनो मौसम में क्रमश: 2 दिन और 1 दिन रही ।



आकृति 53 : एनसीइपी. (एमआरएफ़) प्रतिकृति के तहत, जाडों में (DJF2000-01) और गरमी में (JJA 2001) क्षेत्रीय पूर्वानुमान प्राप्तांक 850 hPa । एक से ज्यादा प्राप्तांक को छायित दिखाया है।



आकृति 53 : एनसीईपी (एमआरएफ़) प्रतिकृति के तहत, जाड़ों में (JJA 2001) में, ध्रुववर्त्तीय) पुर्वानुमान प्राप्तांक 850 hPa / एक से ज़्यादा प्राप्तांक को छायित दिखाया गया है।

उर्जा विनिमय में आन्तर-ऋतुवीय संक्रमण

कई उर्ध्व बारंबारता दृश्य जैसे कि, द मैडन जुलियन दोलन (एमजेओ) या एल-नीनो के दक्षिणी दोलन (ENSO) जलद वृद्धि दर्शाते है जहां वह वार्षिक चक्र जैसे अन्य काल मापन अवरोध के साथ किसी दशा में गुजरते हुए मालूम होते हैं। सन 2001 के लिए, इसीएमडब्ल्यूएफ पुनर्विश्लेषण (इआरए 40) डाटा संच इस्तेमाल करते हुए मिसाल के तौरपर अलग अलग काल मापन के अवस्था का अध्ययन किया गया, जिस के अंतर्गत यह देखा गया कि, अवरोध अवस्था के दौरान गैररेखात्मक उर्जा विनिमय में एक काल मापन दूसरे में बड़ी वृद्धी हुई।

बारंबारता क्षेत्र के अरेखात्मक एपीइ (APE) (प्राप्य विभव ऊर्जा) विनिमय का प्राथमिक अध्ययन किया गया जो, 2004 के भारतीय ग्रीष्म मानसून के संक्रमण रुकावटों के रखरखाव के दाब प्रवणक प्रणाली का परीक्षण करने के लिए किया गया। उसने यह दिखाया कि, तीस - साठ दिनों के कालमापन में 'एपीइ' का एमजेओ (MJO) आन्तर काल मापन आन्तरक्रिया की वजह से घटता है और उपरी क्षोभमंडल में एपीइ के अल्पकालिक क्रमप्राप्त उर्ध्वगामी का अस्तित्व बना रहता है। फिर भी एपीइ वर्णावली ने साठ दिनों के काल के लिए अधिकतम सीमा दिखाई ।

भारतीय क्षेत्र के दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन काल को समझने का निदानपूर्वक अध्ययन

केरल के तटीय क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिमी मानसून का आगमन और इसके परिणाम स्वरुप वायुमण्डलीय परिसंचरण प्रणाली में इसके प्रभाव का अध्ययन किया गया। जब सन 2004 के सूखे में विचित्र आगमन घटना और सन 2004 मे असाधारण मानसून हुआ । इसके लिए 15 मई से 15 जून तक क्षोभमंडल के विषुववृत्त से 25°N और 50° - 90°E, इस क्षेत्र में लगातार एनसीइपी (NCEP) पुनर्विश्लेषित दैनिक हवाएं, तापमान और आर्द्रता डाटा के साथ परीक्षण किया गया ।

2004 (18 मई) से बहुत पहले हुए आगमन के लिए की गयी परिगणना ने यह दिखाया कि, दक्षिण-पश्चिमी अरब सागर के तथा निम्न एवं मध्य क्षोभमंडल में उपर की तरफ़ तीव्र चलन था इससे तीव्र मध्यमापी प्रवाह का अस्तित्व सूचित किया गया । अधोमुखी गति (ω)20 मई को उपर की तरफ तेज़ी से बढ़ गई और भारत के दक्षिण पूर्व तटीय क्षेत्र में यह 700 hPa पर, $\omega = -19 \times 10^{-3}$ mb s^{-1} तक पहुँच गई । इससे बंगाल के उपसागर के उत्तरी भागों में 17-20 मई के दौरान बहुत तीव्र चक्रवात तूफ़ान की पुष्टी की। परन्तु सारांशी मापन क्षेत्र में जब औसत निकाली जाती है , तब उर्ध्व गति की मात्रा कम हो जाती है। ऐसा लगता है कि, केरल के तटवर्ती क्षेत्र के 18 मई के मानसून का कारण अरब सागर और बंगाल के उपसागर में स्थित तीव्र प्रणालियां ही है। मई के तीसरे हप्ते से ही उपर की तरफ़ चलने में असाधारण तीव्रता पायी गई जो विशेष रुपसे भारत के पूर्वी क्षेत्र में तथा बंगाल की खाड़ी में पाई गई। फिर भी , विषुवृत्तीय उत्तरी भागों में 1 जून से ही पूरी तरह से बड़े पैमाने पर मानसून का विकास देखा गया। उपर निर्दिष्ट मुद्दों से यह अनुमान किया गया कि, बड़े पैमान पर मानसून

के बहाव का मानसून आगमन को अंतिम रूप देने के लिए ज़रूरत होती है क्यूँकि मानसून पूर्व प्रणालियों की वजह से संवहनीय प्रक्रिया नज़र आ सकती है।

सन 2002 के लिए 8 जून तक गतिशील प्राचल की उर्ध्व कक्षा, मध्यमापी जैसी थी। उसके उपरांत 9 जून से सभी प्राचलों ने क्षैतीज मापन में वृद्धि दिखाई दी याने कि, सारांश मापन में उत्तरी अरब सागर से बंगाल के उपसागर के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में, उत्तरी-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व पट्टी में 12 जून को तीव्र चक्रवती बहाव पाये गए । इसमें $\zeta = 5x10^{-5}\ s^{-1}$ और 850 से 750 hPa थी। अरब सागर के दक्षिणी क्षेत्र में वातावरण के प्रवाह बड़े पैमानेवाले मानसून के पक्ष में नज़र आए। मानसून आगमन के परिघटना के सारे मुद्दे 9-15 जून तक देखे गए । केरल के तटीय क्षेत्र (5°-15°N, 65° - 85°E) के घिरे हुए क्षेत्र के लिए क्षेत्रिय औसत भ्रमिलता जो 85° hPa की काल श्रेणी भी अलग अलग सालों के लिए हासिल की गई जो चित्र 4 में दर्शाई गई है। सन 2002 के लिए भ्रमिलता की मात्रा का दोलन 1 से 8 जून के दौरान देखा गया । इसके बाद वह धीरे धीरे बढ़ती गई और १२ जून को अधिकतम भ्रमिलता $\zeta = 2x10^{-5}\ S^{-1}$ थी। इस परिगणा ने यह सूचित किया कि, यद्यपि दक्षिण-पश्चिमी मानसून का 29 मई, 2002 का एलान किया गया जो, केरल के तटीय क्षेत्र के बरसात के मापदंड पर आधारित था। फिर भी, इस क्षेत्र में EQ-25° और 50° -90° E 12 जून तक निम्न स्तर पर प्रवाह पक्ष में नहीं था। सन 2004 के असाधारण वर्ष में अधिकतम भ्रमिलता छोटे क्षेत्र में देखी गई । भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के सतह औसत भ्रमिलता क्षेत्र से 900 hPa उचित पाया गया। दूसरे शब्दों मे, बरसात के आगमन की तारीख़ का फ़ैसला करने के लिए सिर्फ़ केरल के तटवर्ती क्षेत्र की बरसात के मापदंड तर सीमित नहीं है।



आकृति 54 : भ्रमिलता की काल श्रेणी के लिए लघु क्षेत्रों का 850 hPa जलवायु तथा वैश्विक प्रतिकृति

जलवायु तथा वैश्विक प्रतिकृति



जलवायु तथा वैश्विक प्रतिकृति विभाग, मौसम व्यवस्था के भौतिक और गतिशील प्रतिक्रियाओं को समझने के लिए वैश्विक प्रतिकृति का अध्ययन करता है। मौजूदा अनुसंधान कार्यक्रम निम्नलिखित उद्देश्यों पर केंद्रित है :

- वैश्विक मौसमी हवामान के भौतिक व गतिशील प्रक्रियाओंका और उनमें आनेवाले फर्क और बदलाव जो अलग काल प्रणाली जुड़े है, उनका अध्ययन करना।
- ऐसी भौतिकी व गणिती प्रतिक्रिया बनाना और उनमें सुधार लाना जो जलवायु अनुकरण कर सके, उनकी परिवर्तिता और प्राकृतिक एवं मानवोदभवी कारणों से आए बदलाव दिखा सके तथा इन मौसम की प्रतिकृति द्वारा मिले परिणामों का मूल्यांकन कर सके।
- मानसून के मौसम के साथ साथ, बरसात का पूर्वानुमान करने हेतु सामान्य परिसंचलन प्रतिकृति को बनाना।

भारत- एशियाई पैसिफिक क्षेत्रों पर दीर्घगामी पद्धति और परिवर्तिता की निदानसूचक तथा प्रतिकृति का अध्ययन

(आर . कृष्णन, जे.आर. कुलकर्णी, ए.के. सहाय, एस.के. मांडके, एम. मुजुमदार, पी. घारगे, के.वी. रमेश)

ओशियन जीसीएम (GCM) द्वारा हिन्द महासागर द्विध्रुव / क्षेत्रीय मोड घटनाओं का सांख्यिकी अनुकरण

हाल ही में किये गये अध्ययनों में, उष्णकटिबंधीय हिन्द महासागर के सागरी वायुमंडल में जो अस्थिरता है उसकी तरफ ध्यान खींचा है। यह पैसिफिक सागर के एलनीनो / दक्षिणी दोलन (इएनएसओ ENSO) तत्व जैसा है और यह हिन्द महासागर द्विध्रुवीय / विभागीय माध्य (आइओडीझेडएम IODZM) नाम से जाना जाता है। अब इस बातको मान्यता मिली है कि, महासागर- वायुमंडल जोड़ जो आईओडीझेडएम बात को मान्यता मिली है कि, इसमें प्रसिद्ध Bjerknes पुनर्निवेशन पद्धती का सहभाग होता है, जिसमें सागरी तापमान के गुणांकन की वजह से विभागीय हवा और अवक्षेपण में बदलाव आते है, ताकि क्षेत्रीय पवन असंगत अनुषंग से सागरी तापमानों पर उर्ध्वमुखी/ अधोमुखी बदलावों के जरिये तापप्रवणता चालकता में बदलाव लाकर प्रभाव डाल सके । इस अध्ययन के दौरान आइओडीझेडएम के साथ जुड़े हुए जो सतह के नीचले हिस्से के लक्षण उभर आए उनका अन्वेषण महासागर सामान्य परिसंचरण प्रवाह मोडल (OGCM) के निरीक्षण और सांख्यिकी स्वांगीकरण के आधार पर किया गया। 43 वर्षों (1958 से 2000) के अंतराल के लिए किये गए स्वांगीकरण प्रयोगों के तीन संच किए गये। पहले प्रयोग में (Exp 1) ओजीसीएम के आंतरवार्षिक बदलने वाले पवन प्रबलता और हवामान के उष्म गालकों का इस्तेमाल किया गया। दूसरे प्रयोग में (Exp 2) में OGCM की प्रबलता के पवन प्रबलता एवं जलवायुविक उष्म गालकों के आन्तर-ऋतुवीय का इस्तेमाल किया गया। तीसरे (Exp 3) प्रयोग में ओजीसीएम के जलवायु पवन प्रबलता और आंतरवार्षिक बदलते उष्म गालकों का इस्तेमाल किया गया।

Exp 1 और Exp 2 प्रयोग/स्वांगीकरण ने जिसमें आंतरवार्षिक बदलते प्रबलता का इस्तेमाल किया गया, आईओडीझेडएम उत्क्रांति के सतह के नीचले बदलावों के निरीक्षण दर्शाये (आकृति 55) । इसके विपरीत सतह के नीचले हिस्से में उतार चढ़ाव Exp 3 में 'न' के बराबर पाये गये क्यूंकि आंतरराष्ट्रीय बदलते पवन प्रबलता ना होने की वजह से सागरी गतिशील बदलाव मौजूद नहीं थे। ओजीसीएम स्वांगीकरण के सतह के नीचले हिस्से के बदलावों का विश्लेषण करने से इस बात का पता चला कि, आइओडीझेडएम घटनाएं परीपक्व होने के एक साल पहले उनका पता लगाया जा सकता है। पूर्व की तरफ चलनेवाली उष्मांश असंगत जो विषुवृत्तीय क्षेत्रों में होती है, उन्हें वर्षा (-1) के शरद ऋतु मे देखा जा सकता है। यह हिन्द महासागर के पूर्वी भागों मे उष्मा



आकृति 55 : आइओडीझेडएम घटना के दौरान उपरी तीन सौ मीटर के उष्मांक असंगती का रेखांश-काल विभाग अपवादों को 10°S और विषुवृत्त के बीच अक्षांश औसत किया गया। (a) एसओडीए (SODA) डाटा संच (b) EXP 1 (c) EXP 2 (d) EXP 3 काल अक्ष (0000,0001,0002) अनुक्रम से (-1,0,+1) साल के आइओडीझेडएम घटना साल से (0) तालुक रखता है।

इक्ट्ठा करने मे अग्रणी रहते है। पूर्वी हिन्द महामसागर में उष्म पानीके इकठ्ठे होने के बाद मार्च अप्रैल मई [MAM(O)], से आगे वसंत ऋतु में उष्मांश असंगती धीरधीरे पश्चिम की तरफ अग्रेसर होते है। पश्चिम की तरफ बढ़नेवाले उष्मांक असंगती का संबंध, अपवादात्मक पूर्वी हवाओं के जोर से उठे, विषुवृत्त से दूर रॉसबी लहरों से है। मई-जून के आसपास मौसमी अधोमुखी, पूर्वी हिन्द महासागर के शीतलन को आगे संवर्धित है। जून, जुलाई अगस्त [(JJJA(O)] में शीतल असंगत द्विध्रुव पद्धती तथा पश्चिम में उष्ण असंगतों को देखा जा सकता है। सितम्बर , अक्तूबर, नवम्बर [(SON (O)] के दौरान द्विध्रुव पद्धति में SST असंगत तथा पूर्वाभिमुखी पवन असंगत पाए गए। आगे चलकर यह देखा गया कि, उपसतह उष्णता अपवाद के द्विध्रुवीय पद्धती से [(SON(O)] आगे भी चलते रहते है और सर्दी के दिसम्बर, जनवरी, फरवरी [(DJF(O), के महीनों मे असंगत बहुत ही तीव्र होती है। पश्चिमी हिन्द महासागर के पूर्व की तरफ बढ़ते हुए उष्मांक असंगत से आइओडीझेडएम के खत्म करने में, पश्चिमी हिन्द महासागर से उष्मांक असंगत का पूर्वी दिशा में बढ़ना एक महत्वपूर्ण अंग था। (MAM (+1) तक पूर्वी हिन्द महासागर के शीत असंगती नाट्यपूर्ण तरीके से घट गए। इस खोज से आगे पता चला कि, आइओडीझेडएम के निकल आने से विषुववृत्तीय हिन्द महासागर पर क्षेत्रीय पूर्वी-पश्चिमी बहावों का तथा पैसिफिक वॉकर सेल का आपसी मिलाफ एक अहम् भूमिका निभाता है।

इसके अलावा असंगत प्रयोगों का कार्यन्वयन हिन्द महासागर सामान्य परिसंचरण माडेल द्वारा किया गया । आयआडीझेडएम घटनाओं के साथ महासागरीय असंगति की व्युत्पत्ति के संबंध दक्षिण-पश्चिम मानसून परिसंचरण को समझने के लिए किया गया । विषुवृत्तीय बहाव से जुड़े पूर्वी हवाओं का बढ़ावा मिलना, ठंडे पानी के अधोमुखी को उकसाने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तापप्रवणता के तीव्र अधोमुख उत्थान जिसकी वजह से पूर्वी हिन्द महासागर के शीत असंगति महासागरी गतिशील प्रक्रिया से कायम रखे जाते है। इस अध्ययन ने स्पष्ट किया कि, आइओ डीझेडएम घटना के दौरान महासागरी उप सतह के पास असंगती का पता करने मे दक्षिणी-पश्चिम मानसून का जोर एक महत्वपूर्ण अंग होता है।

गतिशील प्रतिकृतियों द्वारा मानसून विस्तृत परिसर पुर्वानुमान की संभाव्यता

मानसून विस्तृत परिसर पुर्वानुमान की संभाव्यता की खोज करने हेतु विश्व वायुमंडल की प्रतिकृति का इस्तेमाल कर के सांख्यिक प्रयोगों का आयोजन किया गया । समुद्री सतह तापमान (SST), मृदा नमी आदि, वायुमंडल असंगत से तुलना करे तो, धीरे से बदलते है। फिर भी विस्तारीत पहुंच के अनुमान की (कालमापन ~2-3 हप्ते) समस्या, सिर्फ वायुमंडल पर धीरे से बदलनेवाली परिसीमा स्थितीयों का परिणाम नहीं तो वातावरण के शुरुआत की स्थितीयों का प्रभाव भी है। वायुमंडल प्रतिकृती के सांख्यिक जोड़ से एक ही सांख्यिकिय समाकलन परिसीमा प्रबलता परंतु अलग अलग आरंभिक स्थितीयों में कुछ दिनों बाद अलग चले जाते है। अंतर्गत गतिशीलता के कारण पैदा हुए बदलाव भारतीय मानसून क्षेत्र में पर्याप्त माने जाते है। दीर्घकालिन परिसर मानसून पुर्वानुमान को प्रभावित करनेवाली आन्तरिक गतिकीय भूमिका समझने के लिए वैश्विक वायुमंडल प्रतिकृति की सहायता से अनेक संचों में प्रयोग किये गये। इस अध्ययन के प्रारंभिक परिणामों ने दिखाया कि, जब प्रतिकृति जोड़ कमजोर मानसून स्थिती से संबंधित परिस्थितियों से शुरु होते है तब विविध गुटोंके घटकों मे कम फर्क होने की प्रवृत्ती होती है। दूसरी तरफ, जब प्रतिकृति जोड़ सक्रीय मानसून स्थिती से संबंधित परिस्थितियों से शुरु होते है तब घटकों मे वितरण बहुत ज्यादा मिला।

एजीसीएम (AGCM) द्वारा 2004 का ग्रीष्म मानसून गतिकीय पूर्वानुमान

दो, वायुमण्डलीय सामान्य परिसंचरन प्रतिकृतियों का (एजीसीएमएस) इस्तेमाल कर सन 2004 के मानसून ऋतु की संभावना के मानसून ऋतुवीय प्रागुक्ती प्रयोग किये गये। जो दो, एजीसीएमएस हेतु प्रयोग में लाये गये वह थे, (1) COLA T30L18 एवं (2) पोर्टेबल युनिफाइड मोड (PUM) Ver. 4.5 जाल-बिन्दु जीसीएम यूकेएमओं (UKMO) से किए गए । मई, 2004 में निरीक्षण की गयी आधुनिक एसएसटी असंगतीयों को मासिक जलवायुवीक एसएसटी पर चढ़ाकर एवं जीसीएम प्रयोगों के परिसीमा स्थिती के रुप में उपयोग किया गया। COLA-AGCM के बारे में विभिन्न प्रारंभिक स्थितियों के निरीक्षणों से शुरु हुए चार घटकों से बने गटों के परीक्षण किये गये। PUM-AGCM के बारे में विभिन्न प्रारंभिक स्थितियों के निरीक्षणों से शुरु हुए छ: घटकों से बने गटों के परीक्षण किये गये। COLA अनुकरण परिणामों ने दिखाया कि, सन 2004 के लिए भारतीय क्षेत्र में वर्षा की कमी है। (औसत -16 % का प्रस्थान से सामान्य पर) । पीयुएम परिणामों ने दिखाया कि सन 2004 मे भारतीय क्षेत्र मे मानसून की वर्षा घट गयी। (औसत से - 3.0% का प्रस्थान से सामान्य पर)

पैसिफिक उत्तर-पश्चिमी पर उष्णकटिबंधीय चक्रवात और उनका दक्षिण-पश्चिमी मानसून-प्रवाह संबंध

पैसिफिक के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र की तूफान प्रक्रिया की भारतीय उष्म मानसून के संबंध मे जो परिवर्तिता है, उसका परीक्षण करने हेतु कई अध्ययन किये गये है। अब इस बात का पता चला है कि, भारत की मानसून मे होनेवाली वर्षा मे जो 'खंड' (सुखा अवधि) होते है, उनका रिश्ता उत्तरी-पश्चिमी पैसिफिक के उष्णकटिबंधीय चक्रवातों से है, जो उत्तर दिशा की तरफ बढ़ते है। हालही में सन 2002 का जो मानसूनी अकाल पड़ा , वह इस मुद्दे की पुष्टी करता है। आकृति 56 व 57 दर्शाते है कि, सात उष्णकटिबंधीय तूफान, जो जुलाई 2002 में बने, उनमें से ज़्यादातर उत्तरी दिशा में बढ़े जिसकी वजह से फिलीपाइन्स-तैवान क्षेत्र में भारी वर्षा हुई (आकृति 56) । इसी दौरान भारतीय द्वीपकल्प में तीव्र और लंबे समयका मानसून खंड पाया गया । पैसिफिक पर चले उष्णकटिबंधीय चक्रवात में और दक्षिण-पश्चिमी मानसून परिसंचरण में जो गतिशील संबंध है, उसका अन्वेषण किया गया जिसके लिए पचपन साल के लंबे समय के (1948-2003) तूफानों के मार्ग पृथ्वी के रोज़ाना जलवायु के बहावों के निरीक्षणों के डाटा का इस्तेमाल किया गया। इस अध्ययन से यह पता चला कि, भारतीय मानसून आंतरवार्षिक परिवर्तन के साथ जुडे हुए, बड़े पैमाने पर बहाव में जो असंगतियाँ है वह पश्चिमी पैसिफिक में आनेवाले उष्णकटिबंधीय चक्रवात प्रणाली पर प्रभाव डालने में अहम् भूमिका निभाते है। पश्चिम मध्य पैसिफिक के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में चक्रवात उत्पन्न होने का प्रभाव कमजोर मानसून वर्षो में, तीव्र मानसून वर्षो की तुलना मे 1.33 से अधिक नज़र आया। इसके अलावा, पैसिफिक चक्रवात की उत्तरी दिशामे अग्रेसर होकर दोबारा मुड़ने की वृत्ति (20°N की तरफ) कमज़ोर मानसून वर्षो में पायी गयी। कमज़ोर मानसून वर्षो में चक्रवात उत्पन्न बढ़ोत्री होना, चीनी समुद्र, तैवान एवं फिलीपाइन्स क्षेत्र से उप उष्णकटिबंधीय पैसिफिक के लंबे चौड़े क्षेत्र में निम्न सतह चक्रवाती भ्रमिलता असंगती से जुड़ा नजर आया। जब कि, उष्णकटिबंधीय चक्रवात का चलन उपरी क्षोभमंडल परिचालन प्रवाह की असंगति के साथ जुड़ा नजर आया।



आकृति 56 : (अ) जुलाई 2002 मे बरसात की असंगति का (मि.मी. प्रतिदिन) विशेष वितरण जालक वर्षण डाटा अवक्षेपण के 'क्लायमेट प्रिडिक्शन सेंटर मर्ज्ड ॲनेलिसिस ऑफ प्रिसिपिटेशन' से लिया गया है, जो उपग्रह से मिले संकेत और मिश्रित वर्षा मापन निरीक्षण का संयुक्त रुप है। (ब) उष्णकटिबंधीय पैसिफिक पर 2002 में देखे गये चक्रवात मार्ग । मानसून के महिनों मे अलग अलग रंगों में यह दर्शाये गये है। (जून (लाल) , जुलाई (हरा), अगस्त (नीला) तथा सितम्बर (जामुनी))

इसके अलावा सन 2002 का मानसून अकाल का अध्ययन करने के लिए, वायुमण्डलीय जीसीएम का इस्तेमाल करते हुए, कई सांख्यिकी स्वांगकीकरण के प्रयोग किये गये। सन 2002 की ग्रीष्म में मध्यम एलनीनो स्थिती पायी गई। सन 2002 के पैसेफिक महासागर के सतहों के तापमानों के एसएसटी असंगति पर जो प्रतिकृति प्रयोग किये गये थे, उन्होने दक्षिण पश्चिमी मानसून प्रवाह के कमज़ोर होने के और भारतीय क्षेत्र में बारीश कम होने के संकेत दिये। इसके अलावा, इस प्रतिकृति में एलनीनो प्रतिबल को बडे पैमाने पर प्रवाह में जो अपवादात्मक प्रतिसाद मिला वह पैसिफिक के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के उष्णकटिबंधीय चक्रवात क्रिया में बदलाव लाता नज़र आया । जीसीएम स्वांगीकरण ने यह दर्शाया कि, जब एलनीनो का संबंध हो, तब पैसिफिक में उष्म एसएसटी असंगत प्रतिबल से, उत्तरी पश्चिम पैसिफिक में, उष्णकटिबंधीय चक्रवात में सर्वसाधारण वृद्धी होती है (आकृति 57) ।



आकृति 57 : जीसीएम स्वांगीकरण प्रयोगों से प्राप्त की गयी चक्रवात घनता। (a) जलवायुवीक के एसएसटी के प्रयोग । (b) सन 2002 के एसएसटी के इस्तेमाल के साथ किया गया प्रयोग। (c) सन 2002 का एसएसटी, सिर्फ पैसिफिक महासागर के लिए और अन्य जगहों पर जलवायुवीक एसएसटी का इस्तेमाल किये हुए। (d) सन 2002 का एसएसटी, सिर्फ हिन्द महासाग रके लिए और अन्य जगहों पर जलवायुवीक एसएसटी का उपयोग। यह परिणाम 10 सभासदों के समुच्च समाकलन चार प्रयोगों में कार्यान्वयन किया गया ।

कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क द्वारा सामान्य परिसंचरण प्रतिकृति क्रमबद्ध त्रुटि सुधार एवं मौसम पुर्वानुमान

(ए.के. सहाय, जे.आर. कुलकर्णी)

भारित समुच्च माध्य पद्धती के उपयोग से आधुनिक मानसून गतिशील ऋतु का अनुमान

प्रायोगिक गतिशील समुच्च ऋतु अनुमान जो हालही के छ: भारतीय ग्रीष्म मानसून का भारित समुच्च माध्य पद्धती से मूल्यांकन किया गया । 1999 से 2004 तक के छ: मानसून ऋतुओं के लिए बारह घटकों का बना गट इस्तेमाल किया गया, जो पोर्टेबल युनिफाइड मॉडल (PUM Version) 4.5 एजीसीएम विशेषता के साथ जिसमे मई एसएसटी असंगत अटल सीमापरत प्रतिबल थी। भारतीय ग्रीष्म मानसून अवक्षेपण स्वांगीकरण की प्रतिकृतियां शुरुआत की स्थितीयों में आनेवाले छोटे बदलावों के प्रति संवेदनशील है इसलिए बड़े आन्तरिक समुच्चय विस्तारित बनते है। 12 घटकों के गट की प्रतिकृति के जो भारत की गरमी के मानसून अवक्षेपण के लिए बनाये गये है उनके मानकाता विस्तारित आकृति 58 में दर्शाये गये है। यह देखा गया है कि, समुच्चय विस्तारित छ: मानसून ऋतुओं मे बदलता है, और सन 2002 (2003) में वह न्यूनतम (अधिकतम) था।



आकृति 58 : भारतीय ग्रीष्म मानसून के अवक्षेपण का मई एसएसटी असंगत अटल के साथ किया हुआ प्रतिकृति स्वांगीकरण, जो गट के 12 घटकों का मानकता विस्तारित दिखाया है।

भारित समुच्च माध्य पद्धती (WEM) जिसमें समुच्चय घटकों का ज्यादा (कम) अधिभार देती है, जिसके लिए दैनिक असंगती के बीच के फासले की जोड़ जो बाकी समुच्चय घटक से कम (ज्यादा) होती है। अनुमान न किये जानेवाले आंतरिक गतिशीलता से आनेवाली आवाज़ को कम करने से, एसएसटी के परिसीमा प्रतिबल से निर्माण होनेवाले संकेतों को डब्ल्यूइएम पकड़ सकता है।

ग्रीष्म मानसून अवक्षेपण का अवसत भारतीय भूमी पर निकाला गया 12 घटकों के गटों की समुच्च माध्य (EM) औसत जो प्रतिकृति के स्वांगीकरण मदद से प्राप्त हुई और डब्ल्यूईएम जो, संबंधित सीएमएपी के निरीक्षणों के साथ निकाले गये, इनकी तुलना और उनका प्रतिशत प्रस्थान आकृति 59 में दर्शाया है। चित्र में यह साफ नज़र आ रहा है कि, सन 2000 को छोड़कर डब्ल्यूईएम अवक्षेपण पूर्वानुमान में वृद्धी लाता है।



आकृति 59 : 12 घटकों के गुटों का औसत (BE) भारीत समुच्चय माध्य (डब्ल्यूइएम) और निरीक्षण (सीएमएपी) में भारत की ग्रीष्म मानसून में देखा गया प्रतिशत प्रस्थान

सभी छ: मानसून के लिए 30°-150°E, 20°S-40°N के क्षेत्र में अवक्षेपण असंगत का क्षेत्रिय आबंटन की इएम व डब्ल्यूइएम में सीएमएमी के असंगतों के साथ तुलना की गयी। इससे यह पता चला कि, डब्ल्यूइएम की अवक्षेपण असंगति इएम की तुलना के निरीक्षणों से ज़्यादा नजदीक है। सन 2002-2003 की ग्रीष्म मानसून के इएम एवं डब्ल्यूइएम के लिए अवक्षेपण असंगती आकृति 60 (a, b एवं d, e अनुक्रम से) दिखाई गई है। संबंधित सीएमएपी निरीक्षण (CDC अवक्षेपण विलिन विश्लेषण) को भी आकृति 60 में से बनी (c एवं f 2002 व 2003 अनुक्रम से) दर्शायी गयी है। भारित समुच्चा माध्य प्रणाली साफ तौर से आकृति में सुधारित दिखाई गयी ।

सन 2003 (2004) में भारत के उपर अवक्षेपण के औसत ज़्यादातर गटों के घटकों मे मई के महिने में दोनोही सालों में 'लानीना' के होते हुए भी सकारात्मक (नकारात्मक) थे। इसका यह मतलब है कि, नीनो 3 के अलावा, महासागरीय द्रोणी के एसएसटी मानसून के आंतरवार्षिक परिवर्तिता में भूमिका निभाते है।



आकृति 60 : असंगति अवक्षेपण अ) १२ घटकों का समुच्च माध्य ब) भारित समुच्च माध्य क) सीएमएपी निरीक्षण, ग्रीष्म मानसून 2002 के लिए। ड) 12 घटकों का समुच्च माध्य इ) भारित समुच्च माध्य फ) सीएमएपी निरीक्षण, ग्रीष्म मानसून 2003 के लिए।

एनव्हीस केन्द्र
(अम्ल वर्षा और वातावरण प्रदूषण)

इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य अम्ल वर्षा तथा वातावरण में प्रदुषण फैलानेवाले घटकों के बारे में जानकारी इकट्ठा करना और लोगों तक पहुंचाना है। तथा इसे मौजूदा भारतीय डाटाबेस में जोड़कर निम्नलिखित लक्ष्य को हासिल करना है :

- प्रदुषण फैलानेवाले सारे घटक जैसे कार्बनमोनाक्साइड (CO) नत्रवायू के आक्साईडस (NOx) ओज़ोन (O_3), हवा में तैरते हुए पदार्थ कण आदी के संबंध में जो प्राथमिक या दुय्यम जानकारी है उनके गुणात्मक के साथ साथ संख्यात्मक डाटाबेस का विकास करना।
- पूरे डाटाबेस एक ही साईटपर पाने के उद्देश्य से डाटाबेस का दर्जा और प्राप्त करने के आधारपर वर्गीकृत करना और उन्हे वेबलिंकिंग के लिए उपलब्ध कराना।
- नियमितकालीन वृत्तपत्र, प्रबंध नियमितकालिकों में लेख या रिपोर्ट आदि के जरिये इस विषय के क्षेत्र में आनेवाले या इससे संबंधित सभी ताज़ी जानकारी ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए लोगों का उत्साह वर्धन करना।
- इस विषय के बारे में जनजागरण के लिए हर एक से इस बात के बारे में भेंटवार्ता या सभाओं द्वारा या कार्यकर्ताओं द्वारा समुपदेशन कर, उन्हें जानकारी एवं शिक्षा देना।

एनव्हीस केंद्र की स्थापना

(जी.बी. पन्त, जी. बेग और एस. गुंठे)

फरवरी, 2005 में अम्ल वर्षा एवं वायुमंडल के प्रदुषण के बारे मे सूचना प्रसारण करने हेतु तथा भंडारण बनाने के लिए, भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे द्वारा 'अम्ल वर्षा तथा वायुमण्डलीय प्रदुषक' विषय पर 'दी एन्विस सेंटर' की स्थापना की गयी। सामान्य जनता तक सूचना प्रसारण तेजी से करने के अंतीम उद्देश्य से भंडारण क्षति पूर्ति तथा प्रसार क्षमता को बनाया गया है। 'दी एन्विस सेंटर' ने एक जानकारी अभिलेख विकसित किया है, जिसमें वर्णनात्मक सूचना के साथसाथ सांख्यिक डाटा भी है। दूरदूर तक प्रसारण के लिए वर्णनात्मक जानकारी की पुस्तिकांए, रिपोर्ट, पुनर्मुद्रण और वायुमंडल के प्रदूषण संक्षिप्त रुप में जमा कर के रखे हैं। सांख्यिकी जानकरी संकलित कर, लिखकर प्रक्रिया और विश्लेषण वितरण के लिए इकट्ठी की गयी है। पुस्तिकाएं तथा रिपोर्ट के रुप में दस्तावेजों को नियतकालिक के माध्यम से निकाला जाता है । इसी तरह संपूर्ण संकलित की गयी जानकरी को वेबसाईट पर उपलब्ध कराया गया है। 'दी एन्विस' वेबसाईट का आरंभ 10 फरवरी, 2003 को हुआ तब वह मात्र नोड थी । आज के आइआइटीएम के एन्विस वेबसाईट का सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आइपी ॲड्रेस है। इस के तहत अन्य एन्विस नोड और केन्द्र स्त्रोत के साथ संपर्क, अखंडित चलन तथा व्यवस्थापन, पर्याप्त अचूक कामयाब चलन, बॅकअप, पुन:प्राप्ती व्यवस्था आदी है। इसमें कुछ शुरु की मूल जानकारी, जिसमे कई वृत्तांत स्वरुप उपखंड और विषय संबंधी विभिन्न मूल मुद्दे शामील है। वेबसाईट की रचना इस तरह से की गई है कि, सर्फिंग करते वक्त सारे संपर्क एक ही क्षेत्र ढ़ांचे में दिखाई देंगे। वेबसाईट में दिये हुए मुद्दों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए उसे लोकप्रिय वेब सर्च एंजिन जैसे, google .com, altavista.com और khoj.com के साथ दर्ज किया गया है। इसमे 'अम्ल वर्षा एवं प्रदुषक माडलिंग' यह वर्ड 'की-वर्ड' इस्तेमाल करते ही एन्विस वेबसाईट प्रथम विकल्प के रुप मे दिखाई देती है। दृकश्राव्य परिणामों के लिए इन विषयों संबंधी एनिमेटेड व्ही.सी.डी. (VCDs) सभी उपलब्ध है। इसके अलावा किड्स कार्नर, सूची, तथा पुत:प्राप्ती अनुयोग सत्र भी बनाए गये है।

वायुमण्डलीय प्रदूषक एवं उत्सर्जन आविष्कारक : सूचना एवं डाटा बेस

भारत में प्रदूषक फैलाने वाले विविध घटकों के बारे में डाटाबेस तैयार करके उनकी जानकारी जनता तक पहुंचाना ही केंद्र का मुख्य उद्देश्य है। इस उद्देश्य को पूरा करने हेतु प्रदुषण फैलाने वाले निम्न घटकों के डाटाबेस का विकास किया गया है :

- सल्फर डायाक्साईड (SO_2) : मुख्यता जीवाष्मा इंधन व कारखानों की वजह से
- सूक्ष्म कणरुप पदार्थ (PM) : मुख्यता डीज़ल के ज्वलन से
- कार्बन मोनाक्साइड (CO) : अधूरी ज्वलन प्रक्रिया से
- नायट्रोजन डायाक्साइड (NO_2) : जीवाष्म इंधनके ज्वलन से
- ओज़ोन (O_3) : प्रदूषण फैलानेवाला गौण घटक

भारत के प्रमुख शहरों की जानकारी लेकर उपर निर्दिष्ट प्रदूषक डाटा विकसित किया गया है । तैयार किये हुए डाटाबेस से ज़्यादा अनावश्यक डाटा को हटाकर, उसे नियमीत किया गया है ताकि, डाटा तर्कसंगत हो। वैसे डाटा को नियमित बनाने में अलग अलग घटकों के लिए मार्गदर्शक तत्व बदल सकते है। इस संस्थान की चल रही वर्तमान प्रक्रिया मे दिये जाने वाले डाटाबेस में आन्तरावस्था के साथ साथ वातावरण के अशुद्ध पर्दार्थों के परिणाम भी होते है। (जैसे कि, ओज़ोन NOx, CO, अति वाष्पशील सेंद्रीय पदार्थ) । पुणे शहर के लिए एक विश्वसनीय डाटा अर्जित प्रणाली (डीएएस) विकसित की है जो डाटा उसी समय हासिल करती है। यह बात पता चली है कि, पुणे में इस संस्थान के प्रांगण मे सालभर मे न्यूनतम तथा अधिकतम ओज़ोन का स्तर क्रमशः 10 ppb और 105 ppb पाया गया है जो कि, सीमा स्तर के उपर है। इस डाटाबेस के लिए दिया हुआ संपर्क स्थान, आप को डाटाबेस का- आलेखन रुप में -ऑनलाईन दृष्य दिखा सकता है। गौण डाटा सीधे सीपीसीबी, एनइइआरआइ (CPCB, NEERI) तथा अन्य संस्थाओं जैसी एजन्सियां निर्माण करती है अथवा वेबलिंक में शामिल होता है।

अनेक स्तरोंपर भिन्न स्त्रोतों द्वारा उत्सर्जित हुए प्रदूषक के भौगोलिक वितरण के लिए तैयार किये डाटाबेस जीआइएस (GIS) साफ्टवेअर का इस्तेमाल कर वेबसाइट में आफलाईन दिखाये जाते है । स्थिर या अस्थिर स्त्रोतों द्वारा विशेष समय के दौरान किसी एक स्थान से वायुमंडल में उत्सर्जित प्रदूषक फैलाने वाले पदार्थों की अंदाजन मात्रा (पौंड या टनोंमे) जो एक दिन या एक साल के लिए लागू हो, उसका रिकार्ड रखा जाता है, जो उत्सर्जन सूचि का आधार होता है। भारत की उत्सर्जन सूचि के लिए

डाटाबेस का और विकास कार्याधीन है। इसके लिए NOx ,CO, CH4 ब्लैक कार्बन जो यातायात के साधन, उर्जा और जैविक पदार्थों का ज्वलन आदी से संबंधी डाटा रखा हुआ है। इस डाटाबेस का वर्गीकरण तीन वर्गों मे होता है : (i) भारत में उत्सर्जन (ii) अलग अलग राज्यों में उत्सर्जन (iii) राज्यांतर्गत विभिन्न जगहों पर विशिष्ट उत्सर्जन स्त्रोत होने पर। महाराष्ट्र में डाटाबेस के आधारपर जीवाष्म इंधन से छोड़ी गई कार्बन मोनाक्साइड गैस 2857.3 (Gg) पायी गई है। उस के बाद है उर्जा केंद्रो द्वारा वातावरण का प्रदुषण। महाराष्ट्र के परली उर्जा केंद्र से CO_2, SO_2, NO, का उत्सर्जन क्रमशः 0.956, 0.006 और 0.007 मास/केडबल्यू एच घथकपाया गया है। इस समूचे डाटाबेस को आन लाइन देखने के लिए आन्तरापृष्ठीय/ लिंक है।

अम्ल वर्षा का डाटा बैंक

अम्ल वर्षा के बारे में भारत में उपलब्ध आकडों की जानकारी सीमित है। आइआइटीएम एन्विस वेबलिंक द्वारा इस विषय पर ज़्यादा से ज़्यादा जानकारी प्राप्त करके उसे प्रसारीत करने की दिशा में प्रयत्न किये जा रहे है। पीएच (pH) स्तर के आधार पर वर्षा जल का आम्ल तथा अल्कली में वर्गीकरण होता है। सात पीएच को उदासीन, उससे कम हो तो अम्ल और उससे ज़्यादा पीएच होने से अल्कली माना जाता है। वर्षा कुदरती अम्ल होती है क्योंकि, वातावरण में होने वाले कार्बन डायाक्साइड पानी के साथ संयोग करने पर कार्बोनिक एसिड पैदा करता है। वैसे शुद्ध बरसात की अम्लता पीएच 5.6-5.7 होती है परंतु पीएच जगह जगह पर बदलता है जो, वातावरण में होनेवाले अन्य गैसेस सल्फर डायक्साइड, नायट्रोजन आक्साइड के प्रमाण पर निर्भर करती है। सल्फर डायक्साइड एवं नायट्रोजन डायक्साइड ऐसे दो प्रदूषण फैलानेवाले घटक है जो अम्ल वर्षा के लिए जिम्मेदार है। यह दोनों घटक जीवाष्म पदार्थों के ज्वलन द्वारा उत्सर्जित होते है। उपलब्ध डाटाबेस के आधार पर यह कहा जा सकता है कि, मुंबई और कोलकाता जैसे दो बड़े शहरों के वर्षा जल में अम्लता का नामोनिशान नहीं हैं। मुंबई एवं कोलकता मे वर्षा जल क्रमशः 6.2 से 6.8 पीएच और 6.68 से 7.21 पीएच पाया जाता है। निरीक्षणों द्वारा यह नतीजा निकलता है कि, (अ) स्थानिक परिस्थिती में वर्षा जल उदासीन है। (ब) वर्षा जल में कार्बन डायक्साइड बहुत ही कम मात्रा में घुलता है और वह गैस वातावरण के गैस के साथ संतुलन में नहीं होता। जमीन, मछलियाँ और अन्य जीव मात्रोंओं की तथा मनुष्य के स्वास्थ्य की हानी जैसे कई परिणाम इस अम्ल वर्षा से देखे जाते है। पृथ्वी के कुछ भागों में से अम्ल वर्षा के कारण 'दृष्टी क्षीण होने का' परिणाम भी सामने आया है। वैसे, इस तरह के अम्ल बरसात की घटनाएँ भारत में बहुत ही कम मात्रा में और कभी कभार पायी जाती है।

भारतीय क्षेत्र में कार्बन मोनाक्साईड उत्सर्जन से जैविक इंधन स्त्रोत

वायुमंडल उत्सर्जित प्रदुषक निर्माण करनेवाले अशुद्ध पदार्थ घटक तत्वों के साथ जुड़े मुद्दे ही वायु प्रदूषण की समस्या को समझने में मदद देते हैं। युनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेंशन आन क्लाइमेंट चेंज (UNFCCC)) ने भी प्रदूषण संबंधी मुद्दों का हल ढूंढने का प्रयास किया है। हरित गृह वायुओं (GHG) तथा निमग्न के बारे में तुलनात्मक कार्यपद्धति से राष्ट्रीय सूचि बनाने की तुरंत आवश्यकता थी । राष्ट्रीय स्तर की सूचियां न सिर्फ विश्व के प्रदूषण तत्वों का अंदाज लगाकर उनके परिणामों में सुधार लाती है, बल्कि राह भी दिखाती है, जिससे देश अपने भविष्य में प्रदुषण के बारे में नीतियों का विकास कर सके, मानवोदभवी गतिविधियों को सुचारु रुप दे सकें। भारतीय उपखंड पूर्वसूचक ओज़ोन का अच्छा स्त्रोत है। मूल रुप से प्रभावी बहाव प्रणाली प्रदूषण निर्माण करने वाले पदार्थों को अपने साथ अपने प्रवाह की दिशा में एक जगह से दूसरी जगह ले जा सकती है। प्रदूषण संबंधी रासायनिक हवामान की जांच, जिस पर विश्व का नहीं बल्कि स्थानीय तथा प्रांतीय स्थिती का ज़्यादातर प्रभाव होता है, उसपर वैज्ञानिक समाज अपना ध्यान केंद्रित किये हुए हैं। इस में भारतीय उपखंड एक अहम् भूमिका निभानेवाला है। ग्रामीण तथा किसी हदतक शहरी क्षेत्रों में भी खाना पकाने के लिए तथा अन्य कई कामों में उपयोग के लिए जैविक इंधन महत्वपूर्ण स्त्रोत है। भारत में जगह जगह पर इन जैविक इंधनों का इस्तेमाल तथा इनके मिश्रण के तरीकों में फर्क होता है । चूल्हे, स्टोव आदी खाना पकाने के लिए उपयोग में लाए गये साधन तथा इंधन सामग्री के मिश्रण में फर्क के आधार पर इंधन के ज्वलन की क्षमता तथा कार्बन मोनाक्साइड का उत्सर्जन निर्भर करता है। इसलिए, जैविक इंधन के जलाने से वातावरण में उत्सर्जित कार्बन मोनाक्साइड के प्रमाण में, ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में बड़ा फर्क होगा। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों से उत्सर्जित CO का व जैविक इंधनों का संबंध जोड़ने से पहले, उस में इन क्षेत्रों का कितना सहभाग है, यह जानना जरुरी था। भारतीय जनगणना 2001 से ग्रामीण तथा शहरी आबादी से इस्तेमाल किये गये जैविक इंधन का अंदाजा लगाया जा सकता है। आज तक के परिवार संबंधी डाटा (Data), ग्रामीण तथा शहरी घरगृहस्थी मे खाना पकाने हेतु उपयोग मे लाये जानेवाले अलग अलग इंधनों के बारे में जानकारी देते है।

जनगणना के तहत किये गये सर्वेक्षण में जलाऊ लकड़ी, खेतों से भूसा, गौबर के उपले, कोयला (लिग्नाइट एवं चारकोल) मिट्टी का तेल, खाना पकाने की गैस (एलपीजी), बिजली, बायो-गैस तथा अन्य उर्जा स्त्रोतों का विचार किया गया। लकड़ी, भूसा और उपलें इस्तेमाल करनेवाले घरों को 'जैविक इंधन का उपयोग' करने वालों में मानना चाहिए। जनगणना के आकड़ों के अनुसार भारत के 192 मिलीयन घरों में से तकरीबन 139 मिलीयन घरों में खाना पकाने हेतु, मुख्य इंधन के रुप में जैविक इंधन का उपयोग होता है और इनमें से 90 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में है। जैविक इंधन का उपयोग करने वाले ग्रामीण तथा शहरी घरों के आकड़ों पर इस राज्य के, जैविक इंधन पर निर्भर रहनेवाले ग्रामीण तथा शहरी व्यक्तियों की संख्या का पता लगाया जा सकता है। राज्य के इलाकों से उत्सर्जित कार्बन मोनाक्साईड (CO) के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के योगदान का पता इन आकड़ों से चलता है जो कि ग्रामीण व शहरी CO के प्रमाण को दर्शाता है। हर राज्य के लिए ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में कार्बन मोनाक्साईड के प्रति व्यक्ति उत्सर्जन का पता वहां की लोकसंख्या व उत्सर्जित CO की मात्रा के आधार पर लगाया जाता है। कार्बन मोनाक्साईड के प्रति व्यक्ति उत्सर्जन के विभिन्न राज्यों में पाये जानेवाले फर्क से जैविक इंधन का उपयोग करने वाले लोग, इंधन के मिश्रण का फर्क़, चूल्हे के प्रकार, ज्वलन की क्षमता के बारे में तौलनिक रुप से जाना जाता है। फिर यह 'प्रति व्यक्ति' आकड़े जिले के स्तरपर आंके जाते है जिससे जैविक इंधन द्वारा उत्सर्जित कार्बन मोनाक्साइड जिले के स्तरपर देखा जाता है। सन 2001 में पूरे भारत वर्ष के क्षेत्रों से सभी इंधनों द्वारा उत्सर्जित कार्बन मोनाक्साईड की मात्रा अंदाजन 69376 (Gg) थी । जैविक इंधनों से उत्सर्जित कार्बन मोनाक्साईड की मात्रा उसी साल 34,282 Gg थी, जो कि पूरी CO की मात्रा से लगभग पचास प्रतिशत है। इससे यह प्रमाणित होता है कि, ग्रामीण क्षेत्रों का जैविक इंधन, पूरे भारतीय क्षेत्र से उत्सर्जित कार्बन मोनाक्साईड में महत्वपूर्ण व बहुत बड़ा योगदान देते है। आरेख 61(a,b,c) भारतीय क्षेत्र के सन 2001 के जैविक इंधनों द्वारा उत्सर्जित CO के ग्रामीण, शहरी और दोनों- ग्रामीण व शहरी विभागों के वितरण को दर्शाता है।



आकृति 61 : भारतीय क्षेत्र के सन 2001 के जैविक इंधनों द्वारा उत्सर्जित CO (a) ग्रामीण क्षेत्र (b) शहरी क्षेत्र (c) कुछ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र

प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाएँ

संस्थान में ज़ारी अनुसंधान के साथ साथ विविध प्रकार के अध्ययनों के लिये प्रायोजित परियोजनाओं को भी संस्थान में विशिष्ट स्थान है । इस वर्ष के दौरान प्रकाशित एवं ज़ारी, प्रायोजित परियोजनाओं के विवरण नीचे दिये गये हैं :

क्रम सं.	शीर्षक	मुख्य अन्वेषक	अवधि	अनुदान (रू.लाख)	निधि उपलब्धि
1.	वायुमण्डलीय वायुविलय भारण आयआरएस-पी-3एमओएस	डा. पी. सी.एस. देवरा	1997-2006	8.20	अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
2.	दक्षिण-भारत के अर्ध-शुष्क क्षेत्र के मिश्रित फसलों की प्रणाली में ऋतुवीय जलवायु पूर्वानुमान के प्रबंध संदर्श	डा. कृष्णकुमार	2000-2005	7.02	विश्व परिवर्तन प्रणाली के लिये विश्लेषण अनुसंधान और प्रशिक्षण, एशिया-पॅसिफिक संजाल
3.	वायुविलय प्रकाशिय विलक्षणता तथा वायुविलय विकिरणीय प्रबलों का संशोधन सतह पर तथा वायुमण्डल के ऊपर	डा.जी.पाण्डिदुराई	2001-2004	3.62	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार / राष्ट्रीय विज्ञान संस्थापक, यूएसए
4.	जल स्त्रोतों पर जलवायु परिवर्तन पर संघात	डा.जी.बी.पन्त	2001-2004	29.50	पर्यावरण तथा वन मंत्रालय, भारत सरकार पर्यावरण विभाग, अन्न और ग्रामीण घटना विभाग, यूके सरकार
5.	भारतीय जलवायु परिवर्तन परिदृश्य मूल्यांकन	डा.के.रूपकुमार	2001-2004	48.50	पर्यावरण और वन संघ मंत्रालय, भारत सरकार पर्यावरण विभाग, अन्न और ग्रामीण घटना विभाग, यूके सरकार
6.	भारतीय ग्रीष्म मानसून के मानवोद्भवी जलवायु परिवर्तन पर संवेदनता	डा.के.रूपकुमार	2001-2004	6.20	इण्डो-फ्रेंच केन्द्र
7.	अन रेखीय मापन अन्योन्यक्रियाओं से ऊर्जस्वी के मानसून में तरंग संख्या/प्रायिकता क्षेत्र में	श्री डी.आर. चक्रवर्ती	2001-2004	7.85	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
8.	सौर्य प्रवाह के सतह पर पहुँचने-वाले वायुविलय विकिरणीय प्रणोदन का प्रेक्षणमूलक पर अध्ययन (25 वीं वैज्ञानिकों के लिये द्रुतगतियोजना)	डा.आर.एस.महेशकुमार	2001-2004	9.36	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
9.	विभिन्न वातावरणों पर वायुमण्डलीय वायुविलय, लेश वायु तथा अवक्षेपण रसायन पर अध्ययन	डा.पी.एस.पी. राव	2001-2004	16.57	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार

क्रम सं.	शीर्षक	मुख्य अन्वेषक	अवधि	अनुदान (रू.लाख)	निधि उपलब्धि
10.	पश्चिमीय हिमालय के सतह जलवायु	डा.के.रूपकुमार	2001-2004	9.90	हिम तथा हिमपतन अध्ययन संस्थापन, एवं रक्षा अनुसंधान प्रगति संगठन, भारत सरकार
11.	हिन्द महासागर क्षेत्र पर ऊपरी महासमुद्रीय मिश्रित परत का सांख्यिकीय प्रतिमानीकरण उपग्रह आंकड़ों का उपयोग करके	डा.सी.ज्ञानसीलन	2001-2004	7.764	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग,भारत सरकार
12.	19 वीं तथा 20 वीं सदियों के विशेष भारत के आर्द्रता काल और वर्षणकाल के क्षेत्रीय लक्षणों के मानचित्र	डा.एन.सिंह	2001-2005	20.71	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
13.	सैद्धान्तिक अध्ययन द्वारा रासायनिक पूर्वानुमान सहायक प्रदूषक और ओजोन के प्रयोगात्मक पर	डा.डी.बी. जाधव	2001-2005	29.65	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
14.	भारत के लिये जलवायु परिवर्तन का विकास तथा कृषिक और मानवीय स्वास्थ्य पर उसका अध्ययन	डा.रूपकुमार	2002-2004	18.00	राष्ट्रीय सूचना (NATCOM), पर्यावरण तथा वन मंत्रालय, भारत सरकार
15.	अम्लनिक्षेपण के संयोग	डा.पी.एस.पी.राव	2002-2004	0.90	मौसम विभाग, स्टॉकहोम विश्वविद्यालय, स्वीडन
16.	हिमकाल मापन द्वारा पश्चिमी हिमालय के अति उच्च हिमाली जगहों पर का अध्ययन	डा.एच.पी. बोरगाँवकर	2002-2005	4.92	हिम तथा हिमपतन अध्ययन संस्थापन, एवं रक्षा अनुसंधान प्रगति संगठन, भारत सरकार
17.	पुणे में मानसून-पूर्व तक मानसून पश्च गर्जन तूफानों पर बिजली प्रवाहमान अध्ययन	डा.(श्रीमती) एस.एस.कांदलगाँवकर	2002-2005	6.36	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
18.	लिडार वायुविलय उपकरण द्वारा निम्न वायुमण्डल पर स्थानीय जलवायु और पर्यावरण पर उनके आघात (युवा वैज्ञानिकों के लिये द्रुतगति योजना)	डा.जी.पाण्डिदुराई	2002-2005	7.44	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
19.	भाउमौविसं में पवन पार्श्विका की स्थापना तथा उसका उपयोग/ रेडियोध्वनिक निरीक्षण उपकरण पद्धति	डा.जी.बी.पन्त	2002-2005	22.43	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार

क्रम सं.	शीर्षक	मुख्य अन्वेषक	अवधि	अनुदान (रू.लाख)	निधि उपलब्धि
20.	हिन्द महासागर क्षेत्र में वायु-समुद्री अन्योन्यक्रियाएँ (डीओडी/इण्डोमॉड की 10 वीं योजना कार्यक्रम)	डा.आर.कृष्णन	2002-2007	106.80	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
21.	उत्तरी हिन्द महासागर के संख्यात्मक नमूनों के सिग्मा आधार समुद्री समावेशन एकीकृत करना (डीओडी/ इण्डोमॉड की 10वीं योजना कार्यक्रम)	डा.सी.ज्ञानसीलन	2002-2007	41.75	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
22.	वायुविलय, ओजोन, जलवाष्प का स्तंभ सदृश्य प्रभाव और गर्मकुण्ड का विकास दक्षिण अरबी समुद्र पर	डा.पी.ई.राज	2003-2004	10.08	विज्ञान और प्रौद्योगीकी विभाग, भारत सरकार
23.	अम्ल वर्षा तथा वायुमण्डलीय प्रदूषण नमूना	डा.जी.बेग	2003-2004	11.46	पर्यावरण तथा वन मंत्रालय, भारत सरकार
24.	गर्जन के मानक परियोजना का आकलन (एसपीएस) संभाव्य अधिकतम अवक्षेपण (पीएमपी) तथा काल बंटन भागिरथी जलग्रहण पर से लोहारी नागपाला तथा धौली गंगा जलग्रहण से तपोवन तक	श्री बी.एन.मण्डल	2003-2004	6.00	राष्ट्रीय उष्मीय शक्ति पालिका, (NTPC), नोयडा
25.	राष्ट्र की राजधानी क्षेत्र दिल्ली के आसपास विभिन्न पर्यावरण में धुलीकरण वर्षा में प्रदूषक व मॉनीटरींग नियंत्रकता	डा.एस.के.तिवारी	2003-2005	11.16	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
26.	आरमेक्स उष्मगतिकीय पहलूओं के वायुमण्डलीय परिसीमा स्तर बंगाल की खाड़ी पर	डा.(श्रीमती) एस.बी.मोरवाल	2003-2005	2.88	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
27.	जलवायु अनुसंधान के लिये उपग्रह आंकड़ों का अनुप्रयोग	डा.जी.बी.पन्त	2003-2005	15.50	भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन, (ISRO),भारत सरकार
28.	प्रकाशिय सुदूर संवेदन अध्ययनों के लिये वायुमण्डलीय परिसीमा स्तर विलक्षणता का उपयोग लेजर रडार	डा.पी.सी.एस.देवरा	2003-2005	1.31	विप्रौवि (इंडो-बल्गेरियन अन्तर सरकारी कार्यक्रम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सहयोग)
29.	वायुमण्डलीय विकिरणीय बजट अध्ययन वायुविलय तथा ब्लेक कार्बन की भूमिका	डा.पी.डी.सफई	2003-2006	33.94	भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन, (ISRO),भारत सरकार

क्रम सं.	शीर्षक	मुख्य अन्वेषक	अवधि	अनुदान (रू.लाख)	निधि उपलब्धि
30.	उष्णकटिबंधीय वायुविलय विकिरणीय प्रबल का प्रतिमानीकरण उपग्रह, लिडार तथा रेडियोमापी वायुविलय डाटाबेस तथा सतह विकिरणीय मापनों का उपयोग करके	डा.जी.पाण्डिदुराई	2003-2006	9.62	भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन, (ISRO), भारत सरकार
31.	बहु-स्थानक विलक्षणता में उष्ण-कटिबंधीय वायुविलय सीधे विकिरणीय प्रबलों का उपयोग मापन द्वारा	डा.पी.सी.एस.देवरा	2003-2006	42.40	भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन, (ISRO), भारत सरकार
32.	आम्ल वर्षण एवं वायुमण्डलीय प्रदुषण	डा जी. बेग	जुलाई 2004 - मार्च 2005	5.27	पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार
33.	जलवायु परिवर्तन का विज्ञान	डा. के.रूपकुमार	2004-2005	5.50	ब्रिटीश उच्च आयोग, नई दिल्ली
34.	कृष्णा एवं इण्डस नदीयों की द्रौणीयों के सामान्य पीएमपी मानचित्र उपक्रम	डा.जी.बी. पन्त	2004-2005	42.00	जल आयोग केन्द्र, नई दिल्ली
35.	क्षेत्रीय जलवायु मॉडल्स का उपयोग करके उपग्रह से सतह प्राचालों द्वारा मानसून परिर्वतीता पर अध्ययन: अनुसमर्थन एवं अनुप्रयोग	डा.जी.बी. पन्त	2004-2007	16.00	अन्तरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र, अहमदाबाद
36.	अंटार्क्टिक क्षेत्र पर वायुविलय एवं पुरोगामी वायुओं पर सीधे विकिरणीय प्रबलों के कारण प्रभाव	डा.पी.सी.एस.देवरा	2004-2005	42.25	महासागर विकास विभाग, भारत सरकार
37.	भिन्न पर्यावरणों में वायुमण्डलीय प्रदुषक एवं रसायन मौसम	डा. जी. बेग	2005-2008	31.98	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
38.	उपग्रह डाटा एवं मॉडल अनुकरण द्वारा दीर्घ सौर परिवर्तन मध्य वायुमण्डल रसायन जलवायु पर संघात	डा.जी. बेग	मार्च 2005-मार्च 2008	6.73	सूर्य पृथ्वी प्रणाली की जलवायु एवं मौसम (CAWSES), भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन

अन्य विशेष घटनाएँ एवं क्रियाकलाप

राज्य के विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं महासागर विकास के मंत्री की भेंट

भारत सरकार, नई दिल्ली, राज्य के विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं महासागर विकास के माननीय मंत्रीजी श्री कपिल सिब्बल ने संस्थान को 7 दिसम्बर, 2005 को भेंट दी।

संसदीय समिती की भेंट

संसदीय राजभाषा समिती की दुसरी उप-समिती जो पाँच सदस्यों की थी उन्होनें संस्थान में 8 जनवरी, 2005 को भेंट दी। इनमें डा. लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, डा. प्रसन्ना कुमार पटसानी, श्री विद्या निवास मिश्रा, श्री उदय प्रताप सिंह, श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा के साथ हिन्दी का निरक्षण करने के लिए चार राजकीय अधिकारी भी पधारे थे। सरकारी संस्थान में चल रहे राजभाषा की प्रशंसा की तथा साथ ही साथ समिती ने भारत सरकार द्वारा चलाए गए लक्ष्य में अधिक वृद्धि करने को कहा। इसके लिए अधिक कर्मचारी की मांग भारत सरकार द्वारा दिए गए मानक द्वारा प्राप्त कर सकते है ऐसा प्रस्ताव दिया गया।

सम्मान

डा. जी. बी. पन्त को शासकीय तकनीकी महाविद्यालय इन्स्टिट्यूट ऑफ इन्जिनीयरिंग एण्ड टेक्नोलोजी पुणे की पहली बोर्ड ऑफ गर्वन्स की नामित सदस्यता प्रदान की ।

डा. ए. के. कामरा को वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआयआर) के महा निदेशक ने सीएसआयआर के भौतिकी विज्ञानों की अनुसंधान समिती की सदस्यता पर नामित किये गये। कॉउन्सील ऑफ इन्डियन सायन्स अकॅडमी की खण्ड समिती-V की सदस्यता पर नियुक्ति की गई। 2004 से राष्ट्रीय एमएसटी रडार फैसिलिटी की कोहरन्ट रडार ईमेजिन्ग (सीआरआय)/स्पेशिअल डोमेन इन्टरफेरोमीटरी (एसडीआय) परियोजना की वैज्ञानिक दल के लिए सदस्य नियुक्त किए गए एवं 2005 के लिए इन्डियन नेशनल सायन्स अकॅडमी की तकनीकी एवं अनुप्रयुक्त विज्ञानों (एम-2) की बहूउद्धेशीय समिती के सदस्य बने।

डा. पी. सी. एस. देवरा 'इन्डियन ऐरोसोल सायन्स एण्ड टेक्नोलोजी एसोसिएशन (ईएस्टा) के उप-अध्यक्ष चुने गए। 7वी इन्टरनेशनल ऐरोसोल कॉन्फरन्स (आयएसी-2006) के तकनीकी कार्यक्रम समिती के सदस्य नियुक्त किए गए। जनवरी, 2005 - दिसम्बर, 2007 के लिए इन्डियन जर्नल ऑफ रेडियो एण्ड स्पेस फिजिक्स की संपादक दल के सदस्य चुने गए। एशियन ऐरोसोल कॉन्फरन्स (एएसी-2005) के राष्ट्रीय प्रबंधित समिती के सदस्य चुने गए। 2004 - 2006 के लिए ईन्स्ट्रुमेन्ट सोसाईटी ऑफ इन्डिया (आयएसओआय), बैंगलोर की शासी परिषद द्वारा दुबारा सदस्य चुने गए।

डा. के. रूपकुमार को वर्ल्ड क्लाईमेट रिसर्च प्रोग्राम् (डब्ल्यूसीआरपी) के अर्न्तगत क्लाईमेट वेरिॲबिलिटी एण्ड प्रीडीक्टेबिलिटी (क्लॉइवर) परियोजना की सायन्टीफीक स्टेयरिन्ग ग्रुप द्वारा आयोजित एशियन-ऑस्ट्रेलियन मानसून पैनल (एएआयएमपी) (2005-2008) सह-अध्यक्ष कार्य के लिए निमंत्रण दिया गया। ईन्टरगवर्नमेंट्ल पैनल ऑन क्लाईमेट चेन्ज (आयपीसीसी) की कार्यकारी समूह - I के सह-अध्यक्ष द्वारा आयपीसीसी कार्यकारी समूह - I की 4 थी मूल्यांकन रिपोर्ट (डब्ल्यूजी 1-एआर 4) के 11 अध्याय के कार्य संपादन के लिए मुख्य लेखक के रूप में निमंत्रण दिया गया। डब्ल्यूजी 1-एआर 4 के कार्य को 2007 के पहले पूर्ण करना अपेक्षित है।

डा जी. बेग को सायन्टीफिक कमिटी ऑफ दॅ वर्किन्ग ग्रुप 4.4 की आयोनोस्फियर एण्ड अप्पर-ॲटमोसफियर वेरिॲबिलिटी के लिए सदस्य नियुक्त किए गए। टॉलऑस, फ्रान्स में आयोजित शॉर्ट टर्म वेरिॲबिलिटी एण्ड लॉन्ग टर्म चेन्जेस इन द् लोअर एण्ड मिडिल ॲटमोसफियर संगोष्ठी के लिए संयोजक तौर पर नियुक्त किए गए।

डा. जी. बी. पन्त, डा. ए. के. कामरा, डा. पी. सी. एस. देवरा, डा.के. रूपकुमार, डा. (श्रीमती) पी. एस. सालवेकर, श्री जे. आर. कुलकर्णी, डा. पी. एन. महाजन, डा. जी. बेग, डा. (श्रीमती) ए. ए. कुलकर्णी एवं श्रीमती ए. ए. देव को पुणे विश्वविद्यालय, पुणे के भौतिकी विभाग द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2004 - 2005 के लिए अनुबंध प्रोफेसर उपाधि से सम्मानित किए गए।

पुरस्कार

अन्तरराष्ट्रीय सम्मान

दिसम्बर 2003 के 'रिव्युस ऑफ जियोफिजिक्स' में प्रकाशित लेख 'रिव्यु ऑफ मेसोसिफॅयरिक् टॅम्प्रेचर ट्रेन्ड' के लिए डा. जी बेग एवं श्रीमती एस. एस. फड़णवीस सहित सत्रह लेखकों को वर्ष 2005 के नॉर्बट-ग्रबियर मॅम इन्टरनेशनल ॲवार्ड के लिए चुने गए। यह सम्मान विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा प्रदान किया जाता है।

फोर्टलिझा, सिरा, ब्राझील में 30 अगस्त - 3 सितम्बर 2004 के दौरान 13वी ब्राझिलियन काँग्रस ऑफ मिट्रिओलॉजी में ग्रिम ए. एम., सहाय ए. के एवं रोपलव्हिस्की सी. सफ. के पेपर 'लाँग टर्म व्हेरिएशनस इन द् परफॉर्मन्स ऑफ क्लायमेट मॉडल्स' के लिए बेस्ट पेपर से समानित किया गया ।

राष्ट्रीय सम्मान

कुमारी रोहणी भवर, भा उ दे मौ वि सं की रिसर्च फैलो को उनके 'ग्राउण्ड बेस रेडियोमेट्रीक मेजरमेन्टस ऑफ ऐरोसोल्स एण्ड प्रीकर्सर गैसॅस ओवर पुणे एण्ड देयॅर कम्पेरिजॅन वीथ टॉम्स (TOMS) एण्ड मॉडीस (MODIS) सेटॅलाईटस डाटा' को ईएस्टा की बैठक जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपूर द्वारा आयोजित 15 - 17 नवम्बर, 2004 की 'इन्टरनेशनल कॉन्फरन्स ऑन' ऐरोसोल्स, क्लॉयडस ओवर इन्डियन मानसून' में उनको (प्रज्ञापक प्रस्तुतीकरण के लिए 'बेस्ट पेपर ॲवार्ड') दिया गया।

श्री बी. सी. मोरवाल को उनके लेख 'सूचना संचार और सूची की प्रगति' को द्वितीय पुरस्कार, 6 - 8 अक्टूबर, 2004 में नैनिताल में आयोजित राजभाषा प्रबंधन नीति कार्यान्वयन, कार्यशाला संचालन सूचना प्रौद्योगिकी एवं कम्प्यूटरी करण संबंधी संगाष्ठी एवं हिन्दी कार्यशाला पर दिया गया।

उत्कृष्ट महत्वपूर्ण कार्य पुरस्कार

श्रीमती शांती पी अय्यर, श्री वाय. बेलगुड़े, तथा श्री एस. एम. जाधव को वर्ष 2003 के प्रशासनिक श्रेणी, तकनीकी एवं गैर-तकनीकी अनुरक्षाण श्रेणी के लिए संस्थान में उत्कृष्ट महत्वपूर्ण कार्य के लिए दिया गया। ये पुरस्कार संस्थान के संस्थापन दिवस 17 नवम्बर, 2004 को दिए गए।

अन्तरराष्ट्रीय अभियानों में सहभाग

अंटार्कटिक पर भारतीय अनुसंधान अभियान

अंटार्कटिक पर 6 दिसम्बर 2004 से 27 मार्च 2005 तक के लिए 24वी भारतीय अनुसंधान अभियान में डा. देवेन्द्र सिंह, श्री एस. एम. सोनबावणे, श्री वी. पन्त ने सहभाग लिया। अंटार्कटिक पर भारतीय स्थानक मैत्री एवं जहाज की यात्रा दौरान वायुविलयों, वायुमण्डलीय तड़ीत्, और कुछ प्राचालों एवं लेश वायुओं का मापन भी किया। 21 जनवरी - 5 फरवरी, 2005 दौरान जब 31 दिनों तक निरभ्र आकाश था तब वायुविलय प्रकाशित गहन, परिमाण वितरण, ओजोन, अवक्षेप जल सारांश एवं अध:पतन-निवास लघु तरंग विकिरणीय गालक का व्यापक अवलोकन किया । भारतीय अंटार्कटिक स्थानक (मैत्री) पर ओजोन के साथ सतह-तल एवं वायुमण्डलीय प्राचालिक स्थिती की पार्श्विका उंचाई का अभिलेख किया। समुद्री तथा हिम-युक्त पर्यावरणों का मापन भी वापसी अभियान दौरान किया।

क्षेत्रीय समन्वयन केन्द्र

यू. के. के हॅडली सेन्टर फॉर क्लॉइमेट प्रीडीक्शन एण्ड रिसर्च के भाग पर आधारीत संस्थान को दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय जलवायु मॉडलिन्ग प्रणाली के लिए जलवायु परिवर्तन अध्ययनों के हेतु क्षेत्रीय समन्वयन केन्द्र के रूप में स्थापित किया गया। हॅडली सेन्टर के डा. डेवीड ग्रीरग्ज, निदेशक एवं पदधारी ब्रिटीश परिषद के सदस्यों के साथ संस्थान को भेंट दी।

27वी जेएससी (JSC)/डब्ल्यूसीआरपी (WCRP) की बैठक आयआयटीएम (IITM) में : मार्च 2006

विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम (WCRP) के अर्न्तगत संयुक्त वैज्ञानिक समिती (JSC) के डा. जी. बी. पन्त सदस्य हैं। इन्होंने डब्ल्यूसीआरपी की 26वी सत्र की जेएससी की गुयाक्ली, ईक्वेडर, 14 - 18 मार्च, 2005 की बैठक में सहभाग लिया। अगली जेएससी (JSC) की आयजीबीपी (IGBP) वैज्ञानिक संचालन समिती के साथ अगली बैठक भारत में भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे में रखी जाएगी।

आयआयटीएम (IITM) की वायुमण्डलीय परिसीमा परत क्षेत्र प्रयोगशाला

अंटार्कटिक एवं महासागर अनुसंधान केन्द्र (NCAOR), गोवा में आयआयटीएम (IITM) की वायुमण्डलीय परिसीमा परत क्षेत्र प्रयोगशाला का नूतनीकरण करके एनसीएओआर (NCAOR) के निदेशक डा. पी. सी. पाण्डे, के हाथों 10 सितम्बर, 2004 को उद्घाटन किया।

कार्यशाला / बैठक / संगोष्ठि इत्यादि का प्रबन्ध

अन्तरराष्ट्रीय

